# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर 2025




# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर 2025


छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के मंत्री व अधिकारी होंगे शामिल

## केंद्रीय मंत्री खट्टर आज लेंगे शहरी विकास मंत्रियों की 'क्षेत्रीय' बैठक



- ***मुख्यमंत्री डॉ. यादव व नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय भी रहेंगे मौजूद***
- ***स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2025 26 के लिए कार्य-दिशा पुस्तिका का विमोचन होगा***

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर की मौजूदगी में शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक शनिवार 20 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, भोपाल में आयोजित हो रही है। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री एवं राज्यमंत्री, भारत सरकार ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 5 सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों पर होगी चर्चा

*बैठक के दौरान 5 सत्रों में शहरी विकास से जुड़े प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रमुख शहरी विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच सहयोग और समन्वय को सुदृढ़ करना है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि यह बैठक राज्यों को योजना-वार प्रगति प्रस्तुत करने,* ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम डॉ. यादव ने मुंबई में आयोजित वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस-2025 को किया संबोधित

# निवेशकों की जैसी जरूरत, वैसी मदद करेगी सरकार

## लॉन्च की गई 18 नई औद्योगिक पॉलिसी प्रदेश के विकास में बन रही हैं गेम चेंजर

## भारत अब मेक इन इंडिया से लेकर तैयार है मेक फॉर वर्ल्ड के लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सशक्त अर्थ नीति और वैचारिक दूरदर्शिता ही उसके विकास की संतुलित गति, स्थायित्व और भविष्य की दिशा तय करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीता दशक देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम काल रहा है। इस दौरान देश ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि हम निवेशकों को हर जरूरी प्रोत्साहन, न्यूनतम दर पर भूमि, मदद और मार्गदर्शन भी मुहैया करा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में निवेशकों को बेहतर पॉलिसी, अवसर, इन्सेंटिव, इको सिस्टम, मार्केट लिंकेज और ग्रोथ रेट के साथ-साथ सरकार का फुल सपोर्ट मिलेगा। हमारे यहां उद्योगों के लिए पर्याप्त लैंड और ▸▸ शेष पेज 4 पर







कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते सीएम

### स्व. अटल जी की जयंती पर शाह करेंगे कई लोकार्पण

डॉ. यादव ने कहा कि हम सब मिल जुलकर मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे। ग्वालियर में 25 दिसंबर को भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश में 2.5 लाख करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। उन्होंने सभी को 'अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट' में शामिल होने के लिए ग्वालियर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आयोजन 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के सफल समापन का साक्षी बनेगा।

### फोरम से देश की भावी विकास यात्रा को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही

देश-विदेश से बड़ी संख्या में आए बिजनेस टायकून्स, उद्योगपतियों, नीति-निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों, ग्लोबल इकोनॉमी के विचारकों और वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम के सभी सदस्यों ने कॉन्फ्रेंस में शिरकत की। वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस–2025 भारत की आर्थिक सोच, सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक दृष्टि को एक साझा मंच प्रदान कर रहा है, इससे देश की भावी विकास यात्रा को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है।

---

## खबर संक्षेप

### अब तक एक करोड़ से अधिक पंजीकरण



**नई दिल्ली।** परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए पंजीकरण एक करोड़ के पार पहुंच गया है। अब तक 1.09 करोड़ से अधिक छात्र, शिक्षक और अभिभावक आवेदन कर चुके हैं। आवेदन प्रक्रिया 11 जनवरी 2026 तक जारी है। इनमें 1,01,62,482 छात्र, करीब 7 लाख शिक्षक और 1,02,488 अभिभावक शामिल हैं। परीक्षा पे चर्चा का यह नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित होने की संभावना है।

### इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ी पर डीजीसीए सख्त



**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी। इस महीने उड़ानों में हुई गड़बड़ियों के बाद, डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन समय-सारणी में 10 प्रतिशत की कटौती की है।

### अमेरिका में विमान हादसा कई लोगों की गई जान



**नई दिल्ली।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में एक छोटा विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट पर हुई, जहां विमान आग की लपटों में घिर गया। हादसे में कई लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। यह विमान कॉर्पोरेट जेट था। विमान स्थानीय समय के मुताबिक सुबह करीब 10:15 बजे नॉर्थ कैरोलिना के स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट पर उतरते समय रनवे के पूर्वी छोर पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### मांझी ने चुनाव में हेराफेरी का किया दावा, दी सफाई



**पटना।** आरजेडी ने जीतनराम मांझी का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे चुनाव में हेराफेरी का दावा कर रहे हैं। कथित वीडियो में मांझी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि 2020 में गया की टिकरी सीट पर वे 2700 वोटों से पीछे चल रहे थे, लेकिन तत्कालीन डीएम अभिषेक सिंह की मदद से उन्होंने जीत हासिल की। इस बार वे 1,600 वोटों से सीट हार गए। हालांकि, बाद में मांझी ने कहा कि उन्हें बदनाम करने की साजिश हो रही है।

---

बांग्लादेश में फिर हिंसा भड़की : ढाका और चटगांव में भारत विरोधी नारे लगाए गए

# हिंदू युवक को पीट-पीटकर मारा, हत्या के बाद पेड़ से बांधकर जला डाला शव




### कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बिगड़े हालात

एजेंसी ▸▸ ढाका/नई दिल्ली

बांग्लादेश में जारी हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों के बीच एक बार फिर कट्टरपंथ का खौफनाक चेहरा सामने आया है। मैमनसिंह जिले में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है, जो एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था और भालुका उपजिला के दुबालिया पारा इलाके में किराए पर रहता था।

दिल दहला देने वाली इस घटना में उग्र भीड़ ने हत्या के बाद दीपू चंद्र के शव को एक पेड़ से बांध दिया और उसमें आग लगा दी। यह घटना ▸▸ शेष पेज 4 पर

## बांग्लादेश में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी, घर से कम ही बाहर निकलें, यात्रा करने से बचें

- भारतीय राजनयिक परिसरों पर पथराव की घटनाएं हुईं
- मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई



एक मीडिया संस्थान को आग के हवाले करते उपद्रवी

## यूनुस प्रशासन ने कहा-ऐसी हिंसा की कोई जगह नहीं

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंदू व्यक्ति की कथित लिंचिंग की कड़ी निंदा की है। कहा है कि बांग्लादेश में ऐसी हिंसा की कोई जगह नहीं है। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर यूनुस ने गुरुवार देर रात राष्ट्र के नाम दिए गए भाषण में हादी की मौत की घोषणा की और हत्यारों को पकड़ने के लिए तुरंत कार्रवाई का वादा किया। ▸▸ पढ़ें पेज 06 भी

भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट

### त्रिपुरा और मिजोरम पहुंचे पूर्वी कमान प्रमुख

पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में जारी राजनीतिक अस्थिरता और बिगड़ते आंतरिक हालात के बीच भारतीय सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी त्रिपुरा और मिजोरम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सीमा की अग्रिम मोर्चों का दौरा किया और हालात का जायजा लिया। हालांकि सेना के सूत्र इसे रूटीन दौरा कह ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भारतीय सहायक उच्चायोग पर भी हमला

चटगांव में प्रदर्शनकारियों ने भारतीय सहायक उच्चायोग पर हमला किया और अवामी लीग के पूर्व शिक्षा मंत्री के घर में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायोग के बाहर पत्थर फेंके और धरना प्रदर्शन ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भारत ने बंद किया वीजा आवेदन केंद्र

ढाका में जारी तनाव के बीच भारत ने बीते बुधवार को वहां अपने वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) को अस्थायी तौर पर बंद दिया था। इसके अलावा भारत ने नई दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब कर बांग्लादेश में चरमपंथियों द्वारा भारतीय मिशन के आसपास खतरा उत्पन्न करने की साजिश के ऐलान को लेकर भी गंभीर चिंता जताई है।

---

केंद्रीय मंत्री खट्टर व सीएम करेंगे लोकार्पण

## आज शाम 5 बजे भोपाल मेट्रो को दिखाई जाएगी हरी झंडी

मिंटो हॉल में होगा कार्यक्रम, एम्स मेट्रो स्टेशन पर संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल की मेट्रो ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी को 8 साल बाद शनिवार को मेट्रो की सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को शाम 5 बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद वह मेट्रो में बैठकर एम्स मेट्रो स्टेशन तक जाएंगे। जहां स्वागत कार्यक्रम में को संबोधित करेंगे। सरकार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक इसके पहले शाम 4 बजे कुशाभाऊ अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में भोपाल मेट्रो का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में देश के कई बड़े दिग्गज नेता शामिल हो रहे हैं। 21 दिसंबर से शहर के लोग ▸▸ शेष पेज 4 पर

आईएएस संतोष वर्मा फर्जी प्रमोशन कांड

## आदेश तैयार करने वाली कोर्ट की टाइपिस्ट नीतू सिंह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

- 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया

आईएएस अफसर संतोष वर्मा के फर्जी प्रमोशन घोटाले ने अब न्यायपालिका की दीवारों के भीतर छिपे खेल को बेनकाब करना शुरू कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में गुरुवार को पुलिस ने अदालत के ही एक कर्मचारी कोर्ट टाइपिस्ट नीतू सिंह चौहान को गिरफ्तार किया है। उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया था, वहीं अचानक फर्जीवाड़े की कड़ी साबित हुई और सीधे हथकड़ी पहनाकर अदालत में पेश कर दिया गया। कोर्ट ने नीतू सिंह चौहान को 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है ताकि फर्जी आदेशों की फैक्ट्री का पूरा सच उगलवाया जा सके।

पुलिस का दावा है कि नीतू पर तत्कालीन स्पेशल जज विजय रावत की अदालत के नाम से फर्जी आदेश तैयार करने का गंभीर आरोप है। यानी न्याय की मुहर लगने से पहले ही आदेश टाइपिंग टेबल पर गढ़ दिए गए। इस ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अब आईएएस मीनाक्षी का विवादित वीडियो वायरल



**भोपाल।** अब आईएएस मीनाक्षी सिंह का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह जातिगत पहचान और जातिवाद को समय की जरूरत बता रही हैं। वीडियो में उन्होंने कहा है कि आज के दौर में जाति को पहचानना और उसी आधार पर एक-दूसरे का सहयोग करना जरूरी हो गया है। सवर्ण समाज के लोग सरनेम (उपनाम) देखकर पक्षपात करते हैं और यही मानसिकता हमें भी अपनानी होगी। अपने समाज के लोगों को पहचान कर उनकी मदद करनी चाहिए। यह वीडियो भी 23 नवंबर को भोपाल के आंबेडकर पार्क में आयोजित अजाक्स सम्मेलन का ही है जो अब वायरल हुआ है।

---

एक हफ्ते ऐसा ही रहेगा मौसम

## रीवा और ग्वालियर में घना कोहरा शिवपुरी व इंदौर में कड़ाके की ठंड



शुक्रवार सुबह इस तरह कोहरे में डूबा रहा भोपाल शहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**शिवपुरी में पारा 4 डिग्री तक गिर गया**

प्रदेश में ठंड का असर बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो गई। कोहरे और सर्द हवाओं के चलते लोगों को सुबह-शाम तेज ठंड का अहसास हो रहा है।

ग्वालियर में रात से ही कोहरा बना रहा, जो सुबह 9 बजे तक छंट नहीं सका। रीवा में हालात सबसे ज्यादा खराब रहे, जहां 50 मीटर के बाद नजर नहीं आया। भोपाल, उज्जैन, राजगढ़, दमोह और उमरिया में 2 से 4 किलोमीटर तक दृश्यता रही। दतिया और सागर में दृश्यता 200 से 500 मीटर, जबकि ग्वालियर, सतना, जबलपुर और नौगांव में 500 से 1000 मीटर के बीच रही। इंदौर, मंडला और खजुराहो में 1 से 2 किलोमीटर और भोपाल, उज्जैन, राजगढ़, दमोह और उमरिया में 2 से 4 किलोमीटर तक दृश्यता दर्ज की गई। राजधानी में सुबह से ही कोहरे का असर बना रहा।

कई इलाकों में दृश्यता कम रही, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हुई। गुरुवार-शुक्रवार की रात न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज ▸▸ शेष पेज 4 पर

नागपुर के एक प्लांट में बड़ा हादसा

### पानी की टंकी फटने से 3 मजदूरों की मौत, 8 घायल



**नागपुर।** यहां शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। बुटीबोरी एमआईडीसी फेज 2 स्थित अवाडा सोलर प्लांट में एक बड़े पानी का टैंक अचानक फट गया। इसकी जद में वहां पर मौजूद कई मजदूर आ गए। इनमें से तीन की मौके पर मौत हो गई और 8 से अधिक घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही मौके पर स्थानीय पुलिस, दमकलकर्मी और आपातकालीन सेवाएं पहुंची ▸▸ शेष पेज 4 पर

प्रेम विवाह करने वाली बेटी की निकाली अर्थी

### आटे से पुतला बनाकर परिवार ने कर दिया अंतिम संस्कार



परिवार बोला उसके फैसले से परिवार टूटा

**विदिशा।** चूना वाली गली में एक परिवार का दर्द उस समय सार्वजनिक हो गया, जब प्रेमी के साथ घर छोड़कर गई बेटी को परिजनों ने सामाजिक रूप से मृत मानते हुए उसकी प्रतीकात्मक अंतिम यात्रा निकाल दी। कुशवाह परिवार की 23 वर्षीय बेटी सविता 13 दिसंबर को अचानक लापता हो गई ▸▸ शेष पेज 4 पर

---

अवैध सट्टेबाजी केस में ईडी का बड़ा एक्शन, यह करीब हजार करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

# *क्रिकेटर युवराज, उथप्पा, अभिनेता सोनू सूद नेहा शर्मा सहित कई हस्तियों की प्रॉपर्टी जब्त*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सट्टेबाजी मंच '1एक्स बेट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बड़ा एक्शन लिया है। उसने कई क्रिकेटर्स और एक्टर्स की संपत्तियों को जब्त कर लिया है। एजेंसी ने क्रिकेटर युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, अभिनेता सोनू सूद, नेहा शर्मा और अन्य की संपत्तियां अटैच की हैं। इस मामले में एजेंसी कई क्रिकेटर्स और बॉलीवुड एक्ट्रेसेस से पूछताछ कर चुकी हैं, जिसके बाद संपत्तियों की जब्ती की कार्रवाई शुरू की गई। जांच एजेंसी ने इससे पहले इसी मामले में पूर्व क्रिकेटरों शिखर धवन और सुरेश रैना से इसी तरह पूछताछ के बाद उनकी 11.14 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी।



एक्टर सोनू सूद, उर्वशी रौतेला और युवराज सिंह

**सरकार ऑनलाइन गेमिंग पर लगा चुकी है प्रतिबंध**

*केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में भारत में ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून लाया गया है। इस मामले में दो क्रिकेटरों की संपत्ति कुर्क किए जाने के अलावा ईडी ने इस जांच के तहत खेलजगत की हस्तियां युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा, अभिनेता सोनू सूद, उर्वशी रौतेला ('1एक्सबेट की भारतीय ब्रांड एंबेसडर), मिमी चक्रवर्ती (टीएमसी) और अंकुश हाजरा (बंगाली अभिनेता) से भी पूछताछ की थी। ईडी के अनुमान के मुताबिक यह करीब एक हजार करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है।*

### इन हस्तियों की संपत्ति की जब्त

- *युवराज सिंह: 2.5 करोड़*
- *रॉबिन उथप्पा: 8.26 लाख*
- *उर्वशी रौतेला: 2.02 करोड़ (मां के नाम रजिस्टर है एक्ट्रेस की ये प्रॉपर्टी)*
- *सोनू सूद: 1 करोड़*
- *मिमी चक्रवर्ती: 59 लाख*
- *अंकुश हजारे: 47.20 लाख*
- *नेहा शर्मा: 1.26 करोड़*
- *शिखर धवन: 4.55 करोड़*
- *सुरेश रैना: 6.64 करोड़*

भोपाल

शनिवार, 20 दिसंबर 2025

पौष मास शुक्ल पक्ष–01

वर्ष : 12, अंक : 260

पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 25

न्यून. 11

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## संसद का शीतकालीन सत्र संपन्न



स्पीकर ओम बिरला, पीएम नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह और प्रियंका गांधी वाड्रा

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## उर्स ड्यूटी पर धार आए टीआई का होटल में मिला शव, मचा हड़कंप



**धार।** खरगोन जिले में लाइन में पदस्थ थाना प्रभारी करण सिंह रावत का शव धार स्थित शिवानी होटल के एक कमरे में मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। टीआई करण सिंह रावत उर्स मेले की ड्यूटी के सिलसिले में धार आए हुए थे और शिवानी



होटल में ठहरे थे। शुक्रवार सुबह जब काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया, जहां टीआई का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। परिजनों को सूचना दे दी गई है। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सीएम ने मप्र आईएएस एसोसिएशन सर्विस मीट-2025 के शुभारंभ पर कहा

# अच्छे विचार और नए आइडिया लेकर आएं व उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करें



अपने आप को दांव पर लगाकर कार्य करने की क्षमता अगर किसी में है, तो वह आईएएस अफसरों में

**प्रदेश में अनुभव से भरे हमारे वरिष्ठ अधिकारी और ऊर्जा से भरे हमारे युवा साथी विकसित और आत्मनिर्भर मप्र के आधार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों की भूमिका के आधार पर ही भारत आज दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।

हमारे आईएएस अधिकारी हर चुनौती का सामना करते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने आप को दांव पर लगाकर कार्य करने की क्षमता यदि किसी में है, तो वह आईएएस अफसरों में है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**यह समय नवाचार और तकनीक को अपनाने तथा नागरिक की दृष्टि से सोचने का**

**हमें प्रदेश के विकास के लिए अपना शत-प्रतिशत देने का संकल्प लेना होगा**



आईएएस अफसरों को संबोधित करते सीएम

सीएम ने कहा कि सिस्टम में कई बार बातें इधर-उधर की होती रहती हैं, लेकिन अंततः जनता के हित में अच्छे काम और सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं

### आईएएस अधिकारियों ने लोकतंत्र को सफल बनाकर दिखाया

मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद का विचार था कि 21वीं सदी भारत की होगी। स्वामी विवेकानंद का यह स्वप्न आज साकार होता दिख रहा है। वर्तमान में विश्व का हर देश भारत से मित्रता करना चाहता है। भारत अब हर चुनौती और परिस्थिति का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के फलस्वरूप प्रशासनिक व्यवस्था निर्मित हो पाई। राजशाही के दौर के बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सर्विस मीट में नए वेंचर्स की सफलता पर विमर्श

मप्र आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष एसीएस मनु श्रीवास्तव ने कहा कि सर्विस मीट में नए वेंचर्स की सफलता पर विमर्श किया जाएगा। मप्र ऐसा राज्य है, जो सभी को अपना लेता है। प्रदेश के आईएएस अफसर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। आईएएस एसोसिएशन एक परिवार की तरह है। आयोजन समिति के अध्यक्ष पी. नरहरि ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मप्र एक प्रयोगशाला जहां कई क्षेत्रों में लगातार नवाचार हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र एक प्रयोगशाला की तरह है, जहां कई क्षेत्रों में लगातार नवाचार हुए और इनमें से कई नवाचारों का देश-दुनिया में अनुसरण किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग्यता और अनुभव के महत्व को पहचानते हैं। इसी का परिणाम है कि सेवाकाल के बाद भी कई अधिकारियों के अनुभव का लाभ शासन व्यवस्था को मिल रहा है। मप्र के प्रशासनिक अधिकारी इसी सम्मान के हकदार हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अनुभव से भरे हमारे वरिष्ठ अधिकारी और ऊर्जा से भरे हमारे युवा साथी विकसित और आत्मनिर्भर मप्र के आधार हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने यह सौभाग्य अपने कठिन परिश्रम से अर्जित किया है। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### चाय पर चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच लगे ठहाके

## सपा सांसदः सत्र लंबा होता तो अच्छा होता, पीएमः छोटा रखा ताकि आपके गले में दर्द न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव सुधार और वंदे मातरम पर गरमागरम बहस के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक और शोर-शराबे के बाद शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र के आखिरी दिन परंपरा के मुताबिक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी दलों के नेताओं को चाय पार्टी दी।

प्रियंका गांधी की बातों पर हंस पड़े पीएम मोदी और राजनाथ

इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। पिछले सत्र के विपरीत इस सत्र के बाद हुई इस पार्टी में कांग्रेस के नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी की गैर मौजूदगी में उनकी बड़ी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी पार्टी में शामिल हुईं। चाय पार्टी के दौरान वह राजनाथ सिंह के करीब बैठी थीं, जबकि उनके सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पीकर ओम बिरला बैठे थे। इसी दौरान समाजवादी पार्टी के नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि सत्र थोड़ा और लंबा होता तो अच्छा होता। इस पर प्रधानमंत्री ने हंसते हुए जवाब दिया, हमने इसीलिए छोटा सत्र रखा ताकि आपके गले में दर्द न हो। इतना सुनते ही वहां मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे और माहौल एकदम खुशनुमा हो गया। दरअसल, धर्मेंद्र यादव सदन में विपक्ष की ओर से जोर जोर से नारे लगाने के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री ने इसी वजह से उन पर ये चुटकी ली थी। चाय पार्टी करीब 20 मिनट तक चली। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

### वायनाड की एक खास चीज का जिक्र

इस दौरान प्रियंका गांधी ने वहां मौजूद सांसदों को बताया कि वह एलर्जी से बचने के लिए एक खास किस्म की जड़ी-बूटी का इस्तेमाल करती हैं, जिसे वह अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड से लेकर आई हैं। उनकी इस बात पर पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुस्कुराने लगे। प्रियंका ने बातचीत के क्रम में पीएम मोदी से उनके हालिया विदेश दौरों के बारे में भी पूछा। इस पर प्रधानमंत्री ने जवाब दिया कि यात्रा अच्छी रही।

### महिला डॉक्टर का हिजाब खींचने का मामला

## इल्तिजा मुफ्ती ने नीतीश कुमार को दी नतीजे भुगतने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए श्रीनगर के कोठीबाग पुलिस स्टेशन से संपर्क किया। यह एफआईआर बिहार में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब हटाने की घटना को लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

एफआईआर दर्ज करवाने के लिए पहुंचीं पुलिस स्टेशन






### क्रिसमस-न्यू ईयर पर मिलेगी भीड़ से राहत

## रेलवे ने किया 244 स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर आप क्रिसमस या नए साल पर घर या छुट्टियों मनाने कहीं जाने का सोच रहे हैं तो आपके लिए यह अच्छी खबर है। बता दें कि भारतीय रेलवे ने क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के दौरान पैसेंजर्स की एक्स्ट्रा भीड़ को कम करने के लिए देश भर में 244 स्पेशल ट्रेन ट्रिप नोटिफाई की हैं। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि क्रिसमस और न्यू ईयर 2025-26 के समय के लिए भारतीय रेलवे ने पैसेंजर ट्रैफिक में होने वाली बढ़ोतरी को मैनेज करने के लिए आठ जोन में स्पेशल ट्रेनों के बड़े ऑपरेशन की योजना बनाई है। अब तक कुल 244 ट्रिप नोटिफाई की जा चुकी हैं। आने वाले दिनों में और ट्रिप नोटिफाई की जाएंगी।'

मुंबई-गोवा (कोंकण) कॉरिडोर पर, मुंबई सीएसएमटी /एलटीटी और करमाली / मडगांव के बीच डेली और वीकली स्पेशल चलाई जा रही हैं। इसी तरह, मुंबई–नागपुर, पुणे–सांगानेर और महाराष्ट्र के दूसरे रूट पर स्पेशल सर्विस यात्रियों को रेगुलर ▶▶ शेष पेज 4 पर



# भारत सरकार का अभिनंदन, उन्होंने मनरेगा का नाम जी राम जी रखा: मंत्री प्रहलाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैं भारत सरकार का अभिनंदन करता हूं, उन्होंने मनरेगा का नाम जी राम जी रखा और 125 दिन रोजगार की गारंटी दी है। यह बात शुक्रवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कही। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रहलाद पटेल ने बीते दो वर्षों की विभाग की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और भविष्य की कार्ययोजनाओं का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

उन्होंने ग्रामीण विकास, श्रमिक कल्याण, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और आधारभूत ढांचे से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णयों और घोषणाओं की जानकारी दी। मंत्री के पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत बीते दो वर्षों में एक लाख सात हजार 536 प्रकरणों में लगभग दो हजार 333 करोड़ रुपए की सहायता राशि श्रमिकों और उनके परिवारों को प्रदान की गई है। पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1250 किलोमीटर से अधिक सड़कों और 323 पुलों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। नई योजनाओं के माध्यम से 20,600 से अधिक बसाहटों को सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है।

**खास बातें**

- मंत्री प्रहलाद पटेल ने पेश किया विभाग के दो वर्ष का रिपोर्ट कार्ड
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1250 किमी से अधिक सड़कों और 323 पुलों का निर्माण पूरा


प्रेसवार्ता में विभाग की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी देते मंत्री पटेल।

### श्रम सुधार और महिला श्रमिकों के लिए नए फैसले: पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री

श्रम मंत्री ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पीथमपुर, मंडीदीप और उज्जैन जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण और मजदूरों के हितों के आधार पर स्टार रेटिंग दी जाएगी। महिला श्रमिकों के लिए नाइट शिफ्ट में काम करने पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया है।

### नर्मदा परिक्रमा पथ बनेगा

पटेल ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा पथ पर आसरा स्थल के लिए 10 करोड़ से ज्यादा की राशि से स्वीकृति मिली। 20 से 25 किलोमीटर के बीच में नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए आवश्यक भवन बनेगा। जल गंगा सर्वेक्षण अभियान 2025 में एसआईपीआरआई सॉफ्टवेयर को बनाया गया।

### 33 हजार ग्राम सहायक पदों पर होगी भर्ती: मंत्री पटेल

मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में 33 हजार ग्राम सहायक पदों पर भर्ती की जाएगी। आने वाले दो-तीन महीनों में भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। पंचायत सचिव के पदों को आधा रोजगार सहायकों के माध्यम से और आधा परीक्षा के जरिए भरा जाएगा। 'उत्तर' नामक एक समग्र पोर्टल विकसित किया गया है, जो नागरिकों और शासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनेगा।

### दो मंजिला बनाए जाएंगे पंचायत और जनपद भवन

प्रहलाद पटेल ने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए 922 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 2472 अतिरिक्त ग्राम सेवा सदन, 106 सुशासन भवन और पांच जिला सुशासन भवन स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा जनपद पंचायत भवनों के लिए 557 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अब पंचायत और जनपद भवन दो मंजिला बनाए जा सकेंगे।

---

**कृषि मंत्री कंसाना ने दो साल की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी**

## खाद के लिए लाइन में लगे किसान कांग्रेस का प्रीप्लान, प्रदेश में खाद पर्याप्त मात्रा में

मध्य प्रदेश में सरकार को 2 साल पूरे हो गए हैं। सभी मंत्री अपने विभागों की उपलब्धियों की जानकारी लेकर जनता के बीच आ रहे हैं। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना विभाग की जानकारी देते हुए सवालों के जवाब में उलझ गए हैं। उनसे सवाल किया गया है कि प्रदेश में किसान खाद के लिए लाइन लगाकर खड़े हुए हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि खाद के लिए लाइन में लगे किसान कांग्रेस का प्रीप्लान है। लोगो को लाइन में लगा दिया जाता है फिर कोई थप्पड़ मारता है कोई हंगामा करता है। प्रदेश में खाद पर्याप्त मात्रा में है।

खाद को लेकर होने वाले प्रदेश फर्जी होते है। नकली खाद-बीज पर देश भर में मध्य प्रदेश में एफआईआर हुई है। हमने प्रदेश भर में 95 मामलों में एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज की है। वहीं प्रदेश में किसानों का कर्ज माफी के प्रस्ताव के सवाल पर कहा कि हमारे घोषणा पत्र में किसान ऋण माफी नहीं है। यह तो कांग्रेस की घोषणा और किसान हुई कमलनाथ की वजह से डिफाल्टर हुए है। कृषि मंत्री एंदल सिंह कसाना ने बताया कि, कृषि विभाग का बजट 2002- 03 में 600 करोड़ था जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 27,050 करोड़ रु हो चूका है। इसके साथ ही कृषि का रकबा 2024-25 में 297 लाख हैक्टेयर हो गया। वहीं सिंचाई क्षमता 2024-25 में 55 लाख हैक्टेयर हो गई है। कृषि मंत्री ने बताया कि, मध्य प्रदेश मक्का उत्पादन में पहले नंबर पर और दलहन उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के 29 जिलों के 27 लाख 28 हजार किसानों को 1860.23 करोड़ की राहत राशि का वितरण हुआ।


प्रेसवार्ता को संबोधित करते मंत्री कंसाना।

### सरकार ने किसानों के लिए सिंचाई का रकबा बढ़ाया

वर्ष 2024-25 में 35 लाख से अधिक किसानों को 275.86 करोड़ दावा भुगतान किया गया। भावंतर योजना से किसानों को फायदा मिला है। सोयाबीन की फसल बेचने वाले किसानों को 400 करोड़ का भुगतान किया गया है। आने वाले दिनों एक और कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 600 करोड़ रुपए किसानों के खातों में ट्रांसफर किया जाएगा। सरकार ने किसानों के लिए सिंचाई का रकवा बढ़ाया है।

---

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल के विधायकों ने की भेंट**

## बैतूल में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए विधायकगण ने माना मुख्यमंत्री के प्रति आभार

सीएम डॉ. यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा 23 दिसम्बर को करेंगे भूमिपूजन

**बैतूल के कोसमी क्षेत्र में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना**

**चोपना के परिवारों के पट्टों के मामले के निराकरण का अनुरोध**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बैतूल विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल जिले के विधायकों ने भेंट कर बैतूल को मेडिकल कॉलेज तथा अन्य सौगातें देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना।

मुख्यमंत्री निवास पर हुई भेंट में विधायक सर्वश्री महेंद्र सिंह चौहान, डॉ. योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख तथा गंगाबाई उईके मौजूद रहीं। डॉ. यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बैतूल जिले के कोसमी क्षेत्र में पीपीपी मोड पर आरंभ हो रहे मेडिकल कॉलेज का 23 दिसम्बर को भूमिपूजन करेंगे।


वरिष्ठ विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल व विधायकों से चर्चा करते हुए सीएम डॉ. यादव।

**उपचार के साथ मेडिकल की पढ़ाई में होगी सुविधा**

*विधायकों ने कहा कि जनजातीय और ग्रामीण बहुल बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा जिले में ही मिल सकेगी। इससे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार हो सकेगा। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को मेडिकल की पढ़ाई में भी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधायकों ने सारणी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में लगभग 12 हजार करोड़ रुपए की लागत की 660 मेगावाट यूनिट इकाई की स्थापना की वर्षों पुरानी मांग स्वीकृत करने, भीमपुर में 100 बिस्तरीय अस्पताल और चिचोली में 50 बिस्तरीय अस्पताल की स्वीकृति देने के लिए भी आभार माना। डॉ. यादव से घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा बाई उईके ने चोपना क्षेत्र के परिवारों के पट्टों के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी अनुरोध किया।*

---

**भोपाल जिला पदाधिकारियों की अटल भवन में हुई बैठक**

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर हर बूथ पर होंगे कार्यक्रम, टोली सदस्य नियुक्त

**वीर बाल दिवस के आयोजन पर चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी एवं वीर बाल दिवस के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर भाजपा द्वारा विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसके बाद 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर भोपाल के मंडल एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रविन्द्र यति ने कहा कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत पखवाड़ा सप्ताह मनाया जाएगा। 24 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में भोपाल के प्रत्येक मंडलों में महापुरूषों की प्रतिमा की साफ-सफाई कर दीप प्रज्जवलन किया जाएगा। स्थानीय निकाय कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सात दिवसीय अटल स्मृति प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।


बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते भाजपा जिला अध्यक्ष यति।

---

**सीएम ने की महावाणिज्य दूत रेवाच से भेंट**

## इजरायली कंपनियां मप्र में निवेश की इच्छुक, कृषि-पर्यटन पर भी हुई चर्चा


मुम्बई प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेवाच से सौजन्य भेंट की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुम्बई प्रवास के दौरान इजरायल के महावाणिज्य दूत यानिव रेवाच से सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इजरायली महावाणिज्य दूत रेवाच से कृषि, जल प्रबंधन, क्षमता निर्माण, पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास के संबंध में चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इजरायली कंपनियां मप्र में निवेश की इच्छुक हैं। इन इजरायली कंपनियों को मप्र सरकार की ओर से आवश्यक प्रोत्साहन, भूमि आवंटन, एकल-खिड़की मंजूरी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

---

**रतनगढ़ और सिंगोली में नियुक्तियों का विरोध**

## कांग्रेस पार्टी में बगावत: 30 पदाधिकारियों ने दिए इस्तीफे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम के जावद विधानसभा में कांग्रेस पहले ही पिछले 22 वर्षों से सत्ता से बाहर है, लेकिन अब संगठनात्मक फैसलों ने पार्टी को भीतर से झकझोर कर रख दिया है। ब्लॉक अध्यक्षों की हालिया नियुक्तियों के विरोध में 30 से अधिक ब्लॉक, नगर और बूथ स्तर के पदाधिकारियों ने इस्तीफे सौंप दिए हैं, जिससे कांग्रेस में खुली बगावत की स्थिति बन गई है।

यह विवाद अब केवल नियुक्तियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि स्थानीय कार्यकर्ता बनाम इंदौरी नेतृत्व की सीधी टकराहट में बदल चुका है। कांग्रेस ने रतनगढ़ में शंभू चारण और सिंगोली में सत्तूलाल धाकड़ सहित जिले में 11 ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए। लेकिन रतनगढ़ और सिंगोली में इन नियुक्तियों का तीखा विरोध सामने आया। नगर अध्यक्ष, किसान कांग्रेस पदाधिकारी, बीएलए-2, बूथ प्रभारी जैसे संगठन की रीढ़ माने जाने वाले पदों से जुड़े नेताओं ने एक साथ त्याग-पत्र देकर साफ संदेश दे दिया कि 'हमें नियुक्तियों से विरोध नहीं है, लेकिन जावद पर बाहर से नेतृत्व थोपना मंजूर नहीं। इस पूरे घटनाक्रम में विरोध कर रहे नेताओं के निशाने पर एक ही नाम है समंदर पटेल का। आरोप लगाए जा रहे हैं कि जावद की राजनीति इंदौर से नियंत्रित की जा रही है। जिन लोगों पर विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए काम करने के आरोप लगे, उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। संगठन में निष्ठा और संघर्ष की जगह पैसा और सिफारिश को तरजीह दी जा रही है।

---

**प्रदेश अध्यक्ष रीना के साथ जा रही कार्यकर्ताओं को मंत्री के बंगले के घेराव से पुलिस ने रोका**

## मंत्री शाह के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं की जांच कराने के बयान का विरोध हो रहा है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के नेतृत्व में शुक्रवार को महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से मंत्री विजय शाह के बंगले का घेराव करने जा रही महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रेडक्रॉस चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोक लिया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई।


पीसीसी के पास विरोध प्रदर्शन करती कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता

**गिरफ्तार कर पुलिस वैन में बैठा लिया**

प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रेडक्रॉस हॉस्पिटल के सामने से गिरफ्तार कर पुलिस वैन में बैठा लिया। थोड़ी देर बाद कांग्रेस नेत्रियों को पीसीसी छोड़ दिया गया। रेडक्रॉस चौराहे पर पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की में भोपाल की एक महिला कांग्रेस पदाधिकारी रूपाली शर्मा की चप्पलें और चूड़ियां टूट गईं। इसके बाद भी रूपाली पूरे समय तक प्रदर्शन करती नजर आईं।

### हमारी लाड़ली बहनों को लगातार मिल रही राशि : आशीष



लाड़ली बहना योजना को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरा है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि विपक्षी कहते थे कि लाड़ली बहना योजना बंद हो जाएगी, लेकिन हमारी बहनों को लगातार राशि मिल रही है। लाड़ली बहनों को पहले 1,000 रुपए दिए गए, फिर 1,250 रुपए और अब 1,500 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। ये राशि लगातार बढ़ती जाएगी।

### कार्रवाई नहीं होती, इसलिए मंत्री शाह कर रहे अपमान: बौरासी

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने कहा कि विजय शाह के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनकी हिम्मत इसलिए बढ़ती है। वो पहले भी कई बार बेटियों को अपमानित कर चुके हैं।

---

**2289 मतदान केंद्रों के हिसाब से तैयार की जा रही वोटर लिस्ट**

## दो लाख वोटर्स के बदल जाएंगे मतदान केंद्र, नाम कटने के बाद बने हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से 44 दिन तक चले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद राजधानी की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर की तस्वीर बदल दी है। इसके क्षेत्र में तो बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन वोटर्स की तादाद में भारी फेरबदल होने जा रहा है। अधिकतर विधानसभाओं में 12 हजार से लेकर एक लाख वोटर्स के नाम काटे जा रहे हैं।

ऐसे में शेष बचने वाले मतदाताओं के मतदान केंद्रों में भी खासा बदलाव होगा। जिसके तहत जिले के 2029 मतदान केंद्रों को बढ़ाकर 2289 किया गया है। जिससे 260 नए मतदान केंद्र वजूद में आ आएंगे। ऐसे में इन केंद्रों से जुड़े करीब दो लाख मतदाताओं के मतदान केंद्र में बदलाव किया जाएगा।

*22 साल पहले दर्ज सवा पांच लाख मतदाता मिसिंग, 9 लाख परिवार से जुड़े*

वर्ष-2022 में दर्ज थे 11 लाख 81 हजार 531 वोटर्स


फाइल फोटो

### 2289 करने का प्रस्ताव आयोग को भेजा

चुनाव आयोग ने एसआईआर शुरु होने के पहले ही 12 सौ मतदाताओं के हिसाब से मतदान केंद्रों की संख्या रखने की हिदायत दी थी। जिसके तहत भोपाल की सात विस के 2029 मतदान केंद्रों को बढ़ाकर 2289 करने का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। जिसे आयोग ने मंजूर कर लिया है। जिसके तहत अब जिले में 260 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### एक केंद्र पर रहेंगे आठ सौ मतदाता

भोपाल में भारी तादाद में नाम काटे जाने की वजह से मतदान केंद्रों पर जुड़े मतदाताओं की संख्या खासी कम हो जाएगी। नए 260 मतदान केंद्रों के जुड़ने के बाद भोपाल में आठ सौ मतदाताओं के हिसाब से पोलिंग बूथ की लिस्ट तैयार होगी। निर्वाचन से जुड़े अफसरों का कहना है कि आने वाले समय में इन मतदान केंद्रों पर नए वोटर्स की तादाद बढ़ने से दिक्कत नहीं होगी।

### चार लाख 38 हजार 876 नाम हटाना शुरु

वर्तमान में अनकलेक्टेबल जिसमें, मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल केटगरी वाले चार लाख 38 हजार 876 नाम हटाने का काम शुरु कर दिया है। जिसके बाद नए 260 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की शिफ्टिंग की जाएगी। इधर नो मैपिंग वाले एक लाख 16 हजार 317 मतदाताओं के नोटिस भी जारी किए जाएंगे।

---

## मप्र की 8 एमएसएमई इकाइयों ने मुंबई में की सहभागिता

**भोपाल।** मप्र की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों ने अन्नपूर्णा अनूफूड इंडिया-2025 में सहभागिता कर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फुड प्रोसेसिंग और एग्री मुंबई में हुआ। प्रदर्शनी में मप्र की कुल 8 एमएसएमई इकाइयों ने भाग लिया, जिनमें 3 इकाइयां महिला उद्यमियों की ओर से संचालित हैं। अन्नपूर्णा अनूफूड इंडिया में मप्र की पुष्पा फूड्स प्रोडक्टस-जबलपुर, आरोहन भोपाल, हैलाइड केमिकल्स जबलपुर, ग्रेनोक्सी शहडोल, ऑवन क्लासिक्स जबलपुर, रमन ग्रीन डिंडोरी, निर्मल मसाला हरदा, पराज मण्डला ने भाग लिया।

## आईएएस मीट के चलते आईपीएस की डीपीसी टली: डीजी, डीआईजी के प्रमोशन पर होना था फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईपीएस अधिकारियों की पदोन्नति के लिए शुक्रवार प्रस्तावित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक टाल दी गई है। बताया जा रहा है कि आईएएस सर्विस मीट के आयोजन के चलते इस डीपीसी को फिलहाल स्थगित किया गया है।

इस डीपीसी में 1994-95 बैच के आईपीएस अधिकारियों को स्पेशल डीजी बनाए जाने पर निर्णय लिया जाना था। बैठक मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आयोजित होनी थी, जिसमें पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव गृह शिवशेखर शुक्ला और अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा की मौजूदगी प्रस्तावित थी। डीपीसी में 2001, 2008, 2010, 2011, 2012 और 2013 बैच के आईपीएस अधिकारियों की पदोन्नति पर भी विचार किया जाना था। समिति के सामने विशेष महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिसमहानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक और सिलेक्शन ग्रेड के पदों पर अधिकारियों को पदोन्नति देने का निर्णय लिया जाना था। अब डीपीसी की नई तारीख प्रशासनिक स्तर पर तय की जाएगी, जिसके बाद पदोन्नति फैसला लिया जाएगा।

Divisa

आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा

असर पहले दिन से




100% Ayurvedic

Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

Dr. Juneja's EYE Mantra ®

Clinically Tested* *For efficacy and safety

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores


मेट्रो ट्रेन का लोकार्पण आज, कॉमर्शियल रन कल से, सज-धजकर तैयार ट्रेन और स्टेशन

# भोपाल के लिए गौरव का पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के लोगों का आठ साल बाद शनिवार को मेट्रो में यात्रा करने का सपना पूरा हो जाएगा। मिंटो हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेट्रो का लोकर्पण करेंगे। शाम चार बजे होने वाले कार्यक्रम में मंत्रिमंडल के कई सदस्यों के अलावा भाजपा के दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। लोकार्पण के बाद नेताद्वय सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से एम्स मेट्रो स्टेशन तक यात्रा करेंगे। केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री एम्स मेट्रो स्टेशन पर पत्रकारों से चर्चा करेंगे।

मेट्रो प्रशासन शुक्रवार को दिनभर व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने में जुटा रहा। मेट्रो स्टेशनों को पूरी तरह से तैयार कर टिकिटंग स्टाफ, सिक्योरिटी, एस्केलेटर, लिफ्ट सहित अन्य यात्री सुविधाओं को लेकर तैनाती कर दी गई। यात्रियों की आवाजाही, ट्रेन में यात्रा और उनकी एंट्री व एग्जिट आदि व्यवस्थाओं को लेकर कई बार रिहर्सल पहले ही हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री और सीएम पत्रकारों से एम्स में करेंगे बातचीत

जुलाई में होना था पूरा, कई कारणों से 6 माह की हुई देरी

आगामी दिनों में ड्राइवरलेस मेट्रो ट्रेन चलाने का भी प्लान प्रशासन तैयारी में

## 2018 में हुआ था पहला टेंडर


राजधानी में मेट्रो संचालन के कामों का पहला टेंडर 2018 में हुआ था। 7 किमी प्रायोरिटी कारिडोर का काम जुलाई-25 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन मेट्रो प्रशासन का खुद मानना है कि यह काम छह माह तकनीकी कारणों से लेट हो गया। हालांकि बाहरी काम अब भी बाकी हैं जो दो माह तक चलते रहेंगे। इनसे मेट्रो के परिचालन में कोई दिक्कत नहीं है।

## मेट्रो ट्रैक के नीचे से अतिक्रमण स्टोर हटाया, फर्नीचर की दुकानें ग्रीन नेट से कवर्ड करवाईं

*मिंटो हाल में मेट्रो के लोकार्पण के बाद केंद्रीय मंत्री और सीएम सहित वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए सुभाष नगर मेट्रो ट्रेक के नीचे नगर निगम के अतिक्रमण स्टोर को अन्ना नगर शिफ्ट किया गया है। शुक्रवार को यहां से सामान अन्ना नगर भेजने का काम जारी रहा। इसी तरह यहां लगीं फर्नीचर की दुकानें ग्रीन नेट से कवर्ड करवाई गई हैं। निगम के अमले ने मौजूद रहकर दुकानों को ग्रीन नेट से दुकानदारों द्वारा कवर्ड करवाया गया है।*

## 13 से 15 नवंबर तक सीएमआरएस ने की थी विजिट

मेट्रो के परिचालन का रास्ता 13 से 15 नवंबर तक सीएमआरएस की विजिट रही। टीम के निरीक्षण के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही अब राजधानी को मेट्रो की सौगात मिल जाएगी। सीएमआरएस से हरी झंडी मिलने के बाद सरकार ने लोकार्पण की तारीख की घोषणा कर दी।



## सभी आठ स्टेशन पर व्यवस्थाएं चकाचक करने देर रात तक जुटा रहा अमला



*भोपाल मेट्रो 30.8 किलोमीटर लंबी परियोजना भोपाल के शहरी क्षेत्र को आसान, तेज और पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी। परियोजना में दो कॉरिडोर लाइन और एक डिपो है। भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन 16.74 किलोमीटर और ब्लू लाइन 14.16 किलोमीटर की है। सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के रोड के दोनों तरफ बैरिकेडिंग कर दी गई है और केवी मेट्रो स्टेशन के नीचे रोड निर्माण पूरा हो गया है। मेट्रो के एम्स, अल्कापुरी, डीआरएम, आरकेएमपी, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, केवी-1 और सुभाष नगर में शुक्रवार को साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं को व्वयस्थित करने, बाहरी कामों को पूरा करने में बड़ी टीम जुटी रही। चकाचक व्यवस्थाएं देर रात तक की जा रही थी।*

### ग्रीन और ब्लू लाइन का काम 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य

आरेंज लाइन के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन शुरू होने के बाद मेट्रो प्रशासन का लक्ष्य ग्रीन और ब्लू लाइन के शहर में चल रहे कामों को 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

### परियोजना की लागत 10 हजार 33 करोड़

भोपाल मेट्रो की अनुमानित लागत 10 हजार 33 करोड़ रूपये है। इसमें प्रायोरिटी कॉरीडोर की लागत 2 हजार 225 करोड़ रूपये है। प्रायोरिटी कॉरीडोर की लंबाई 7 किलोमीटर है और इस कॉरीडोर में प्रतिदिन 3 हजार लोगों के यात्रा करने का अनुमान है।

## भोपाल मेट्रो की यह हैं विशेषताएं

सुविधाजनक यात्रा के लिए सभी स्टेशनों पर हाई-स्पीड लिफ्ट और एस्कलेटर

* * * * * *

दिव्यांगजन के लिए सुगम प्रवेश, व्हील चेयर सुविधा, ब्रेल साइनेज।

* * * * * *

पर्यावरण अनुकूल रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग से ऊर्जा उत्पादन और सोलर पावर का उपयोग

* * * * * *

आरामदायक कोच पूर्णतः एसी, आरामदायक सिटिंग और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट

* * * * * *

स्मार्ट तकनीक ऑडियो-विजुअल यात्री सूचना प्रणाली और हाईटेक ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर

## मेट्रो ने जारी किया टाइम-टेबल

*मेट्रो प्रशासन ने शुक्रवार को मेट्रो के संचालन का टाइम-टेबल जारी कर दिया। उसके अनुसार एम्स मेट्रो स्टेशन से सुबह 9 बजे ट्रेन चलेगी और 9 बजकर 25 मिनट पर सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर चलेगा जो एम्स स्टेशन 10 बजकर 5 मिनट पर पहुंचेगी। एम्स से आखिरी ट्रिप शाम 7 बजे चलेगी जो सुभाष नगर 7 बजकर 25 मिनट पर पहुंचेगी। जबकि सुभाष नगर से आखिरी ट्रिप 6 बजकर 25 मिनट पर ट्रेन चलेगी जो एम्स स्टेशन 6 बजकर 50 मिनट पर पहुंचेगी।*

### यह रहेगी समय सारिणी... सुभाष नगर से एम्स की ओर

| सुभाष नगर | केंद्रीय विद्यालय | डीबी मॉल | एमपी नगर | आरकेएमपी | डीआरएम | अलकापुरी | एम्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9.40 सुबह | 9.43 सुबह | 9.47 सुबह | 9.51 सुबह | 9.54 सुबह | 9.58 सुबह | 10.02 सुबह | 10.05 सुबह |
| 10.55 सुबह | 10.58 सुबह | 11.02 सुबह | 11.06 सुबह | 11.09 सुबह | 11.13 सुबह | 11.17 सुबह | 11.20 सुबह |
| 12.10 दोपहर | 12.13 दोपहर | 12.17 दोपहर | 12.21 दोपहर | 12.24 दोपहर | 12.28 दोपहर | 12.32 दोपहर | 12.35 दोपहर |
| 1.25 दोपहर | 1.28 दोपहर | 1.32 दोपहर | 1.36 दोपहर | 1.39 दोपहर | 1.43 दोपहर | 1.47 दोपहर | 1.50 दोपहर |
| 2.40 दोपहर | 2.43 दोपहर | 2.47 दोपहर | 2.51 दोपहर | 2.54 दोपहर | 2.58 दोपहर | 3.02 दोपहर | 3.05 दोपहर |
| 3.55 दोपहर | 3.58 दोपहर | 4.02 दोपहर | 4.06 दोपहर | 4.09 दोपहर | 4.13 दोपहर | 4.17 दोपहर | 4.20 दोपहर |
| 5.10 शाम | 5.13 शाम | 5.17 शाम | 5.21 शाम | 5.24 शाम | 5.28 शाम | 5.32 शाम | 5.35 शाम |
| 6.25 शाम | 6.28 शाम | 6.32 शाम | 6.36 शाम | 6.39 शाम | 6.43 शाम | 6.47 शाम | 6.50 शाम |
| 7.00 शाम | 7.03 शाम | 7.07 शाम | 7.11 शाम | 7.14 शाम | 7.18 शाम | 7.22 शाम | 7.25 शाम |

### एम्स से सुभाष नगर की ओर

| एम्स | अलकापुरी | डीआरएम | आरकेएमपी | एमपी नगर | डीबी मॉल | केंद्रीय विद्यालय | सुभाषनगर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9.00 सुबह | 9.03 सुबह | 9.07 सुबह | 9.11 सुबह | 9.14 सुबह | 9.18 सुबह | 9.22 सुबह | 9.25 सुबह |
| 10.15 सुबह | 10.18 सुबह | 10.22 सुबह | 10.26 सुबह | 10.29 सुबह | 10.33 सुबह | 10.37 सुबह | 10.40 सुबह |
| 11.30 सुबह | 11.33 सुबह | 11.37 सुबह | 11.41 सुबह | 11.44सुबह | 11.48 सुबह | 11.52 सुबह | 11.55 सुबह |
| 12.45 दोपहर | 12.48 दोपहर | 12.52 दोपहर | 12.56 दोपहर | 12.59 दोपहर | 1.03 दोपहर | 1.07 दोपहर | 1.10 दोपहर |
| 2.00 दोपहर | 2.03 दोपहर | 2.07 दोपहर | 2.11 दोपहर | 2.14 दोपहर | 2.18 दोपहर | 2.22 दोपहर | 2.25 दोपहर |
| 3.15 दोपहर | 3.18 दोपहर | 3.22 दोपहर | 3.26 दोपहर | 3.29 दोपहर | 3.33 दोपहर | 3.37 दोपहर | 3.40 दोपहर |
| 4.30दोपहर | 4.33दोपहर | 4.37दोपहर | 4.41दोपहर | 4.44दोपहर | 4.48 दोपहर | 4.52 दोपहर | 4.55 दोपहर |
| 5.45 शाम | 5.48 शाम | 5.52 शाम | 5.56 शाम | 5.59 शाम | 6.03 शाम | 6.07 शाम | 6.10 शाम |
| 7.00 शाम | 7.03 शाम | 7.07 शाम | 7.11 शाम | 7.14 शाम | 7.18 शाम | 7.22 शाम | 7.25 शाम |

## शुभारंभ के चलते सुभाष नगर क्षेत्र में आज शाम 5 बजे से यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव

20 दिसंबर को मेट्रो रेल परियोजना का सुभाष नगर से एम्स तक शुभांरभ कार्यक्रम सुभाष नगर पर होना प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान शाम 5 बजे से यातायात व्यवस्था आवश्यकतानुसार निम्नानुसार परिवर्तित रहेगी।

### यह रहेगा प्रभावित क्षेत्र

जिंसी चैराहा से सुभाष नगर ब्रिज प्रांरभ तक का यातायात परिवर्तित रहेगा। अतः इस मार्ग पर आवागमन करने से बचें एवं आगे दिए गए वैकल्पिक मार्गों का पर उपयोग करें।

### यह रहेगा वैकल्पिक मार्ग

- यह वाहन एसबीआई तिराहा सुख्यालय, कन्ट्रोल रूम होकर एवं सुभाष ब्रिज से प्रभात होकर आवागमन कर सकेंगे।
- दो-पहिया एवं चार-पहिया (जीप/कार) सुभाष नगर ब्रिज से प्रभात, बोगदा पुल होकर आवागमन कर सकेगें।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

# जैकेट का शेष..

## निवेशकों की जैसी...

वाटर बैंक है, यूथ फोर्स है और स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स भी है। उन्होंने निवेशकों से मप्र में निवेश करने के लिए बेहिचक आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ईज ऑफ डूइंग को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर उतारते हुए उसे स्पीड स्केल और स्किल ऑफ डूइंग में परिवर्तित कर दिया। डॉ. यादव शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस–2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। मप्र में निवेश और सरलता से व्यापार-व्यवसाय बढ़ाने के लिए हमारी सरकार निवेशकों की हर संभव मदद करने को तत्पर है। उन्होंने कहा कि मप्र में निवेश करने के इच्छुक हर निवेशक के लिए हमारी सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। निवेशकों की जरूरतों से हम वाक़िफ हैं, इसीलिए जैसी जरूरत, हमारी सरकार निवेशकों की वैसी मदद करेगी। कार्यक्रम को वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉफ्रेंस के सचिव रविकांत मिश्रा ने भी संबोधित किया।

## केंद्रीय मंत्री खट्टर आज...

एवं राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के लिए कार्य-दिशा पुस्तिका का विमोचन होगा।

## 5 सत्रों में महत्वपूर्ण ...

क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं को साझा करने, श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान तथा मंत्रालय से नीतिगत एवं रणनीतिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। विभिन्न सत्रों में अमृत योजना के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध पूर्णता से संबंधित विषयों पर विचार किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डंप स्थलों के वैज्ञानिक प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट निपटान तथा स्वच्छता से जुड़ी चुनौतियों पर मंथन होगा। बैठक से राज्य-वार एवं योजना-वार क्रियान्वयन चुनौतियों की पहचान, कार्यक्रमों को सशक्त बनाने के लिए व्यावहारिक अनुशंसाएं, केंद्र एवं राज्यों के बीच बेहतर समन्वय तथा शहरी प्रशासन एवं सेवा प्रदायगी में सुधार के लिए ठोस रणनीतिक सुझाव प्राप्त होंगे।

## हिंदू युवक को पीट...

ऐसे समय पर हुई है, जब देश हसीना विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद व्यापक हिंसा और प्रदर्शनों की चपेट में है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात करीब 9 बजे स्थानीय लोगों के एक समूह ने उस पर पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया और हमला कर दिया। मृतक के परिजनों का पता लगाया जा रहा है और शिकायत मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू होगी।

प्रदर्शनकारियों ने अखबार दफ्तरों, अवामी लीग नेताओं के घरों और ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाया है। ढाका और चटगांव में भारत विरोधी नारे भी लगाए गए और भारतीय राजनयिक परिसरों पर पथराव की घटनाएं हुईं।

**अवामी लीग पार्टी के कार्यालय पर चलाया बुलडोजर:** ढाका में प्रमुख बंगाली सांस्कृतिक संगठन छायानाट के परिसर में भी तोड़फोड़ और आगजनी की गई। उत्तर-पश्चिमी जिले राजशाही में प्रदर्शनकारियों ने बुलडोजर के जरिए अवामी लीग पार्टी के कार्यालय को ध्वस्त कर दिया।

**कौन था उस्मान हादी?...शेख हसीना का किया था तख्तापलट:** शरीफ उस्मान हादी बीते साल बांग्लादेश में हुए शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बने इंकलाब मंच के प्रवक्ता थे। अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव में उस्मान हादी भी उम्मीदवार थे। बीती 12 दिसंबर को ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान नकाबपोश हमलावरों ने उनके सिर में गोली मार दी थी। 2024 में बांग्लादेश में हुए विद्रोह में उस्मान हादी एक बड़ा चेहरा थे। हादी भारत के मुखर आलोचक थे

## त्रिपुरा और मिजोरम...

रहे हैं लेकिन रक्षा विशेषज्ञ भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे संवेदनशील राज्य में सेना प्रमुख की यात्रा को सुरक्षा तैयारियों और रणनीतिक सतर्कता के स्पष्ट संकेत के रूप में देख रहे हैं। बांग्लादेश सीमा से सटे पांचों राज्यों की एक तरह से सीमाएं लगभग सील हैं। सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सूत्रों के मुताबिक, सीमा पर किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए सेना, बीएसएफ और खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय को और मजबूत किया गया है।

## भारतीय सहायक उच्चायोग...

किया। ढाका में भारतीय हाई कमीशन ने बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उनसे लोकल ट्रैवल से बचने और अपने रहने की जगह से बाहर कम से कम आने-जाने की अपील की गई है। अचानक किसी भी तरह की जरूरत होने पर उन्हें देश में हाई कमीशन या असिस्टेंट हाई कमीशन से संपर्क करने की सलाह दी गई है। इस बीच यूनुस सरकार ने हादी के सम्मान में शनिवार को राजकीय शोक दिवस घोषित किया।

## आज शाम 5 बजे...

मेट्रो में सफर कर सकेंगे। भोपाल मेट्रो सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। मेट्रो का किराया 20 रुपए से शुरू होगा। 3 से 5 स्टेशन का किराया 30 रुपए और एम्स से सुभाष नगर तक का किराया 40 रुपए रहेगा। दिनभर में मेट्रो ट्रेन कुल 17 फेरे लगाएगी। सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से 8 फेरे और एम्स मेट्रो स्टेशन से 9 फेरे लगाए जाएंगे। इस दौरान मेट्रो 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। यात्री को मैन्युअली टिकट लेना होगा।

## आदेश तैयार करने...

गिरफ्तारी के दौरान कोर्ट परिसर में हंगामा भी मचा, वकीलों ने विरोध जताया, लेकिन पुलिस अपने इरादों पर अडिग रही। एसीपी कोतवाली विनोद दीक्षित के मुताबिक जिन आदेशों के आधार पर आईएएस संतोष वर्मा ने प्रमोशन हासिल किया, उनकी मूल प्रति आज तक पुलिस के हाथ नहीं लगी है। अदालत के रिकॉर्ड में ऐसे किसी आदेश का नामोनिशान तक नहीं है। अब पुलिस ने कोर्ट टाइपिस्ट के घर की तलाशी के लिए अनुमति मांगी है, ताकि कंप्यूटर, हार्ड डिस्क, ड्राफ्ट और दस्तावेजों से फर्जी आदेशों की पूरी कहानी निकाली जा सके।

## रीवा और ग्वालियर में...

की गई। शिवपुरी में पारा 4 डिग्री तक गिर गया, जिससे वह पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा शहर बन गया। राजगढ़ में 5, पचमढ़ी में 5.6, मलाजखंड में 6.8, रायसेन में 7.4 और मंडला में 7.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## पानी की टंकी...

और राहत तथा बचाव कार्य में लग गए। युद्ध स्तर पर बचाव कार्य किया गया। मृत शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इस हादसे ने आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में हलचल मचा दी है। वहीं, इस हादसे ने श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन घटना के कारण की जांच कर रहा है। वहीं, संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दोषियों के पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आटे से पुतला बनाकर...

थी। परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां तलाश की और कोतवाली में गुमशुदगी भी दर्ज कराई। पुलिस ने सविता को ढूंढकर परिजनों के सामने पेश किया, लेकिन उसने घर लौटने से इनकार कर दिया। सविता ने बताया कि उसने संजू मालवीय से शादी कर ली है और उसी के साथ रहना चाहती है। यह सुनकर परिवार सदमे में आ गया और खुद को घर में बंद कर लिया। रिश्तेदारों के समझाने के बाद परिजनों ने सविता को मरा मानकर अंतिम क्रिया करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को आटे से पुतला बनाकर अर्थी सजाई गई और गाजे-बाजे के साथ शहर के चौक-चौराहों से शव यात्रा निकाली गई। श्मशान घाट पहुंचकर प्रतीकात्मक दाह संस्कार किया गया। सविता पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी है और ग्रेजुएशन कर चुकी है। पिता रामबाबू कुशवाह ने कहा कि बेटी के फैसले से परिवार टूट गया। भाई ने इसे 'अरमानों की अर्थी' बताया, जिसने परिवार को गहरे दुख में डाल दिया।

# पेज 1 का शेष..

## अच्छे विचार और नए...

जनता के हित में लिए गए निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन आईएएस अधिकारी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार से तीन दिन तक चलने वाले मप्र आईएएस एसोसिएशन सर्विस मीट-2025 के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम मुख्य सचिव अनुराग जैन, सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित मप्र कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र के आईएएस अधिकारियों ने न केवल प्रदेश में, बल्कि पूरे देश में अपने कार्यों के दम पर अलग पहचान बनाई है। शासन-प्रशासन में लगातार नवाचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिस्टम में कई बार बातें इधर-उधर की होती रहती हैं, लेकिन अंततः जनता के हित में अच्छे काम और सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने आईएएस अधिकारियों से कहा कि अच्छे विचार और नए आइडिया लेकर आएं और उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें, क्योंकि सही बात सही समय पर हो जाए तो उसके काम का महत्व बढ़ जाता है।

## आईएएस अधिकारियों ने...

आजादी के समय यह आशंका थी कि लोकतंत्र सफल हो पाएगा या नहीं, पर आईएएस अधिकारियों ने लोकतंत्र को सफल बनाकर दिखाया है। देश में राजाओं की सत्ता को प्रजातंत्र में बदलने में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सर्विस मीट में नए ...

कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में सेवा का कार्य पूर्ण गरिमा के साथ किया जा रहा है।

## इल्तिजा मुफ्ती ने नीतीश...

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ दर्ज कराई गई है। इल्तिजा मुफ्ती ने इस दौरान कहा कि हमने देखा कि जब बिहार के मुख्यमंत्री ने ऐसी हरकत की, माफी मांगने की बजाय भाजपा सरकार के मंत्री बेहूदा बयान दे रहे हैं। अगर आपने हमारी महिलाओं का हिजाब छुआ तो आप इसके नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें। इस मामले को लेकर श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन किया गया है। विरोध कर रही महिलाओं ने कहा हिजाब हमारी इज्जत है। पीडीपी पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय में इकट्ठा हुए और फिर लाल चौक की ओर मार्च करने की कोशिश की, नारे लगाते हुए और तख्तियां पकड़े हुए, जिसमें उन्होंने मुस्लिम महिलाओं और उनकी धार्मिक पसंद के प्रति अनादर के कृत्य की निंदा की। पीडीपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस घटना को बेहद असंवेदनशील बताया और कहा कि यह मुस्लिम महिलाओं की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा के प्रति उपेक्षा को दर्शाता है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, यह कहते हुए कि किसी भी सरकारी अधिकारी को किसी व्यक्ति के धार्मिक पहनावे में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

## रेलवे ने किया...

ट्रेनों में भीड़भाड़ से बचने में मदद कर रही हैं, साथ ही त्योहारों के समय यात्रा के आसान ऑप्शन भी दे रही हैं। पूरे उत्तरी और पूर्वी भारत में, दिल्ली, हावड़ा, लखनऊ और आस-पास के शहरों को जोड़ने वाले बिजी कॉरिडोर पर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं ताकि घर या छुट्टियों की जगहों पर जाने वाले लंबी दूरी के यात्रियों को सुविधा मिल सके। दक्षिण और मध्य क्षेत्रों में हैदराबाद, बेंगलुरु, मंगलुरु और दूसरे शहरों को जोड़ने वाली एक्स्ट्रा सर्विस इस पीक पीरियड के दौरान यात्रियों के लिए आसान यात्रा पक्का करती हैं। इसमें सीएसएमटी–करमाली, एलटीटी–तिरुवनंतपुर, पुणे–सांगानेर और सीएसएमटी–नागपुर आदि शामिल हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र तनिष्क गुप्ता की शैक्षणिक अंकसूचियों में मेरा नाम त्रुटिवश रितेश गुप्ता लिखा गया है, जोकि गलत है। मेरा सही नाम कमल किशोर गुप्ता आत्मज श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता आयु वयस्क, निवासी-वार्ड नंबर-10 ग्राम रतुआ रतनपुर तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में भी मेरा यहीं नाम दर्ज है। राजपत्र में प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र तनिष्क गुप्ता की शैक्षणिक अंकसूचियों में मेरा सही नाम कमल किशोर गुप्ता आत्मज श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता आयु वयस्क, निवासी-वार्ड नंबर-10 ग्राम रतुआ रतनपुर तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. किया जाये।

**आवेदक**
**कमल किशोर गुप्ता आत्मज श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता आयु वयस्क, निवासी-वार्ड नंबर-10 ग्राम रतुआ रतनपुर तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.**

### नाम परिवर्तन सूचना

मै परसु बारस्कर पिता झुनु बारस्कर जाति कोरकू उम्र 40 वर्ष निवासी नांदरा तहसील भैंसदेही जिला बैतूल म.प्र. मेरे सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम परसु बारस्कर पिता झुनु बारस्कर दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामप्रसाद त्रुटिवश अंकित हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम परसु बारस्कर पिता झुनु बारस्कर के नाम से जाना व पहचाना जावे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम ललीत नायक (LALIT NAYAK) था, जो कि अब परिवर्तित कर ललीत पाटीदार (LALIT PATIDAR) कर लिया है। अतः प्रकाशन के उपरांत मुझे ललीत पाटीदार (LALIT PATIDAR) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे एवं समस्त शासकीय अशासकीय अभिलेखों में भी उक्त नाम से दर्ज किया जाये।
पुराना नाम- ललीत नायक (LALIT NAYAK)
नया नाम- ललीत पाटीदार (LALIT PATIDAR) पुत्र श्री राजमल पाटीदार 042, इन्दौर रोड, खजुरी सडक, खजुरी भोपाल, 462030

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, लुम्बिनी परिसर, अम्बेडकर नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी. / एल- 31 भूतल मण्डल द्वारा श्री राजकुमार सोनी आत्मज श्री नन्नूलाल सोनी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 22/12/2021 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 03/02/2032 तक वैध है। श्री राजकुमार सोनी आत्मज श्री नन्नूलाल सोनी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रामनारायण चन्देल आत्मज श्री मांगीलाल चन्देल को विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय पत्र दिनांक 02/02/2022 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री रामनारायण चन्देल आत्मज श्री मांगीलाल चन्देल के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

### म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**// आम सूचना //**

सोनागिरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में स्थित भूखंड / भवन क्र सी-3 सी-सेक्टर श्रीमती विनोदबाला शर्मा पत्नि श्री बृज मोहन शर्मा के नाम पर हस्तांतरण आदेश क्र 106 दिनांक 29/01/1999 के द्वारा हस्तांतरित है। एवं उक्त भवन का सेलडीड / लीजडीड दिनांक 12/02/1999 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत किया गया है। एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 12/03/2016 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत किया गया है। श्रीमती विनोदबाला शर्मा के द्वारा उक्त भवन विक्रय पत्र दिनांक 12/12/2025 के द्वारा श्री सुमित कुमार चावला आत्मज श्री दिलीप कुमार चावला को विक्रय कर दिया गया है। अतः उक्त भवन क्रेता/विक्रेता द्वारा उक्त संपत्ति श्री सुमित कुमार चावला आत्मज श्री दिलीप कुमार चावला के नाम से हस्तान्तरण करने हेतु दिनांक 12/12/2025 को ऑनलाईन आवेदन पत्र, क्रेता/विक्रेता परिचय पत्र सत्यापनप्रमाण पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, घोषणा पत्र, आधारकार्ड, एवं विक्रय पत्र दिनांक 12/12/2025 की छायाप्रति प्रस्तुत किये गये है। भवन के हस्तांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति श्री सुमित कुमार चावला आत्मज श्री दिलीप कुमार चावला के नाम से हस्तान्तरण करने हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

### म.प्र. राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
न्यू ब्रायलर भवन, मेन रोड नं-3, कोटरा सुल्तानाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष-0755-2776086 (कार्यालय), mplpdcbpl@rediffmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा (तृतीय आमंत्रण)**

(किराये पर टैक्सी उपलब्ध कराने संबंधी)

निगम की ओर से एक वर्ष की अवधि के लिये आवश्यकतानुसार दैनिक/मासिक उपयोग हेतु टैक्सी किराए पर लिए जाने के लिए e-procurement प्रणाली द्वारा ऑनलाइन निविदा (निविदा आई डी 2025_MLPDC_469826_1) आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 20.12.2025 से क्रय कर दिनांक 02.01.2026 तक प्रस्तुत की जा सकती है। विस्तृत निविदा, प्रपत्र क्रय एवं अन्य जानकारी हेतु https://mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें।

म.प्र. माध्यम/123589/2025 प्रबंध संचालक

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है!
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध है!
ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** – मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6083



**बाएँ से दाएं**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नापने की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -6082 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| ली | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |

## सूडोकु नवताल - 6093

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6092 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### मोटोरोला का सबसे पतला स्मार्टफोन 'एज 70' लांच

**नई दिल्ली।** एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने मोटोरोला एज70 के लांच के साथ अपना सबसे पतला स्मार्टफोन पेश किया। बहु-प्रतिक्षित और बिना किसी समझौते वाला अल्ट्रा-थिन फोन, आकर्षक डिजाइन, तीन वर्सेटाइल 50एमपी कैमरे, 40 घंटे तक की बैटरी लाइफ, मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरैबिलिटी, सब कुछ है। जिसकी कीमत 28,999 रुपए है इसमें तीन 50 एमपी कैमरे हैं।



### एबीएसएलआई का विजन रिटायरमेंट सॉल्यूशन लांच

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एबीएसएलआई विजन रिटायरमेंट सॉल्यूशन लांच करने की घोषणा की। यह एक इनोवेटिव और फ्लेक्सिबल रिटायरमेंट सॉल्यूशन है जो आपके रिटायरमेंट के लिए रेगुलर इनकम देता है। एबीएसएलआई विज़न रिटायरमेंट सॉल्यूशन आज के स्मार्ट रिटायर होने वाले लोगों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है।

### एडमैक सिस्टम्स का आईपीओ 23 खुलेगा

**मुंबई।** एडमैक सिस्टम्स लिमिटेड ने मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) खोलने की घोषणा की है, जिसके माध्यम से 42.60 करोड़ जुटाने का लक्ष्य है। यह निर्गम 10 रुपए अंकित मूल्य के 17,82,600 इक्विटी शेयरों का है, जिसका मूल्य बैंड 227 से 239 प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। इश्यू मंगलवार, 23 दिसंबर 2025 को खुलेगा और शुक्रवार 26 दिसंबर 2025 को बंद होगा।

### फ्लिपकार्ट की फेस्टिव सप्लाई चेन में दस्तक

**मुंबई।** ई-मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के दम पर बिग बिलियन डेज सेल इवेंट आयोजित किया, जिसमें रिकॉर्ड संख्या में और तेजी से डिलीवरी की गई। इससे क्षेत्रीय स्तर पर इसकी पहुंच भी बढ़ी। इस दौरान 4 लाख से ज्यादा सीजनल रोजगार का सृजन हुआ। इस तेजी के साथ फ्लिपकार्ट के सप्लाई चेन ने भारत की त्योहारी तेजी में टेक्नोलॉजी एवं लोगों को केंद्र में रखा।

### ट्रूकॉलर ने लांच की मुफ्त वॉइस मेल सेवा

**मुंबई।** ट्रूकॉलर ने भारत में एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए एक मुफ्त और शक्तिशाली एआई-संचालित वॉइस मेल अनुभव लांच किया, जिसमें तुरंत ट्रांसक्रिप्शन और स्वचालित स्पैम सुरक्षा शामिल है। पारंपरिक वॉइसमेल के विपरीत, संदेश सीधे डिवाइस पर स्टोर होते है। इसमें स्मार्ट कॉल वर्गीकरण स्पैम फिल्टरिंग, समायोज्य प्लेबैकस्पीड और 12 भारतीय भाषाओं में एआई-संचालित वॉइसमेल ट्रांसक्रिप्शनकी सुविधा भी शामिल है।

### टाटा ने किया मल्टीकैप ऑपच्युनिटीज फंड लांच

**मुंबई।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 'टाटा एआईए मल्टीकैप ऑपर्चुनिटीज फंड' और 'टाटा एआईए मल्टीकैप ऑपर्चुनिटीज पेंशन फंड' पेश किया है। दोनों फंड 24 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक की 'न्यू फंड ऑफर' अवधि के दौरान 10 रुपए प्रति यूनिट की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होंगे। निवेशक टाटा एआईए की यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान के माध्यम से इन फंडों तक पहुंच सकते हैं।

### कैप्टन को 8.17 करोड़ का सोलर पंप ऑर्डर

**राजकोट।** कैप्टन पॉलीप्लास्ट को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर पीएम-कुसुम बी योजना के तहत 300 स्टैंडअलोन ऑफ-ग्रिड डीसी सोलर फोटोवोल्टिक वाटर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए है। 8.17 करोड़ रुपए मूल्य का यह ऑर्डर कंपनी के लिए बड़ा कदम साबित हो।

---

आश्रम परिसर में बच्चों और वृद्धों के साथ बिताया बैंक के अधिकारी और कर्मचारियों ने समय

# सेंट्रल बैंक ने 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर की अनाथ आश्रम में सेवा, मदद भी पहुंचाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपने गौरवशाली 115 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 21 दिसंबर 2025 तक बैंक द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को बैंक के समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बैंक द्वारा स्थानीय अनाथ आश्रम प्रेरणा सेवा समिति ट्रस्ट एवं अपना घर वृद्धाआश्रम में एक सेवा, सहयोग एवं दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य आश्रम में निवासरत निराश्रित बच्चों एवं वृद्धों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना तथा उन्हें सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने की 'भायना को सुदृष्ट करना था। कार्यक्रम के दौरान बैंक के उप महाप्रबंधक प्रमोद मिश्रा एवं क्षेत्रीय प्रमुख भोपाल संजीव कुमार, एवं बैंक वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे सभी ने आश्रम परिसर में बच्चों एवं वृद्धों के साथ समय बिताया, उनके शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर बच्चों को खाद्य सामग्री, वस्त्र, जूते, शैक्षणिक सामग्री, स्टेशनरी, स्वच्छता सामग्री एवं दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुएँ प्रदान की गई। । कार्यक्रम के अंत में बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य एवं सफल जीवन की कामना की।


आवश्यक सामग्री दी

### जरूरतमंद बच्चों एवं वृद्धों की सहायता करना समाज के प्रति हमारा नैतिक दायित्व हैः प्रमोद

उप महाप्रबंधक प्रमोद मिश्रा ने कहा कि बैंक की स्थापना का मूल उद्देश्य केवल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक एवं मानवीय विकास में सक्रिय योगदान देना भी है। अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों एवं वृद्धों की सहायता करना समाज के प्रति हमारा नैतिक दायित्व है। बैंक द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### ऐसे आयोजनों से बच्चों एवं वृद्धों का मनोबल और उनमें आत्मविश्वास बढ़ने की प्रेरणा मिलती हैः आश्रम प्रबंधन

आश्रम प्रबंधन ने बैंक द्वारा किए गए इस सहयोगात्मक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों एवं वृद्धों का मनोबल बढ़ता है तथा उनमें आत्मविश्वास एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बैंक परिवार का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के अंत में बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य एवं सफल जीवन की कामना की। संपूर्ण कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण, संवेदनशील एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।


सेवा भाव

---

यह कदम असुरक्षित और अवैध रूप से निर्मित डेयरी उत्पादों की रिपोर्टों के बाद उठाया

# एफएसएसएआई ने दिए नकली दूध ,पनीर, खोया के खिलाफ राज्यों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई ) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दूध और दूध उत्पादों, जिनमें पनीर और खोया शामिल हैं, में मिलावट और गलत ब्रांडिंग के खिलाफ विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। यह कदम असुरक्षित और अवैध रूप से निर्मित डेयरी उत्पादों की कई रिपोर्टों के बाद उठाया गया है, जिनसे जन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अभियान के तहत, खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण लाइसेंस प्राप्त और गैर-लाइसेंस प्राप्त डेयरी इकाइयों का गहन निरीक्षण करेंगे, प्रवर्तन नमूने लेंगे, खाद्य उत्पादन इकाई (एफबीओ) के पंजीकरण का सत्यापन करेंगे और मिलावट के स्रोतों का पता लगाएंगे। लाइसेंस रद्द करना, जब्ती, उत्पाद वापस मंगाना और अवैध इकाइयों को बंद करना सहित सख्त कार्रवाई अनिवार्य कर दी गई है।



फाइल फोटो

### उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा करना और खाद्य सुरक्षा मानकों को बनाए रखना

खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण ने राज्यों को खाद्य सुरक्षा मानकों पर वास्तविक समय में रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने, पाक्षिक प्रवर्तन रिपोर्ट प्रस्तुत करने और मिलावटी दूध उत्पादों के प्रसार को रोकने के लिए अंतर-राज्यीय समन्वय को मजबूत करने का निर्देश दिया है। एफएसएस अधिनियम की धारा 16(5) के तहत जारी इस निर्देश का उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा करना और खाद्य सुरक्षा मानकों को बनाए रखना है।

---

भारती एयरटेल में शीर्ष नेतृत्व स्तर पर परिवर्तन की घोषणा

# गोपाल विट्टल बनेंगे एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन शर्मा संभालेंगे एमडी और सीईओ की जिम्मेदारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पिछले तेरह वर्षों से भारती एयरटेल का नेतृत्व मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ के रूप में कर रहे गोपाल विट्टल को सुव्यवस्थित उत्तराधिकार योजना के तहत भारती एयरटेल लिमिटेड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। जबकि शाश्वत शर्मा को कंपनी का सीईओ डेज़िग्नेट बनाया गया था। पूर्व निर्धारित उत्तराधिकार प्रक्रिया के अनुरूप, 1 जनवरी 2026 से गोपाल विट्टल भारती एयरटेल के एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन की भूमिका संभालेंगे। इस नई जिम्मेदारी में वे भारती एयरटेल और उसकी सभी सहायक कंपनियों की निगरानी करेंगे। अपने नए पद में गोपाल विट्टल समूह स्तर पर डिजिटल और टेक्नोलॉजी, नेटवर्क रणनीति, प्रोक्योरमेंट और टैलेंट जैसे क्षेत्रों में तालमेल को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इसके साथ ही वे समूह की रणनीति और संगठन को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। सफल और सुव्यवस्थित ट्रांजिशन प्रक्रिया के बाद 1 जनवरी 2026 से शश्वत शर्मा भारती एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ का पद संभालेंगे। सीईओ डेजिग्नेट के रूप में शाश्वत शर्मा ने बीते बारह महीनों में गोपाल विट्टल के साथ मिलकर व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं पर काम किया है, ताकि इस भूमिका के लिए पूरी तैयारी की जा सके। शाश्वत शर्मा, गोपाल विट्टल को रिपोर्ट करेंगे।


शाश्वत शर्मा एवं गोपाल विट्टल

---

मप्र में गेहूं एवं दलहनों का रकबा बढ़ने के बावजूद कुल क्षेत्रफल में गिरावट

# सरसों सहित अन्य फसलों का रकबा पिछले साल से करीब 5 लाख हेक्टेयर पीछे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश देश के एक अग्रणी कृषि उत्पादक राज्य में शामिल है। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष गेहूं, चना, मसूर एवं मटर के बिजाई क्षेत्र में बढ़ोतरी देखी जा रही है ,लेकिन सरसों सहित अन्य फसलों का रकबा पीछे होने से रबी फसलों की कुल बिजाई करीब 5 लाख हेक्टेयर पीछे चल रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश में इस वर्ष 12 दिसम्बर तक रबी फसलों का कुल उत्पादन क्षेत्र 120.20 लाख हेक्टेयर पर ही पहुंच सका,जो पिछले साल की समान अवधि के बिजाई क्षेत्र 125.12 लाख हेक्टेयर से करीब 4.90 लाख हेक्टेयर तथा पंचवर्षीय औसत क्षेत्रफल 138.85 लाख हेक्टेयर से 18.65 लाख हेक्टेयर कम है। कृषि विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि मध्य प्रदेश में पिछले साल के मुकाबले चालू रबी सीजन के दौरान गेहूं का उत्पादन क्षेत्र 81.86 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 83.52 लाख हेक्टेयर, चना का बिजाई क्षेत्र 14.00 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 14.81 लाख हेक्टेयर,मसूर का क्षेत्रफल 5.00 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 5.77 लाख हेक्टेयर तथा मटर का रकबा 2.60 लाख हेक्टेयर से सुधरकर 2.90 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया। दूसरी ओर सबसे प्रमुख तिलहन फसल-सरसों का उत्पादन क्षेत्र गत वर्ष के 12.17 लाख हेक्टेयर से घटकर इस बार 11.49 लाख हेक्टेयर पर अटक गया जो आश्चर्य की बात है।



### सरसों का थोक मंडी भाव सरकारी समर्थन मूल्य से ऊंचा

इस वर्ष मई से ही सरसों का थोक मंडी भाव सरकारी समर्थन मूल्य से काफी ऊंचा चल रहा है जिससे किसानों को शानदार आमदनी प्राप्त हो रही है लेकिन फिर भी इस तिलहन के रकबे में गिरावट आ रही है। चालू रबी सीजन के लिए मध्य प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा गेहूं के उत्पादन क्षेत्र का लक्ष्य 96.81 लाख हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 17.28 लाख हेक्टेयर में चना,6.36 लाख हेक्टेयर में मसूर, 3.30 लाख हेक्टेयर में मटर तथा 12.33 लाख हेक्टेयर में सरसों की बिजाई का लक्ष्य नियत किया गया है। उम्मीद की जा रही है कि इन सभी फसलों का क्षेत्रफल अपने नियत लक्ष्य तक पहुंच जाएगा।

---

तीन दिवसीय 23वां ईवी एक्सपो

# ऑलफाइन ने स्कूल बस और कार्गो व्हीकल किया प्रदर्शित


प्रदर्शनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रगति मैदान में चल रहे तीन दिवसीय 23वें ईवी एक्सपो में पहली बार हिस्सा ले रही ईवी निर्माता कंपनी 'ऑलफाइन' पहली बार स्कूल वैन, कार्गो और कचरा उठाने वाली गाड़ियों के रूप में ई व्हीकल्स लेकर आई है। ऑलफाइन कंपनी 2014 से ईवी निर्माण में सक्रिय है और अपने ग्राहकों के लिए सुरक्षित एवं टिकाऊ ई व्हीकल्स बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। ऑलफाइन के संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल आनंद ने बताया, हमारी कंपनी का उद्देश्य सुरक्षित ईवी का निर्माण करना है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा मिल सके। इसलिए हम अपने वाहनों की प्रोजेक्टर हैडलाइट सहित सभी सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देते हैं और अपने सभी पुर्जे स्वयं बनवाते हैं। प्रदूषण की बढ़ती समस्या से निबटने के लिए भी ईवी से बेहतर कोई अन्य विकल्प नहीं है। अनिल आनंद ने यह भी बताया कि फिलहाल कंपनी एल-3 श्रेणी के ई वाहनों का निर्माण करती है।

### टाटा सिएरा की 70 हजार से ज्यादा बुकिंग

**मुंबई।** आइकॉनिक टाटा सिएरा ने भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में जोरदार वापसी धमाकेदार वापसी की है और कार प्रेमियों के दिलों पर छा गई है। बुकिंग शुरू होने के पहले ही दिन ग्राहकों के उत्साह और भरोसे का नया कीर्तिमान रचते हुए सिएरा ने 70 हजार से अधिक कन्फर्म ऑर्डर हासिल किए हैं। इसके अलावा, 1.35 लाख अन्य ग्राहकों ने अपनी पसंदीदा कॉन्फिगरेश सबमिट कर दी है और वे बुकिंग की औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया में हैं।



---

## बिजनेस न्यूज

### भाभा विवि ने आयोजित किया 'राष्ट्रीय गणित सप्ताह'

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा समर्थित एवं उत्प्रेरित राष्ट्रीय गणित सप्ताह-2025 का शुभारंभ भाभा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आरकेडीएफ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलगुरु डॉ. दिलीप कुमार डे, विशिष्ट अतिथि डॉ. अंशु सिंह, प्रोफेसर, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, गेस्ट ऑफ ऑनर माननीय प्रतिकुलगुरु डॉ. भारती सतनकर एवं कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकार की गरिमामयी उपस्थिति में सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ। स्वागत उद्बोधन में कुलगुरु ने विद्यार्थियों को गणित को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा सतत प्रयासों के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अंशु सिंह ने अपने उद्बोधन में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन की कठिनाइयों एवं उनकी असाधारण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



### कॅरियर कॉलेज ऑफ लॉ के स्क्वाड-21 छात्र क्लब द्वारा ओपन माइक प्रतियोगिता आयोजित

**भोपाल।** कॅरियर कॉलेज ऑफ लॉ के स्क्वाड-21 छात्र क्लब द्वारा अंतर-महाविद्यालय ओपन माइक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम सभी संकाय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिसके अंतर्गत स्टैंड अप कॉमेडी, कविता पाठ, एकल गायन और मनोरंजक म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई। ग्रुप डायरेक्टर प्रोफेसर प्रदीप जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए छात्र क्लब के प्रयासों की सराहना की। प्रिंसिपल प्रो. डॉ अनिल के. दीक्षित ने छात्रों के सर्वांगीण विकास पर अपने विचार साझा किए। सभी विजेताओं को उपहार वितरित किए गए। फैकल्टी मेंबर्स के लिए भी म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हमीदा कुरैशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम संयोजक विभाग की आकांक्षा मसीह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए कॉलेज अध्यक्ष मनीष राजोरिया ग्रुप डायरेक्ट, प्रोफेसर प्रदीप जैन एवं प्रिंसिपल डॉ.अनिल दीक्षित ने विद्यार्थियों के उत्साह और सहभागिता के प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभाग की डॉक्टर यह गायत्री यादव सहित सभी फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे।



### श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शौर्य कार्यक्रम संपन्न

**भोपाल।** श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तृतीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम शौर्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक अनंत कुमार सक्सेना, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार, फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन भोपाल के कार्यक्रम अधिकारी जगदीश परसाई उपस्थित रहे। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. प्रतिभा सिंह , प्रभारी प्राचार्य डॉ. साधना अनंत कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के चरण कमलो में पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयं स्वयंसेविकाएं पलक परमार, हर्षिता राजपूत, समृद्धि वैष्णव, कशिश, आशिका आदि उपस्थित थीं । कार्यक्रम में डॉ. अनंत कुमार सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को उनके जीवन में जो लक्ष्य होता है उसको पाने के लिए प्रेरित करती है और युवा इसमें निश्चित ही सफल होता है। फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन के कार्यक्रम अधिकारी जगदीश परसाई ने छात्राओं को मोबाइल का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव बताते हुए कहा कि छात्राओं को मोबाइल नियत समय पर ही प्रयोग करना चाहिए। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. प्रतिभा सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए अधिक से अधिक स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, छात्राएं, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ स्वयं सेविकाएं ,कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा त्रिपाठी एवं डॉ. अनीता तिवारी आदि उपस्थित थीं।

### नेस्ले ने किया प्लास्टिक सर्कुलैरिटी में निवेश

**भोपाल।** नेस्ले इंडिया ने रिक्रॉन पैनल्स के साथ सहयोग के माध्यम से प्लास्टिक सर्कुलैरिटी में निवेश किया है। नेस्ले इंडिया ने रिक्रॉन पैनल्स को उनकी वॉशिंग लाइन स्थापित करने में सहयोग प्रदान किया, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले 'रीसाइकलैट' जो कि रीसाइकल्ड पैनल्स के लिए कच्चा माल है की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी यह सहयोग अगले पाँच वर्षों में 1,00,000 टन कार्बन डाइऑक्साइड एमिशन में कमी लाने के साथ-साथ प्लास्टिक सर्कुलैरिटी को बढ़ावा देगा। रिक्रॉन पैनल्स की रणनीति सर्कुलर इकॉनॉमी समाधानों और एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी (ईपीआर) इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने के हमारे मिशन के अनुरूप है।



### रिलायंस प्रोडक्ट्स ने किया एसआईएल को री-लांच

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एफएमसीजी इकाई, रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने भारत के सबसे आइकॉनिक और हेरिटेज वाले पैकेज्ड फूड ब्रांड्स में से एक एसआईएल की वापसी की घोषणा की है। एक नए आधुनिक पोर्टफोलियो के साथ पुनर्जीवित किया गया। एसआईएल उन स्वादों को फिर से लेकर आया है जिनके साथ कई पीढिया बड़ी हुई हैं। अब आधुनिक उपभोक्ताओं की स्वाद, गुणवत्ता और मूल्य संबंधी अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। वैश्विक गुणवत्ता को किफायती दामों पर उपलब्ध कराने के आरसीपीएल के वादे के अनुरूप, एसआईएल प्रीमियम गुणवत्ता वाले नूडल्स, केचप और जैम के साथ लौट रहा है, जिन्हें प्राकृतिक और पौष्टिक सामग्री से बनाया गया है। रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, केतन मोदी ने कहा,कि एसआईएल का री-लॉन्च आरसीपीएल की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि इसके माध्यम से हम पैकेज्ड फूड्स श्रेणी में अपनी पहली व्यापक शुरुआत कर रहे हैं।




### बिरला ओपस के 140 से अधिक डिपो और फ्रैंचाइजी स्टोर देशभर में

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला ग्रुप की बिरला ओपस पेंट्स देश में लगातार अपने ऑपरेशन बढ़ा रहा है, जिसमें ग्राहकों की बढ़ती मांग और ब्रांड के मजबूत डीलर नेटवर्क से मदद मिल रही है। कंपनी के पास 140 से अधिक डिपो और सबसे बड़ा फ्रैंचाईज़ी स्टोर नेटवर्क हो गया है, जो देश के सबसे बड़े डिस्ट्रीब्यूशन एवं सर्विसिंग नेटवर्क्स में से एक है। आज कंपनी के उत्पाद 10 हजार से अधिक शहरों में उपलब्ध हैं। ब्रांड के पोर्टफोलियो में 190 से अधिक उत्पाद और 1,750 से अधिक एसकेयू शामिल हैं।

### इंडसइंड बैंक ने महिला टीम को सम्मानित किया

**मुंबई।** इंडसइंड बैंक ने भारतीय नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम को ऐतिहासिक जीत के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। बैंक के प्रबंध निदेशक राजीव आनंद, साथ ही सीएबीआई के अध्यक्ष और समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के संस्थापक प्रबंध न्यासी, डॉ. महंतेश किवडासन्नवर और बैंक के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम और 700 से अधिक नेत्रहीन पुरुष और महिला क्रिकेटरों का समर्थन कर रही है।


## कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला- रायपुर (छ.ग.)

e-mail -- npkunra2016@gmail.com

क्रमांक/1089/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 कूंरा, दिनांक 16.12.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (5th call)**

Main : Portal : http://eproc.cgstate.gov.in, UADD_Portal : http://uad.cg.gov.in

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक /अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 182022 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunra Under SBM 2.0 (5th Call) | 238.14 | 1.50 | प्रारंभिक तिथि 18.12.2025 अंतिम तिथि 29.12.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा, जिला- रायपुर (छ.ग.)



## OFFICE OF THE COMMISSIONER,
Gwalior Municipal Corporation

No.-/PIU/2025 **(NIT)-3rd Call** Date : 17/12/2025

Gwalior Municipal Corporation, Gwalior Invites online for the following work:

| S. no. | E-Tender No. | Tender Name | Probable Amount of Contract (Rs) | EMD (Rs) | Tender Fee (Rs) | Period of completion | Sale End Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD _456513_3 | Supply & Erection of Precast median at Airport Road in Gwalior. File No. 270/25/3/3 | 2,11,33,141/- | 1,05,666/- | 12,500/- | 04 Month | 31/12/25, 5:30 Pm |

Full detail of the above tenders can be seen on www.mptenders.gov.in. Amendments to NIT, if any shall be published on website only. (G.S.T Excluding)

जनसम्पर्क RO क्रमांक 762, दिनांक 18-12-2025

Executive Engineer (PIU), Gwalior Municipal Corporation

## चिंतन

# अराजकता और धर्मांधता की आग में झुलस रहा बांग्लादेश

बांग्लादेश पिछले करीब डेढ़ साल से अराजकता और धर्मांधता की आग में गंभीर रूप से झुलस रहा है। इन दिनों में शायद ही कोई ऐसा महीना होगा, जब यहां हिंसा ना भड़की हो। शेख हसीना की सरकार गिराने के बाद देश में शांति लाने का वादा करने वाली मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंसा रोकने में नाकाम रही। हसीना सरकार के विरोध में हिंसक आंदोलन चलाने वाले छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में एक बार फिर आग भड़क गई। इस दौरान ढाका के पास भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। युवक के शव को नग्न करके पेड़ से लटका कर आग लगा दी गई। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है। उपद्रवियों ने देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में भी घुसकर तोड़फोड़ और आग लगा दी। भारतीय राजनयिक परिसरों और उनके घरों पर हमले किए गए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में तोड़फोड़ की गई। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। भारत के पड़ोस में धधकती यह अराजकता की आग लगाातर चुनौती बढ़ा रही है। देशभर में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यहां इस समय एक अलग ही किस्म का पागलपन भी चल रहा है। इस पागलपन के तहत बांग्लादेश में एक वीडियो वायरल है, जिसमें 'सिराजुद्दौला साम्राज्य' की फिर से स्थापना का ख्वाब दिखाया जा रहा है, जिसमें भारत के कई हिस्से शामिल हैं। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश वास्तव में सांप्रदायिक संक्रमण की ओर बढ़ रहा है या फिर सुनियोजित अस्थिरता के जाल में फंसता जा रहा है। दरअसल, मोहम्मद यूनुस असल में मोहम्मद अली जिन्ना की विचारधारा पर चल रहे हैं और उन्होंने बांग्लादेश में पाकिस्तान मॉडल लागू कर दिया। यह भारत के लिए भी चिंतनीय है। बांग्लादेश को लेकर भारत के सामने 1971 के बाद सबसे बड़ा रणनीतिक और राजनयिक संकट खड़ा हुआ है। यह चिंता विदेश मामलों पर संसद की समिति ने अपनी रिपोर्ट में जाहिर की है। कई मायनों में देखा जाए तो अभी बांग्लादेश में जिस तरह के हालात बन चुके हैं, उतनी बुरी स्थिति का सामना भारत को शायद बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान भी नहीं करना पड़ा था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाली समिति की रिपोर्ट से निकली बातों के विश्लेषण से पता चलता है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा की वजह से भारत के सामने कई बड़े और गंभीर संकट खड़े हुए हैं, जिनसे निपटना बहुत बड़ी चुनौती होगी। भारत की चिंता यह भी है कि बांग्लादेश चीन की रीजनल कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) में शामिल हो सकता है। चीन ने 370 मिलियन डॉलर का इस्तेमाल करके इसके मोंगला बंदरगाह का विस्तार किया है। इसके चलते भारत ने अपनी सुरक्षा के लिए खुलना-मोंगला रेलवे लाइन में निवेश किया है। बहरहाल, बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे भारत को सिर्फ कूटनीतिक संकट का ही सामना नहीं करना पड़ रहा है, इसकी वजह से भारत की आतंरिक सुरक्षा का संकट भी गहरा गया है। बांग्लादेश की यूनुस सरकार भारत-विरोधी ताकतों, खासकर पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बन गई है। वहां पाकिस्तानी सेना के माध्यम से आईएसआई की गतिविधियां बढ़ गई हैं। ऐसे समय में भारत को बड़ी सजगता के साथ काम करना होगा।



संसद सत्र
डॉ. पवन कुमार शर्मा

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया।

# 'जी राम जी' पर जीत, प्रदूषण पर चर्चा नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। 1 से 19 दिसंबर तक आयोजित शीतकालीन सत्र में देश की आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई और राष्ट्रीय महत्व के अनेक विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। सत्र की कार्यवाही अपेक्षाकृत सुचारू रही और समय का प्रभावी उपयोग किया गया जिसकी वजह से इसकी उत्पादकता उल्लेखनीय रही। शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के अनुसार लोकसभा की कार्यवाही 92 घंटे 25 मिनट तक चली। 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और कुल 8 सरकारी विधेयक पारित हुए। प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने सदस्यों द्वारा पूछे गए 72 तारांकित प्रश्नों का मौखिक जवाब दिया।

लोक सभा में शून्य काल के दौरान 408 संसद सदस्यों ने लोक महत्व के मुद्दे उठाए। नियम 377 के अधीन संसद सदस्यों ने 372 मामले उठाए। शीत सत्र के दौरान संसद के पटल पर कुल 2116 पत्र रखे गए। विभिन्न विभागों से संबंधित स्थायी संसदीय समितियों ने कुल 40 रिपोर्ट्स पेश कीं। शीत सत्र के दौरान सांसदों की तरफ से कुल 137 प्राइवेट मेंबर्स बिल इंट्रोड्यूस किए गए। 8 दिसंबर 2025 को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोक सभा में प्रधानमंत्री ने चर्चा की शुरुआत की। वंदे मातरम् पर 11 घंटे 32 मिनट तक चली चर्चा में कुल 65 सांसदों ने अपनी बात रखी। इसके बाद 9-10 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और चुनाव सुधारों पर कुल 13 घंटे चर्चा हुई और इसमें पक्ष-विपक्ष के 63 सांसदों ने हिस्सा लिया। सत्र के दौरान हंगामा, बहस और विधायी कार्य सब कुछ हुआ। शीतकालीन सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 (जी राम जी बिल) का संसद के दोनों सदनों से पारित होना रहा। शीत सत्र के दौरान यही विधेयक सबसे अधिक हंगामे का कारण बना। लोक सभा में 17-18 दिसंबर को विपक्ष के विरोध के बीच ये बिल दोनों सदनों से पास हो गया। इसे पुराने मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोजगार कानून बनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष 125 दिनों की मजदूरी की गारंटी है। संसद के दोनों सदनों में देर रात चली घंटों की लंबी चर्चा के बावजूद यह विधेयक सरकार बनाम विपक्ष की जंग का कारण बना। सरकार जहां इसे 'विकसित भारत' की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष ने इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताया। सरकार के मुताबिक यह विधेयक मनरेगा का अपग्रेडेशन है और 125 दिन रोजगार की गारंटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था चमकेगी। दूसरी तरफ विपक्ष का कहना है कि यह बिल मनरेगा को कमजोर करेगा। लिहाजा इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाना चाहिए। हालांकि विपक्ष की यह मांग ध्वनिमत के आगे धराशायी हो गई।



न्यूक्लियर एनर्जी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिल भी विंटर सेशन में पारित हुआ है। सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल दोनों सदनों से पास हो गया है। यह विधेयक भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और अन्य ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में बड़ा कदम है। इसे क्लीन-एनर्जी भविष्य के साथ ही 2070 तक नेट जीरो इमिशन और 2047 तक देश की न्यूक्लियर ऊर्जा क्षमता को 100 गीगावॉट तक बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस दौरान टैक्स और जीएसटी से जुड़े बिल भी पास हुए। इनमें सिगरेट, तंबाकू, पान मसाला जैसे 'सिन गुड्स' पर लगने वाले सेस को जीएसटी कंपनसेशन के रूप में इस्तेमाल करने वाले दो फाइनेंस बिल शामिल हैं। मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) बिल 2025 पास हुआ जो राज्य स्तर पर जीएसटी कानून को राष्ट्रीय ढांचे से जोड़ता है। मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, चुनाव सुधार एवं राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण जैसे मुद्दों ने भी पूरे सत्र के दौरान सुर्खियां बटोरीं। जुलाई-अगस्त 2025 में, संसद का मॉनसून सत्र स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और इलेक्टोरल रोल्स विवाद के चलते हंगामे की भेंट चढ़ गया था। शीत सत्र के दौरान भी विपक्ष ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल ऑफिसर्स पर रोल रिवीजन के नाम पर दबाव डाला जा रहा है जिसके चलते वे सुसाइड कर रहे हैं।


दोनों सदनों में नारे, वॉकआउट और स्थगन हुए। शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर दोनों सदनों में घंटों चर्चा के बावजूद यह मुद्दा खत्म नहीं हुआ है। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया। हंगामे की वजह से इस पर समुचित चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा में यह चर्चा नियम 193 के तहत होनी थी। इस नियम के तहत बिना मतदान की शॉर्ट डिस्कशन का प्रावधान है। हालांकि वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या को लेकर विपक्ष की तरफ से संसद परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। कुछ सांसदों ने मास्क पहनकर और ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। संसद के उच्च सदन राज्यसभा में भी उत्पादकता के हिसाब से अच्छा कामकाज हुआ। राज्यसभा का यह 269वां सत्र था। राज्यसभा में कुल 92 घंटे संसदीय कार्यवाही चली और प्रोडक्टिविटी 121 फीसदी रही।

अपने समापन संबोधन में सी. पी. राधाकृष्णन ने सदन को बताया कि इस सत्र में कई उल्लेखनीय काम हुए, जिनमें प्रतिदिन औसतन 84 से अधिक शून्यकाल नोटिसों का अभूतपूर्व आंकड़ा शामिल है जो कि पिछले दो सत्रों की तुलना में 30.1 प्रतिशत ज्यादा है। शून्यकाल के दौरान प्रतिदिन 15 से अधिक मामले उठाए गए, जो लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में सरकार का दबदबा स्पष्ट दिखा लेकिन विपक्ष ने भी अपनी आवाज मजबूती से बुलंद की। समग्र रूप से संसद का शीतकालीन सत्र 2025 एक सफल, उत्पादक और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला सत्र सिद्ध हुआ है। संसद सदस्यों ने जहां अपनी विधायी और संवैधानिक जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया, वहीं प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित की गई। कुल मिलाकर यह सत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सक्रियता और मजबूती का सशक्त प्रमाण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बेटे की शादी
रवि शंकर



# डॉ. मोहन यादव ने पेश की सादगी की मिसाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे पुत्र डॉ. अभिमन्यु यादव का डॉक्टर इशिता के साथ हाल ही में उज्जैन में संपन्न हुआ विवाह इस प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में सामाजिक समरसता, सादगी और सद्भाव की मिसाल बना है। एक सही और प्रजा पालक शासक के रूप में उन्होंने अपने पुत्र का विवाह उज्जैन में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में करने का निर्णय लेकर आम जनता को यह संदेश दिया कि बेशक मैं मुख्यमंत्री जरूर हूं लेकिन हूं मैं आप जैसा आम इंसान, जो अपनों के बीच इस खुशी को बांटकर, आम इंसानों के बीच आम इंसान ही बना रहना चाहता है।

यह भारतीय संस्कृति में विवाह के संस्कार पक्ष को उसके स्टेटस सिंबल पक्ष पर वरीयता देने का स्पष्ट संकेत है। यह पहल उन लाखों मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए एक सशक्त उदाहरण पेश करती है, जो सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखने की होड़ में अनावश्यक कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। इस समारोह का केंद्रीय और सबसे गहरा संदेश सामाजिक समरसता में निहित है। यह व्यवस्था सामाजिक समानता का एक जीवंत प्रदर्शन है। जब राज्य के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति का पुत्र सामान्य पृष्ठभूमि के अन्य जोड़ों के साथ एक ही मंच साझा करता है तो यह प्रतीकात्मक रूप से सामाजिक दर्जे की दीवारों को ध्वस्त करता है। यह स्पष्ट करता है कि विवाह जैसे पवित्र बंधन में सभी जोड़े समान हैं, चाहे उनकी आर्थिक या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

अब यह मॉडल केवल गरीबों या सरकारी योजनाओं तक सीमित न रहकर, समाज के सभी वर्गों के लिए एक प्रतिष्ठित और समावेशी विकल्प के रूप में उभर सकता है। खास बात यह है कि अब सहजता, सादगी और आडंबर से दूर इससे बड़ी मिसाल और क्या होगी? यह इस बात को भी दर्शाता है कि मोहन राज में आम आदमी और मोहन यादव के परिवार में कोई फर्क नहीं है क्योंकि सत्ता शिखर पर बैठे व्यक्ति का पुत्र और सामान्य तथा दलित का पुत्र एक ही मंडप के नीचे परिणय सूत्र में बंध रहे हैं। सामाजिक समरसता शायद यही है और सामाजिक समरसता ऐसी होनी और रहनी भी चाहिए। डॉ. यादव का यह प्रयास निश्चित रूप से उन तमाम लाखों परिवारों के लिए एक संदेश है जो महंगी शादी के कारण न केवल कर्ज के बोझ से दब जाते हैं बल्कि अपनी जीवन भर की बचत को भी इसमें लगा बैठते हैं। उनका यह आयोजन यह भी स्पष्ट करता है कि विवाह केवल पैसे का दिखावा और फिजूलखर्ची नहीं है बल्कि एक संस्कार युक्त वह आयोजन है जिसका हमारे सनातन में धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है और यही शायद सबसे महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने नवाचारों के साथ सादगीपूर्ण और आडंबर रहित जीवन जीने के लिए जाने जाते हैं। वे उन विरले नेताओं में से हैं जिनका परिवार कभी भी शासकीय आवास में स्थायी रूप से नहीं रहा। वे अपने परिवार को राजनीति से दूर रखते हैं और हमेशा आम जीवनशैली अपनाने पर ज़ोर देते हैं। उनका मानना है कि नेता की पहचान उसके आचरण और सादगी से होती है, न कि उसके पद से। हालांकि, सीएम डॉ. यादव के परिवार में ये कोई नई बात नहीं है। पिछले साल उनके बड़े बेटे वैभव की शादी राजस्थान में हुई थी। वो भी बेहद साधारण तरीके से। न कोई डीजे, न बारात का लंबा काफिला। बस, परिवार और करीबी लोग। सवाल अहम यह है कि जिस तरह से डॉ. मोहन यादव ने बेहद सादगी, सामाजिक समरसता और सद्भाव के साथ अपने बेटे का विवाह संपन्न कराया है क्या इससे अन्य जनप्रतिनिधि, मंत्री प्रशासनिक अधिकारी प्रेरणा लेंगे? दरअसल, भारतीय राजनीति में नेताओं की शादियां हमेशा सुर्खियों में रही हैं। अतीत में, कई राजनेताओं ने अपने बच्चों की शादियों को सादगी से संपन्न कराकर मिसाल पेश की है। हालांकि, हाल के वर्षों में, सत्ता और धन के प्रदर्शन की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिसने अक्सर वीआईपी कल्चर को बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री की पहल इस प्रदर्शनवादी प्रवृत्ति के खिलाफ एक सुधारात्मक कदम के रूप में देखी जा सकती है। यह पहल राजनीति और आम जनता के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करती है। यह केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं है, बल्कि एक प्रशासनिक संदेश भी है कि सरकारें जिस सामूहिक विवाह योजनाओं को बढ़ावा देती हैं (जैसे मध्य प्रदेश में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना'), उन्हें उच्च नेतृत्व द्वारा भी स्वीकारा जाता है।

## भजन ही शरीर का प्राण है



संकलित
दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है।

## एक दिन का पुण्य ही क्यों



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### सोने की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित किया जाए

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़या थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आततायों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। **–संकेत अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

### महत्वपूर्ण बदलाव



भारत के रूपांतरण हेतु सतत परमाणु ऊर्जा दोहन एवं विकास (शांति) विधेयक, 2025 का संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होना भारत की प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा संबंधी महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।
**-नीतिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### फ्लाईओवर का लोकार्पण



जब विकास की सोच वाली डबल इंजन की सरकार आती है तो विकास भी उतनी ही तीव्र गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देता है। आज गोरखपुर में अत्याधुनिक रेलवे फ्लाईओवर का लोकार्पण किया।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### विरासत का संरक्षण



असम के लिए महाराजा कुमार भास्कर वर्मा का योगदान अतुलनीय है। संस्थानों, बुनियादी ढाँचे और प्रतिमाओं के माध्यम से उन्हें सम्मानित करके, हम अपनी विरासत को संरक्षित कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियाँ गौरव, प्रेरणा और एक सशक्त पहचान की भावना प्राप्त कर सकें।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### भारत की असली ताक़त



दरगाह हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (रह.) अजमेर शरीफ़ की तालीम "मोहब्बत सबके लिए, नफ़रत किसी से नहीं", आज के दौर में और भी ज़्यादा प्रासंगिक है। भाईचारा, लोकतंत्र और संविधान की हिफ़ाज़त ही भारत की असली ताक़त है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# भारत पर पाक का सिंधु जल संधि कमजोर करने का आरोप



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार ने शुक्रवार को कहा कि भारत सिंधु जल संधि को लगातार कमजोर कर रहा है और इस तरह का उल्लंघन समझौते के मूल सिद्धांतों पर प्रहार है।
डार पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं। वह पाकिस्तान द्वारा चिनाब नदी के प्रवाह में बदलाव के संबंध में भारत से स्पष्टीकरण मांगे जाने के एक दिन बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, "हमने इस वर्ष अप्रैल में भारत की ओर से सिंधु जल संधि से एकतरफा रूप से हटने की कार्रवाई देखी... लेकिन अब हम भारत द्वारा किए जा रहे ऐसे गंभीर उल्लंघन देख रहे हैं, जो सिंधु जल संधि के मूल सिद्धांतों पर प्रहार करते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता एवं अंतरराष्ट्रीय कानून की पवित्रता दोनों के लिए गंभीर परिणाम वाले हैं।" इस साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपाय किए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को ''स्थगित'' करना भी शामिल था। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करती रही है।

## ऑफ बीट

# भांग की सूक्ष्म खुराक से अल्जाइमर रोकने में मदद



विश्व भर में जैसे-जैसे बुजुर्ग आबादी रही है, उसके साथ ही अल्ज़ाइमर रोग जैसी मनोभ्रंश (डिमेंशिया) समस्याओं से पीड़ित लोगों की तादात भी बढ़ रही है। इस समस्या के लिए सीमित उपचार और उपलब्ध दवाओं की सीमित प्रभावशीलता को देखते हुए, नए उपचारात्मक तरीकों में रुचि बढ़ रही है। इन तरीकों में भांग (कैनाबिस) के पौधे से प्राप्त कैनाबिनॉयड्स भी शामिल हैं। कैनाबिनॉयड्स का मतलब है भांग (कैनाबिस) के पौधे में पाए जाने वाले या कृत्रिम रूप से बनाए गए ऐसे रासायनिक यौगिक, जो शरीर के एंडोकैनाबिनॉयड तंत्र पर असर डालते हैं। अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ़ अल्ज़ाइमर्स डिज़ीज़ में प्रकाशित ब्राजील के एक नए छोटे अध्ययन में हल्के अल्ज़ाइमर रोग से पीड़ित मरीजों पर भांग के सत की सूक्ष्म खुराकों के प्रभावों की जांच की गई। परिणामों में भांग से जुड़ा "नशा" पैदा किए बिना सकारात्मक प्रभाव पाए गए। इसमें भांग के सत से तैयार एक तेल के दैनिक उपयोग के प्रभावों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें टीएचसी और सीबीडी समान अनुपात में तथा अत्यंत कम सांद्रता में (प्रत्येक कैनाबिनॉयड 0.3 मिलीग्राम) मौजूद थे। ये उप-मन:प्रभावी खुराक पौधे के मौज-मस्ती के लिए किए जाने वाले उपयोग से जुड़े "नशे" का कारण नहीं बनतीं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

लोकसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त, स्पीकर बिरला ने बुलाई बैठक

# कई अहम विधेयक पारित, राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर किए तीखे हमले
# 111 प्रतिशत रही सदन की उत्पादकता, सभापति ने भी दी माननीयों को नसीहत




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जिसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए, जिनमें 20 साल पुरानी मनरेगा को निरस्त करने वाला विधेयक और निजी भागीदारी के लिए नागरिक परमाणु क्षेत्र को खोलने वाला विधेयक भी शामिल है। शीतकालीन सत्र के दौरान कुल बैठक का समय 92 घंटे और 25 मिनट था। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपना संक्षिप्त विदाई भाषण पढ़ा, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और सदस्य महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा करने के लिए देर रात तक बैठे रहे। इसके बाद उन्होंने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया, जिससे 1 दिसंबर को शुरू हुआ संक्षिप्त सत्र समाप्त हो गया।

शुक्रवार को लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, इसके साथ ही संसद के 19 दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए

निचला सदन स्थगित

**92** घंटे और 25 मिनट की कुल बैठक

**19** दिवसीय शीतकालीन सत्र का समापन



लोकसभा अध्यक्ष के साथ सांसदों की बैठक का दृश्य

### 'वीबी-जी राम जी' विधेयक पास

इस सत्र के आखिरी दो दिनों में 'वीबी-जी राम जी' विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से पास हुआ है। इसको लेकर विपक्ष ने काफी विरोध किया है। इसके अलावा राज्यसभा में परमाणु ऊर्जा से संबंधित शांति विधेयक भी परित हो चुका है। शीतकालीन सत्र के दौरान वंदे मातरम से लेकर चुनाव प्रक्रिया में सुधार को लेकर लंबी बहस हुई थी। जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से एक-दूसरे पर काफी पलटवार हुए।

## अंतिम कार्यदिवस पर कोई विधायी काम नहीं हो पाया

अंतिम कार्यदिवस पर लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण कोई विधायी काम नहीं हुआ और स्पीकर ओम बिरला ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने अपने कक्ष में सांसदों को चाय पर आमंत्रित किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव समेत विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे।



## विदाई भाषण पर विपक्ष ने लगाए 'महात्मा गांधी की जय' के नारे

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विदाई भाषण पढ़ रहे थे, तब कुछ विपक्षी सदस्य 'महात्मा गांधी की जय' के नारे लगाते हुए देखे गए। निचली सदन की कार्यवाही स्थगित होने के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे। शीतकालीन सत्र की 15 बैठकों के दौरान सदन में दो राजनीतिक रूप से संवेदनशील बहसें हुईं - एक वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर और दूसरी चुनाव सुधारों पर।

### ओपीएस बहाली का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं

15 दिसंबर को लोकसभा में कुछ सवालों के जवाब में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) या यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए ओपीएस को बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*राहुल का मोदी सरकार पर बड़ा हमला*

## 20 साल का मनरेगा एक दिन में ध्वस्त

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में खत्म कर दिया। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया।



### विधेयक को गांव विरोधी करार दिया

राहुल ने मनरेगा की नए विधेयक विकसित भारत जी राम जी को गांव विरोधी करार दिया और कहा कि पीएम मोदी के लक्ष्य साफ हैं, ग्रामीण भारत, खासकर पिछड़े वर्ग की ताकत को कमजोर करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना और फिर नारों को सुधार के तौर पर बेचना। एक पोस्ट में राहुल ने लिखा कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में ध्वस्त कर दिया। इसने अधिकार, मांग आधारित गारंटी को खत्म कर दिया है। यह डिजाइन से ही राज्य विरोधी और गांव विरोधी है।

*पहले सत्र पर बोले सभापति राधाकृष्णन*

15 दिवसीय बैठकों का ब्योरा दिया

## व्यवधान सांसदों की गरिमा के अनुरूप नहीं, 121 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की

राज्यसभा के सभापति सीपीराधाकृष्णन ने जी राम जी के पारित होने के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा किए गए आचरण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि व्यवधान संसद सदस्यों की गरिमा के अनुरूप नहीं है। राधाकृष्णन ने 15 दिनी बैठकों के दौरान कार्यों का संक्षिप्त ब्योरा देने के बाद उच्च सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। गुरुवार को विपक्षी सदस्यों द्वारा नारेबाजी करने, तख्तियां दिखाने, मंत्री के जवाब में बाधा डालने, कागज फाड़ने और उन्हें आसन के समक्ष फेंकने से जो व्यवधान पैदा हुआ।



### विपक्ष ने किया विधेयकों का विरोध

राज्यसभा ने गुरुवार को आधी रात के बाद 12 बज कर 35 मिनट तक बैठक कर 20 साल पुरानी ग्रामीण रोजगार योजना 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (मनरेगा) को प्रतिस्थापित करने वाला विधेयक पारित किया, जिसके तहत अकुशल श्रम के लिए प्रति परिवार गारंटी वाले कार्यदिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। विपक्षी सांसदों ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' से राष्ट्रपिता का नाम हटाए जाने का विरोध किया। सभापति ने कहा कि उच्च सदन का 269वां सत्र अत्यंत उत्पादक रहा और लगभग 92 घंटे की बैठकों के साथ 121 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की गई।

---

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड में बाहरी निजी वाहनों पर ग्रीन सेस जल्द

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार 1 जनवरी से राज्य में बाहर से आने वाले निजी वाहनों पर 'ग्रीन सेस' वसूलने की व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसका मकसद पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और सड़क सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है। सीएम पुष्कर सिंह धामी की नाराजगी पर परीक्षण जारी है।



### जयपुर में 6.51 लाख के नकली नोट जब्त

**जयपुर।** क्राइम ब्रांच आयुक्तालय की सीएसटी टीम ने पुलिस थाना चित्रकूट क्षेत्र में जाली नोटों के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6 लाख 51 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। साथ ही जाली नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी जब्त किए गए हैं।



### नवंबर में 64 दवाएं फेल, 200 नमूने घटिया

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि नवंबर में केंद्रीय दवा प्रयोगशालाओं ने 64 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता का नहीं (एनएसक्यू) पाया है। इसके अलावा, राज्य दवा परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 141 दवा नमूनों को भी एनएसक्यू श्रेणी में रखा है।

## महिला वकील के कथित उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

# संबंधित अवधि के सीसीटीवी फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए, 'छेड़छाड़' न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोएडा के एक पुलिस थाने में महिला वकील से कथित हिरासत में यौन उत्पीड़न और अवैध नजरबंदी के गंभीर आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया है कि संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए। अदालत ने आदेश दिया कि फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए। कोर्ट ने शुरुआत में याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी, लेकिन आरोपों की गंभीरता और सीसीटीवीसे जुड़े मुद्दे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई का फैसला किया। इस पर अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान महिला वकील की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश के बाद अब कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करेगा।

### केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी

7 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

अदालत ने पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया



सुप्रीम कोर्ट

#### वरिष्ठ वकील ने बताया 'बेहद गंभीर मामला'

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इसे 'बेहद गंभीर और शर्मनाक' मामला बताया। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली से सटे नोएडा में इस तरह की घटना हो सकती है, तो देश के अन्य हिस्सों की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है।

#### सीसीटीवी बंद करने का भी आरोप लगाया

याचिका में दावा किया गया है कि घटना के समय पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर बंद कर दिए गए या हटा दिए गए, जो सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का सीधा उल्लंघन है। साथ ही आरोप लगाया गया कि पुलिस अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज करने से इनकार किया और पीड़िता को धमकियां दी गईं।

#### एसआईटी या सीबीआई जांच की मांग

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं और निष्पक्ष जांच के ए मामले को विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई को सौंपा जाए।

#### 14 घंटे की अवैध हिरासत और उत्पीड़न का आरोप

महिला वकील ने आरोप लगाया कि जब वह अपने मुवक्किल की ओर से कानूनी जिम्मेदारी निभा रही थीं, तब नोएडा के सेक्टर-126 थाने में उन्हें करीब 14 घंटे तक अवैध रूप से हिरासत में रखा गया।

## 'सर तन से जुदा' का नारा भारत की संप्रभुता के लिए खतरा' और कानून को सीधी चुनौती



इलाहाबाद हाईकोर्ट

**इलाहाबाद।** यहां की हाई कोर्ट ने सितंबर 2005 में बरेली हिंसा में शामिल आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि 'गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा' का नारा लगाना कानून के अधिकार और संप्रभुता को सीधी चुनौती देना है और भारत की संप्रभुता और अंखडता के लिए गंभीर खतरा है, क्योंकि यह हिंसा और सशस्त्र विद्रोह को बढ़ावा देता है। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह के नारे का प्रयोग न केवल भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 के तहत दंडनीय है,जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है, बल्कि यह स्वयं इस्लाम के मूल सिद्धांतों के भी विरुद्ध है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

#### इसे कानूनी व्यवस्था को चुनौती देने के बराबर बताया

हाई कोर्ट ने टिप्पणी की 'गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा' का नारा लगाना, जिसमें नबी (पैगंबर) का अपमान करने पर सिर कलम करने की सजा का प्रावधान है, भारत की संप्रभुता और अखंडता के साथ-साथ भारतीय कानूनी व्यवस्था को चुनौती देने के बराबर है, जो गंभीर संवैधानिक उद्देश्य पर आधारित है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों में निहित है।

### तमिलनाडु-गुजरात में ड्राफ्ट सूची जारी

## दोनों राज्यों में हटाए गए डेढ़ करोड़ से अधिक मतदाता



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची में बड़े बदलाव किए हैं। चुनाव आयोग की तरफ से शुक्रवार को जारी की गई ड्राफ्ट सूची के अनुसार तमिलनाडु और गुजरात में मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए गए है। एक तरफ जहां तमिलनाडु मतदाता सूची से 97.37 लाख नाम हटाए गए है। गुजरात में 73.73 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए है। गुजरात में जारी ड्राफ्ट सूची में 5.08 करोड़ मतदाताओं में से केवल 4.34 करोड़ को वैध माना गया है। वहीं तमिलनाडु में 6.41 करोड़ मतदाताओं में से केवल 5.43 करोड़ मतदाताओं को वैध्य माना गया है। इसमें कई जिलों से लाखों मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इसके तहत कोयंबटूर में करीब 6.50 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए। वहीं डिंडीगुल जिले में 2.34 लाख वोटर हटे, जिससे कुल मतदाता संख्या 19.35 लाख से घटकर 16.09 लाख रह गई।

### चेन्नई में सबसे ज्यादा वोटर हटे

चुनाव आयोग के द्वारा जारी ड्राफ्ट सूची का सबसे ज्यादा असर राजधानी चेन्नई में देखने को मिला। यहां यहां 14.25 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए। इसके बाद कुल मतदाता संख्या 40.04 लाख से घटकर 25.79 लाख रह गई। करूर जिले में 79,690 मतदाताओं के नाम हटाए गए। यहां मतदाता संख्या 8.79 लाख से घटकर 8.18 लाख हो गई। साथ ही कांचीपुरम जिले में 2.74 लाख वोटरों के नाम काटे गए।

### इस कारण हटाए गए नाम

चुनाव आयोग द्वारा जारी ड्राफ्ट सूची से लाखों मतदाताओं का नाम क्यों हटाया गया। इस बात को चुनाव आयोग की तरफ से दिए गए बयान के आधार पर ऐसे समझा जा सकता है कि सूची में शामिल 1.56 लाख लोगों की मौत हो गई, 27,323 मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, 12.22 लाख वोटर दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो चुके थे और 18,772 मामलों में दोहरी वोटिंग पाई गई। चुनाव आयोग ने बताया कि यह ड्राफ्ट मतदाता सूची राज्यभर में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद तैयार की गई है। आगे आपत्तियां और दावे दर्ज करने के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

---

### दिल्ली-एनसीआर में एक सप्ताह में वायु गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार के निर्देश

## पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली- एनसीआर वायु प्रदूषण पर चौथी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति से निपटने दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों और नगर निकायों की कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। यह बैठकों की श्रृंखला में चौथी बैठक थी, जो निर्धारित प्रारूप में और निर्धारित मापदंडों के आधार पर आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी उपस्थित थे। यादव ने दिल्ली-



एनसीआर में खराब वायु गुणवत्ता की लगातार बनी हुई समस्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अभी तैयार की जा रही कार्य योजनाओं की समीक्षा जनवरी 2026 से हर महीने मंत्री स्तर पर की जाएगी। राज्य सरकारों से कहा गया कि वे सभी एनसीआर शहरों की भविष्य में प्रस्तुत की जाने वाली कार्य योजनाओं को अपने अधिकार क्षेत्र में एकीकृत करें।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें

उन्होंने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने राज्य सरकारों और नगर निकायों के किए गए उपायों पर अलग-अलग प्रस्तुतियों की समीक्षा की। उन्होंने जोर दिया कि इन कार्रवाइयों की गति को तब तक बनाए रखना आवश्यक है जब तक कि पूरे एनसीआर में वायु गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार न हो जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन आम जनता को अनावश्यक असुविधा नहीं होनी चाहिए। चिन्हित मुद्दों को सुधारात्मक कार्रवाई के माध्यम से हल किया जाएगा, जिसकी समीक्षा 15 दिनों में की जाएगी।

### पूर्वोत्तर को मिलेगा वर्ल्ड-क्लास गेटवे, पर्यटन और व्यापार बढ़ेगा

## पीएम मोदी आज करेंगे 'बैम्बू ऑर्किड्स' टर्मिनल-2 का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम का 20-21 को असम दौरा

पीएम नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर को गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बैम्बू ऑर्किड्स टर्मिनल 2 का उद्घाटन करेंगे। यह सालाना 1.31 करोड़ यात्रियों को संभालने के लिए बनाया गया है। गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्टपर नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग (टर्मिनल-2) का उद्घाटन प्रधामंत्री 20 दिसंबर को करेंगे। यह टर्मिनल असम की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित 'बैम्बू ऑर्किड्स' थीम पर आधारित है, जिसमें बांस की वास्तुकला, फॉक्सटेल ऑर्किड के मोटिफ्स और गमोसा से प्रेरित डिजाइन शामिल हैं। गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बना यह नया टर्मिनल सस्टेनेबल डिजाइन को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो आधुनिक सुविधाओं के साथ स्थानीय संस्कृति का सुंदर मिश्रण प्रस्तुत करता है।

### 1.31 करोड़ यात्रियों की सालाना क्षमता



'बैम्बू ऑर्किड्स' टर्मिनल-2

गुवाहाटी हवाई अड्डे पर बना बैम्बू ऑर्किड्स टर्मिनल 2, कोपौ फूल (फॉक्सटेल ऑर्किड) और स्थानीय बांस से प्रेरित है। इसकी अनुमानित लागत करीब 4,000 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह टर्मिनल 2032 तक सालाना 1.31 करोड़ यात्रियों को हैंडल करने की क्षमता रखेगा।

#### वर्ल्ड-क्लास गेटवे

इस टर्मिनल के बन जाने से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इससे गुवाहाटी पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक वर्ल्ड-क्लास गेटवे के रूप में स्थापित करेगा।

#### सीएम ने शेयर की तस्वीरें

यह गुवाहाटी को पूर्वोत्तर और दक्षिण पूर्व एशिया के लिए एक वर्ल्ड-क्लास गेटवे के रूप में स्थापित करेगा। पर्यटन और व्यापार बढ़ेगा। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने टर्मिनल की तस्वीरें साझा की।

### आज बंगाल को भी देंगे 3,200 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री शनिवार को पश्चिम बंगाल में सुबह करीब 11:15 बजे पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के राणाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम लगभग 3,200 करोड़ की लागत वाली दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## 'डंकी रूट' सिंडिकेट के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई

# करीब 5 करोड़ नगद, 313 किलो चांदी और 7 करोड़ का सोना बरामद

ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के तहत चल रही जांच का हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में अमेरिका से 330 भारतीयों के डिपोर्टेशन से जुड़ी है। छापे के दौरान दिल्ली स्थित एक ट्रैवल एजेंट के ठिकाने से ईडी को बड़ी मात्रा में नकदी और कीमती धातुएं मिलीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'डंकी रूट' सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जालंधर जोनल ऑफिस की टीम ने शुक्रवार को पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक साथ 13 व्यावसायिक और आवासीय ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के तहत चल रही जांच का हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में अमेरिका से 330 भारतीयों के डिपोर्टेशन से जुड़ी है। छापे के दौरान दिल्ली स्थित एक ट्रैवल एजेंट के ठिकाने से ईडी को बड़ी मात्रा में नकदी और कीमती धातुएं मिलीं। 4.62 करोड़ नकद, 313 किलो चांदी और 6 किलो सोने के बिस्किट बरामद किए गए हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत 19.13 करोड़ बताई जा रही है। इसके अलावा मोबाइल चैट और डिजिटल सबूत बरामद हुए, जिनमें डंकी रूट के अन्य सदस्यों से टिकट, रूट और पैसे की डील की बातचीत दर्ज है।

*मोबाइल चैट डिजिटल सबूत बरामद हुए डंकी रूट की बातचीत दर्ज*

*सभी डिजिटल डेटा और दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच की जा रही*

### हरियाणा में 5 वीजा एजेंटों के घर छापा


ईडी द्वारा जब्त किए गए 5 करोड़ रुपए

चंडीगढ़ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र के पिहोवा, पानीपत के गांव अहर-कुराना और करनाल के निसिंग में पांच एजेंटों के घर छापामारी की। पानीपत का एजेंट बलवान अहर भाजपा नेता है व 2005 में नौल्था विस क्षेत्र से चुनाव लड़ चुका है। मतलौडा थाने में विदेश भेजने में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। उधर, दूसरा एजेंट प्रवीण पंचायत विभाग में खेल कोटे से नियुक्त ग्राम सचिव है व करनाल जिले में पोस्टिंग है। कुराना के प्रदीप के घर भी ईडी टीम पहुंची। प्रवीण व प्रदीप दोनों पार्टनर हैं। पांचों जगह ईडी की टीमें गुरुवार सुबह आठ बजे पहुंच गईं थीं।

### जमीन के कागजात गिरवी रखवाते थे

हरियाणा के एक प्रमुख एजेंट के ठिकाने से ऐसे रिकॉर्ड मिले, जिनसे पता चला कि वह लोगों को मेक्सिको के रास्ते अमेरिका भेजने के लिए उनकी प्रॉपर्टी या जमीन के कागजात गिरवी रखवाता था। इससे पैसा पक्का रहता और कोई भाग नहीं सकता। बाकी जगहों से मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य संदिग्ध सामान बरामद हुए, जो पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में मदद करेंगे। ईडी अब इन सभी डिजिटल डेटा और दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच कर रही है। यह जांच पंजाब और हरियाणा पुलिस की एफआईआर पर आधारित है, जिसमें ट्रैवल एजेंट्स, बिचौलियों और हवाला ऑपरेटर्स का जाल शामिल है।


जब्त 313 किलो चांदी और 7 करोड़

### पांच माह पहले भी की थी कार्रवाई


करीब पांच महीने पहले भी ईडी ने पिहोवा व इस्माईलाबाद में दो एजेंटों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। पिहोवा के वीजा एजेंट विशाल चावला के माडल टाउन स्थित घर पर आठ बजे ईडी की टीम पहुंची। वीजा एजेंट का नेटवर्क हरियाणा-पंजाब व हिमाचल प्रदेश तक है। ईडी को शक है विशाल ने डंकी रूट से लोगों को कई देशों में अवैध रूप से भेजा व करोड़ों रुपए वसूले। वीजा एजेंट विशाल के फरार होने की अटकलें तेज हो गई हैं।

### क्या है डंकी रूट?

'डंकी रूट' लोगों की जान जोखिम में डालकर अवैध तरीके से देश पार कराने का तरीका है, जिसमें दक्षिण अमेरिकी देशों से मेक्सिको होते हुए अमेरिका की सीमा पार की जाती है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली प्रदूषण दूर करने का बीजिंग तरीका



**नई दिल्ली।** चीन की राजधानी बीजिंग में 2007 में वायु प्रदूषण शुरू हुआ, और 2011 तक हालात दिल्ली से भी ज्यादा खराब हो गए थे। जिसके बाद कई उपाय अपनाए गए। भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर लिखा कि यह अंतर पिछले दस सालों में चीन की लगातार कोशिशों का नतीजा है। हम एक छोटी सी सीरीज शेयर करेंगे जिसमें बताया जाएगा कि चीन ने एयर पॉल्यूशन से कैसे निपटा है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। कई यूजर्स ने इसका स्वागत किया।

### ईडी ने किंगफिशर को लौटाए 312 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व कर्मचारियों को लंबे समय से बकाया रकम के तौर पर 312 करोड़ लौटा दिए हैं। चेन्नई के डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल द्वारा रेस्टिट्यूशन को मंजूरी मिलने के बाद यह रकम ऑफिशियल लिक्विडेटर को किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व कर्मचारियों को बांटने के लिए ट्रांसफर कर दी गई। ट्रिब्यूनल ने उन शेयरों की बिक्री से मिले फंड को जारी करने का निर्देश दिया था, जिन्हें पहले ईडी ने एसबीआई को वापस कर दिया था।

### नोएडा के स्कूलों में बम की सूचना से हड़कंप



**नोएडा।** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शहर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ई-मेल प्राप्त हुईं। इस सूचना के तुरंत बाद, पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर स्कूलों और आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान चलाया। गहन जांच और तलाशी के बाद, पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि स्कूलों को प्राप्त हुई धमकी भरी ई-मेल्स झूठी थीं। हालांकि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

## पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने के बांग्लादेशी नेता के बयान पर आक्रोश

# अगरतला में एकजुट हुए युवा आदिवासी डिप्टी हाई कमीशन के बाहर बड़ा प्रदर्शन

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश उप-उच्चायुक्त कार्यालय के बाहर टिपरा मोथा पार्टी की यूथ विंग ने विरोध प्रदर्शन किया। टिपरा मोथा पार्टी ने बांग्लादेश के नेताओं द्वारा भारत विरोधी बयानबाजी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने यूनुस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में शुक्रवार को सैकड़ों आदिवासी युवाओं और छात्रों ने बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया। यह विरोध बांग्लादेश के एक नेता के उस बयान के खिलाफ था, जिसमें भारत और पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर कथित तौर पर धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। यह प्रदर्शन यूथ टीआईपीआरए फेडरेशन टिपरा मोथा पार्टी की युवा इकाई (वायटीएफ) ने आयोजित किया, जो त्रिपुरा का एक बड़ा आदिवासी युवा संगठन है। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के नवगठित नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) के नेता हसनत अब्दुल्ला के बयान पर नाराजगी जताई। अब्दुल्ला ने कथित तौर पर कहा था कि अगर भारत बांग्लादेश को अस्थिर करने की कोशिश करता है, तो ढाका भारत के पूर्वोत्तर के 'सेवनसिस्टर्स' राज्यों को अलग-थलग करने की कोशिश का समर्थन कर सकता है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह बयान भारत की संप्रभुता और पूर्वोत्तर राज्यों की एकता पर सीधा हमला है। बता दें, हसनत अब्दुल्ला पहले 'स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन' आंदोलन के संयोजक रह चुके हैं, जिसने 2024 में बांग्लादेश में छात्र-जन आंदोलन का नेतृत्व किया था।

*भारत विरोधी बयानबाजी पर नाराजगी जाहिर की*

*अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया*


अगरतला में बांग्लादेश डिप्टी हाई कमीशन कार्यालय के बाहर विरोध जताते युवा आदिवासी

### सीमा सुरक्षा सख्त करने की केंद्र से मांग

वायटीएफ अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से भारत-बांग्लादेश की 4 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा की सख्त सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र ऐसा करने में नाकाम रहता है, तो आदिवासी लोगों को अपनी जमीन और हितों की रक्षा के लिए सशक्त किया जाना चाहिए।

### अंतरिम सरकार का भारत को दुश्मन के रूप में देखना 'दुर्भाग्यपूर्ण'

प्रदर्शन के दौरान आदिवासी युवाओं और छात्रों ने बांग्लादेश के अंतरिम मुखिया मोहम्मद यूनुस के खिलाफ भी नारे लगाए। हालांकि, डिप्टी हाई कमीशन कार्यालय के बाहर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोक दिया। वायटीएफ के अध्यक्ष सूरज देबबर्मा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश की नई पीढ़ी शायद भूल गई है कि उसका गठन भारत के सहयोग और 1971 के मुक्ति संग्राम में भारतीय सेना के बलिदान से हुआ था। उन्होंने कहा कि आज भारत को दुश्मन के रूप में दिखाया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। देबबर्मा ने बांग्लादेश के एक पूर्व सैन्य अधिकारी के उस कथित बयान का भी जिक्र किया, जिसमें सिलिगुड़ी कॉरिडोर के जरिए जुड़े पूर्वोत्तर भारत को अलग करने की बात कही गई थी।

### वायटीएफ पहले भी कर चुकी है प्रदर्शन

देबबर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शन बांग्लादेश को याद दिलाने के लिए था कि पूर्वोत्तर भारत का समुद्र तक सीधा रास्ता नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे बयान और कदम टिप्रासा लोगों की प्रतिक्रिया को मजबूर कर सकते हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि इसी साल वायटीएफ ने दक्षिण त्रिपुरा के बेलोनिया में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया था। यह विरोध बांग्लादेश द्वारा आंतरराष्ट्रीय सीमा के पास कथित अवैध तटबंध निर्माण को लेकर किया गया था।



टिपरा मोथा पार्टी हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताती हुई

## विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में किया गया है खुलासा

# बांग्लादेश के तनावपूर्ण हालातों के बीच बढ़ता चीन का प्रभाव भारत के लिए चिंता का सबब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के बीच विदेश मंत्रालय की संसद की स्थायी समिति ने लोकसभा में पेश की गई अपनी एक रिपोर्ट में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि भारत के निकट पड़ोसी बांग्लादेश के मौजूदा हालात बहुत ही चिंताजनक बने हुए हैं। वहां तेजी से बदलती राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति के नजरिए से देखें तो भारत वर्ष 1971 के मुक्ति संग्राम को लेकर छिड़े युद्ध के बाद से अब तक की सबसे मुश्किल चुनौती का सामना कर रहा है। समिति ने बांग्लादेश में बढ़ते चीन के प्रभाव को भी भारत के लिए चिंताजनक बताया है। मंत्रालय ने संसदीय समिति को अपना पक्ष बताते हुए ये स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों से चिंतित है। भारत, बांग्लादेश के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए तैयार है। मंत्रालय की इस संसदीय समिति की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश राज्य मंत्री शशि थरूर कर रहे हैं।



### इसलिए चिंताजनक है चीन का प्रभाव

*समिति ने बांग्लादेश में चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर कहा है कि यह मामला भारत के लिए काफी चिंताजनक है। क्योंकि चीन ने बांग्लादेश में जिस तेजी से अपना प्रभाव बढ़ाया है। वो भारत के रणनीतिक और आर्थिक हितों के लिहाज से ठीक नहीं है। समिति ने बांग्लादेश में एयरबेस लेकर पनडुब्बियों के बेस निर्माण और कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी को लुभाने की चीन की कोशिशों का भी अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है। इसके अलावा समिति ने भारत की सरकार को वहां जारी तमाम विदेशी शक्तियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए रखने की हिदायत दी है। समिति ने चीन द्वारा कोलकाता के करीब मोंगला बंदरगाह के विस्तार से लेकर लालमोनिरहट एयरबेस के विकास में ड्रैगन के योगदान पर चिंता जताई है।*

### निष्पक्ष चुनावों को लेकर अनिश्चितता बरकरार

समिति ने रिपोर्ट में बताया कि वर्तमान में बने हुए बांग्लादेश के जटिल और उभरते हुए हालातों के बीच लोकतांत्रिक ढंग से चुनावों को लेकर भी अनिश्चितता जताई है। समिति मानती है कि पिछले साल 2024 के अगस्त महीने में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार के पतन के बाद उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता ने अनिश्चितता के हालातों में बेतहाशा बढ़ोतरी के साथ ही भारत के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा खतरा भी पैदा कर दिया है। हसीना की अगुवाई वाली अवामी लीग पार्टी पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा चुनाव लड़ने पर लगाए गए ।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने रक्षा कानून एनडीएए पर किए हस्ताक्षर

# इंडो-पैसिफिक के तहत भारत और यूएस रक्षा साझेदारी होगी मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वित्त वर्ष 2026 के लिए नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट (एनडीएए) पर हस्ताक्षर किए। यह एक बड़ा रक्षा कानून है, जिसमें वाशिंगटन की इंडो-पैसिफिक पॉलिसी के हिस्से के तौर पर भारत के साथ अमेरिकी सैन्य सहयोग बढ़ाने और क्वाड के जरिए संबंधों को गहरा करने की बात कही गई है। यह कानून राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च के लिए 890 बिलियन डॉलर की मंजूरी देता है। यह अमेरिका को भारत के साथ सहयोग बढ़ाने का निर्देश देता है, जिसमें क्वाड सुरक्षा संवाद के जरिए एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को बढ़ावा देना शामिल है।


राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

## गोवा नाइटक्लब अग्निकांड मामला

# लूथरा ब्रदर्स ने जेल में फर्श पर बिना पंखे के बिताई रात, सादा खाना खाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा के अरपोरा में 'बिर्च बाय रोमियो लेन' के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा ने बुधवार रात अंजुना जेल में बिना पंखे के बिताई। जेल में दोनों भाइयों ने सादा खाना चावल-दाल खाया। अपनी पहली रात बिना किसी चटाई या कंबल के फर्श पर सोकर बिताई।

उन्हें सोमवार तक पुलिस जेल में ही में रखा जाएगा। गोवा पुलिस ने इस मामले में दोनों भाइयों से पूछताछ शुरू कर दी है। लूथरा ब्रदर्स से उनके साथियों की भूमिका, फैसले लेने की प्रक्रिया, फाइनेंशियल मामलों, इवेंट की परमिशन और दूसरे पार्टनर, मैनेजर और ऑर्गनाइजर की भागीदारी के बारे में 80 से ज्यादा सवाल पूछे गए।


गौरव (बाएं) और सौरभ लूथरा

## दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक

**वैश्विक मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई**

# आतंकवाद से मुकाबले के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत भारत-नीदरलैंड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के मुश्किल दौर में शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वेन वील के एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं के अलावा साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि बैठक में दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जारी प्रमुख गतिविधियों, यूक्रेन, दक्षिण-एशिया-पश्चिम-एशिया और मध्य एशिया के हालातों के साथ अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।



### आतंकवाद किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं: भारत

नीदरलैंड के विदेश मंत्री ने राजधानी दिल्ली में बीते वक्त में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी ओर से संवेदनाएं प्रकट की हैं। दोनों पक्षों ने आतंकवाद की उसके सभी रूपों, प्रकारों और अभिव्यक्तियों की सख्त अंदाज में निंदा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक चुनौती से मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग को व्यापक और सतत रूप से मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ऐलान

# देश के बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए बनेगा ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जहाजों और बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए एक समर्पित ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी (बीओपीएस) के गठन को लेकर समीक्षा बैठक की। इबैठक में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री तथा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शाह ने देशभर के बंदरगाहों के लिए एक मजबूत और प्रभावी सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षा उपायों को व्यापार क्षमता, भौगोलिक स्थिति और अन्य संबंधित मापदंडों को ध्यान में रखते हुए जोखिम-आधारित और चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए। बीओपीएस का गठन हाल ही में अधिनियमित मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 2025 की धारा 13 के प्रावधानों के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में किया जाएगा। ब्यूरो का नेतृत्व एक महानिदेशक करेंगे और यह केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अधीन कार्य करेगा।


बीओपीएस के गठन को लेकर समीक्षा बैठक करते मंत्री शाह

### साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर

बीओपीएस का गठन नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की तर्ज पर किया जा रहा है। इसका नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी (वेतन स्तर-15) द्वारा किया जाएगा। एक वर्ष की संक्रमण अवधि के दौरान, नौवहन महानिदेशक (डीजीएस/डीजीएमए) बीओपीएस के महानिदेशक के रूप में कार्य करेंगे। बीओपीएस सुरक्षा से संबंधित सूचनाओं के समयबद्ध विश्लेषण, संग्रहण और आदान-प्रदान को सुनिश्चित करेगा। जिसमें साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अंतर्गत बंदरगाहों की आईटी अवसंरचना को डिजिटल खतरों से सुरक्षित रखने के लिए एक समर्पित प्रभाग भी शामिल होगा।

## पाकिस्तानी अधिकारियों ने संसदीय समिति के सामने कबूला सच

**65 हजार से ज्यादा लोगों को विदेश जाने से रोका**

# हज या उमराह के नाम पर भीख मांग रहे 56 हजार पाकिस्तानियों को सऊदी अरब ने 'बाहर' निकाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हज या उमराह जैसी इस्लाम की पवित्र धार्मिक यात्राओं के नाम पर सऊदी अरब में जाकर भीख मांगने के नाम पर सऊदी अरब ने 56 हजार पाकिस्तान के लोगों को उनके देश वापस भेज दिया है। साथ ही पाकिस्तान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि वो अपने देशों के लोगों को हज-उमराह वीजा का दुरुपयोग करने से रोके। जिससे वे मक्का-मदीना जैसे पवित्र शहरों में भीख मांगने के लिए न आ सकें। सऊदी अरब के साथ खाड़ी क्षेत्र के देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी ऐसे ही एक मामले की वजह से करीब 6 हजार पाकिस्तानियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। साथ ही पाकिस्तान के लोगों को दिए जाने वाले वीजा की संख्या भी घटा दी है।

### एक बार विदेश गए तो कभी नहीं लौटे



पाकिस्तान की फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) महानिदेशक के मुताबिक, सऊदी अरब के अलावा दुनिया के बाकी देशों की स्थिति पर नजर दौड़ाएं तो कुछ में पाकिस्तान के नागरिक एक बार जाने के बाद फिर कभी वापस नहीं लौटे। मिसाल के तौर पर बीते वक्त में अजरबैजान ने भी लगभग 2 हजार 500 भिखारियों को भी अपने देश से चलता किया है। 2025 में ही 24 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी लोग कंबोडिया गए थे जिनमें से आधे यानी 12 हजार अभी तक वापस नहीं लौटे।

### 66 हजार लोगों को हवाईअड्डों पर रोका

एफआईए के महानिदेशक रिफत मुख्तार रजा ने नेशनल असेंबली (संसद) की विदेश मामलों की एक संसदीय स्थायी समिति की बैठक में उक्त मामले पर सच्चाई को स्वीकार करते हुए बताया कि अवैध प्रवास को रोकने के लिए इस साल एयरपोर्ट से ही करीब 66 हजार 154 यात्रियों विदेश की यात्रा करने से रोक दिया था।



अरेरा क्लब में आयोजित तीन दिवसीय आईएएस मीट के पहले दिन शुक्रवार को आयोजन का शुभारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे। शुभारंभ कार्यक्रम के बाद सभी अफसरों ने उनके साथ फोटो सेशन में हिस्सा लिया।

# लता जी व धर्मेंद्र के गाए गीत और उन पर खूब थिरके भी आईएएस...

## अरेरा क्लब में तीन दिवसीय आईएएस मीट का शुभारंभ, पहले दिन खेलकूद गतिविधियों संग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लगा तड़का





स्व. लता मंगेशकर के गीतों पर प्रस्तुति देते मुख्य सचिव अनुराग जैन व अन्य आईएएस अफसर। इनसेट : रात का समां झूमे चंद्रमा गीत सुनातीं अफसर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सदी के महानायक धर्मेंद्र और लता मंगेशकर की याद में आयोजित सांस्कृतिक संध्या उस समय यादगार बन गई, जब शहर और प्रदेश के जाने-माने आईएएस अधिकारियों ने मंच पर उतरकर उनके सदाबहार गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। जैसे ही जट यमला पगला दीवाना, ड्रीम गर्ल, तुम्हें दिल में बंद करके और ओ मेरी महबूबा जैसे लोकप्रिय गीत गूंजे, अरेरा क्लब का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

खास बात यह रही कि ये प्रस्तुतियां किसी पेशेवर कलाकार द्वारा नहीं, बल्कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच अपनी कला और रचनात्मकता को मंच पर उतारने वाले आईएएस अधिकारियों ने दी। शुक्रवार से शुरू हुई तीन दिवसीय मीट के पहले दिन बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और रैपिड चेस जैसी खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ गुलाबी ठंडक से सजी सर्द शाम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सांझ को यादगार बना दिया। जिसका लुत्फ दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से लिया।



स्व. धर्मेंद्र के फिल्म धर्मवीर के मशहूर गीत ओ मेरी महबूबा पर प्रस्तुति देते हुए आईएएस अफसर।



स्व. धर्मेंद्र पर फिल्माए गए फिल्म प्रतिज्ञा के गीत मैं जट यमला पगला दीवाना पर सामूहिक प्रस्तुति देते आईएएस अफसर।



भरतनाट्यम की प्रस्तुति देती एक बच्ची।

### रेड, ग्रीन, ब्लू और ऑरेंज हाउस से पेश किया कला, संस्कृति और सौहार्द का सुंदर संगम

कार्यक्रम में रेड, ग्रीन, ब्लू और ऑरेंज हाउस में विभाजित आईएएस अफसों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया, बल्कि कला, संस्कृति और सौहार्द का सुंदर संगम भी प्रस्तुत किया। यह संध्या लंबे समय तक दर्शकों की स्मृतियों में जीवंत बनी रहेगी।



स्व. लताजी के गीतों पर प्रस्तुति देतीं आईएएस अफसर।



स्व. धर्मेंद्र की फिल्म ड्रीम गर्ल के मशहूर टाइटल गीत पर प्रस्तुति देते आईएएस संकेत भोंडवे व अन्य अधिकारी।



फिल्म आया सावन झूमके के टाइटल गीत पर प्रस्तुति देती ऑरेंज टीम।



स्व. धर्मेंद्र की फिल्म यमला पगला दीवाना के गीत टिंकू जिया पर प्रस्तुति।



फिल्म उत्सव के गीत मन क्यूं बहका रे गीत की प्रस्तुति देतीं अफसर



आईएएस बनने की यात्रा पर एक नाटक की प्रस्तुति देते हुए अधिकारी।

## बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रैपिड चेस भी खेली

सुबह आईएएस अधिकारियों ने विभिन्न खेलकूद गतिविधियों से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया, किसी ने बास्केटबॉल, वॉलीबॉल में तो किसी ने दौड़ में अपनी प्रतिभा दिखाकर खूब तालियां बंटोरीं, वहीं रैपिड चेस में आईएएस अफसरों ने अपनी दिमागी कसरत भी की।



मीट में आयोजित खेलों में आईएएस धर्मेंद्र भदौरिया के परिवार ने भी हिस्सा लिया।



दौड़ में भाग लेते आईएएस अधिकारी।



वॉलीबॉल स्पर्धा में हिस्सा लेते आईएएस अफसर। इसमें ग्रीन हाउस की टीम ने खिताब अपने नाम किया।




आईएएस मीट के स्पोर्ट्स सहित अन्य गतिविधियों के आयोजन के लिए इस तरह मंच सजाया गया है।



आईएएस मीट में अधिकारियों के बच्चों के लिए आयोजित दौड़ में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

### रेड हाउस की टीम रिले रेस में चैंपियन बनी



आईएएस सर्विस मीट में शुक्रवार को हुए मुकाबलों में रेड हाउस की टीम रिले रेस में चैंपियन बनी। वहीं ग्रीन हाउस की टीम ने वॉलीबॉल का खिताब अपने नाम कर लिया। रेड हाउस की ओर से आरव, नायसा, प्रेमांशु और अविनाश लवानिया रहे।

### कार के बंपर में कलर ठीक से नहीं होने के कारण भड़का था दोनों के बीच विवाद

# थाना परिसर में दो पक्षों के बीच बढ़ा विवाद जमकर हुई मारपीट, काउंटर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना परिसर में शुक्रवार शाम दो पक्ष आमने सामने हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर डंडे, रॉड और लात घूंसों से मारपीट कर दी। हैरानी की बात तो यह है कि थाना परिसर में इतना बड़ा विवाद हो गया और पुलिस खड़े होकर देखते रही। इतना ही नहीं एफआईआर में थाने परिसर का जिक्र ही नहीं किया गया। थाना प्रभारी उमेश पाल चौहान से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। साथ ही जांचकर्ता अधिकारी ने भी कॉल रिसीव नहीं किया। डीसीपी ने इसे साधारण मारपीट की घटना बताया है।

जानकारी के अनुसार यावर अली (15) दसवीं क्लास में पढ़ता है और वह अपने चाचा सैयद सलमान अली की दुकान पर डेंटिंग-पेंटिंग के कारखाने में उनका हाथ बंटाता है। सलमान के कारखाने में अनवर खान ने तीन दिन पहले अपनी कार खड़ी की थी। कार के बंपर पर कलर होना था। कलर करने के बाद सलमान ने शुक्रवार दोपहर कार मालिक को बंपर पेंट करने के बाद कार लौटा दी। अनवर खान ने कार में समय अधिक लगने और काम ठीक से नहीं होने की बात कही। इसी बात को लेकर दुकान पर कहासुनी बढ़ गई। कहासुनी बढ़ने पर अनवर खान ने अपने साथियों को दुकान पर बुला लिया। विवाद बढ़ता देख सैयद सलमान और उनका भतीजा सहित दुकान पर काम करने वाले थाने पहुंच गए। उनके पीछे अनवर खान भी अपने साथियों को लेकर थाने पहुंच गया। थाना परिसर पहुंचने के बाद विवाद और बढ़ गया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पुलिस थाना परिसर में मारपीट होने लगी।



दोनों पक्षों के बीच मारपीट का सीसीटीवी फुटेज।

आरोपियों ने सैयद सलमान और उनके भतीजे यावर के साथ पहले लात घूंसों से मारपीट की फिर बेल्ट और रॉड से हमला बोल दिया। इधर जवाब में सैयद सलमान और यावर सहित दुकान के कर्मचारियों ने भी अनवर खान और उसके साथियों के साथ मारपीट की है। पुलिस ने सैयद सलमान की शिकायत पर अनवर, इमरान, आरिस और फराज पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार अनवर की शिकायत पर सलमान, यावर, इदरीश और बिहारी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### एफआईआर में थाना परिसर का जिक्र नहीं

शाहजहांनाबाद संवेदनशील क्षेत्र है। बावजूद इसके थाना परिसर में दो पक्षों के बीच संघर्ष होने से एक बार फिर पुलिस की संवेदनशीलता निशाने पर आ गई। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को ही मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने डीजी-आईजी के साथ बैठक की थी। बैठक में उन्होंने कहा था कि पुलिस का खौफ होना जरूरी है, लेकिन थाना परिसर में दोनों पक्षों के बीच मारपीट से यह तो तय हो गया है कि पुलिस का खौफ बचा नहीं है।

## कोहरे की मार जारी एयर इंडिया की दिल्ली उड़ानें हुई रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मौसम में बदलाव का असर लगातार उड़ानों की आवाजाही पर पड़ रहा है शुक्रवार को भी भोपाल दिल्ली उड़ान को निरस्त किया गया, जबकि कुछ उड़ानें आधे से एक घंटा देरी से भोपाल आईं। एयर इंडिया की दिल्ली भोपाल उड़ान सुबह के समय कोहरा होने के कारण भोपाल नहीं आ सकी जिसके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा इसके अलावा इंडिगो की रात की बेंगलुरु और दिल्ली उड़ान भी लेट आई। ख़राब मौसम के कारण कोहरे से उड़ानें लगातार प्रभावित हो रही है।



### आधुनिक मशीनों से स्वच्छता मित्र कर रहे साफ-सफाई

# वॉश ऑन व्हील के माध्यम से बदल गई कई गांवों के टॉयलेट की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के शहरी क्षेत्र से जुड़े गांवों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शुरू की गई वॉश ऑन व्हील पहल ने गांव के सामुदायिक और प्राइवेट टॉयलेट में स्वच्छता की तस्वीर बदल दी है। कुछ माह पहले शुरू की गई इस पहल से युवाओं को रोजगार से भी जोड़ दिया है। अब तक सौ से अधिक युवा स्वच्छता मित्र के इस प्रोजेक्ट में जुड़े हैं, जो आधुनिक मशीनों से ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक शौचालय और प्राइवेट शौचालयों की सफाई कर रहे हैं। इन स्वच्छता मित्रों को इस सफाई के लिए तय राशि देना पड़ती है। इस पहल के तहत रवि श्रावण, विशेष निहोरिया, बृजेश खरे और ग्राम बागरोदा के विजय जैसे युवाओं को स्वच्छता साथी के रूप में चयनित किया गया। यह स्वच्छता साथी ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर टॉयलेट की सफाई, स्वच्छता संबंधी सेवाएं और जागरूकता का काम कर रहे हैं। स्वच्छता साथी रवि श्रावण ने बताया कि इस काम में स्वच्छता में भागीदारी के साथ रोजाना एक हजार से पंद्रह सौ रुपए तक की आमदनी भी हो जाती है।



स्वच्छता मित्र।

### सौ युवाओं की स्पेशल ट्रेनिंग

जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बताया कि इस पहल के तहत अब तक 110 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया है, जिनमें से 87 को स्पेशल ट्रेनिंग दी गई है। वर्तमान में वॉश ऑन व्हील पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है।

### हमीदिया अस्पताल में बने शेड का निरीक्षण करने पहुंची महापौर, फेंसिंग कराने के दिए निर्देश

# भोजन वितरण के लिए बने शेड के दायरे का बनाएं प्रस्तावः महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को दिन में चार बार भोजन वितरण के लिए बने शेड का महापौर मालती राय ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शेड का दायरा बढाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दूर-दराज से मरीज आते हैं और उनके परिजनों को परेशानी न हो इसलिए शेड में अधिक जगह होना चाहिए ताकि वे आराम से भोजन कर सकें।

### फेंसिंग के लिए भी प्रस्ताव तैयार कराने को कहा



शेड का निरीक्षण करतीं महापौर मालती राय।

उन्होंने मेन रोड ओर से अन्न क्षेत्र की फेंसिंग कराने के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उन्हें अवगत कराया गया कि अन्न क्षेत्र में माता महालक्ष्मी अन्न क्षेत्र समिति एवं मानव सेवा कल्याण समिति सहित अन्य संस्थाओं द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए दिन में चार बार भोजन वितरण की व्यवस्था नियमित रूप से कराई जाती है। निरीक्षण के दौरान मनीष श्रीवास्तव, अन्न क्षेत्र समिति के पदाधिकारी, अधीक्षण यंत्री आरआर जरोलिया सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एनबीसीटी का किया जा रहा इस्तेमाल, नतीजे आ रहे सकारात्मक

# ब्रेन, हेड-नेक कैंसर के आधुनिक इलाज पर विशेषज्ञों ने साझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐसे कैंसर विशेष रूप से ब्रेन ट्यूमर एवं गले के कैंसर जो किसी अन्य रेडिएशन थेरेपी से ठीक नहीं हो सकते, उनके लिए अब न्यूट्रान बोरान कैप्चर थेरेपी (एनबीसीटी) का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके नतीजे भी बहुत अच्छे आए हैं। यह थेरेपी सिर्फ कैंसर ट्यूमर को खत्म करती है, सामान्य टिशु को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती। यह दोबारा कैंसर होने की आशंका को भी खत्म कर देती है। यही नहीं, यह थेरेपी सिर्फ एक बार में ही पूरी हो जाती है। इसके लिए बार-बार अस्पताल नहीं जाना होता।



विचार व्यक्त करते विशेषज्ञ।

### रेडिएशन देने के लिए फ्लैश रेडियोथेरेपी पर रिसर्च जारी

भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर मुंबई के वैज्ञानिक अधिकारी डा. अमित कुमार ने बताया कि कैंसर के इलाज के लिए एक और तकनीक फ्लैश रेडियोथैरेपी पर भी रिसर्च हो रहा है। इस तकनीक में अत्यंत कम समय मिली सेकेंड स्तर पर रेडिएशन डोज दी जाती है। अभी मरीजों को दिए जाने वाले गामा रेडिएशन थेरेपी में मरीज को कम से कम 15 मिनट का समय लगता है, इससे शरीर को साइड इफेक्ट का खतरा होता है।

वर्ष 2022 में की थी शिकायत

# धार्मिक कट्टरता के विवाद में पूर्व प्राचार्य सेवानिवृत्ति के बाद बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

एबीवीपी से जुड़े छात्र-छात्राओं ने शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय के प्रशासन और कुछ प्राध्यापकों के खिलाफ एक दिसंबर 2022 को शिकायत की थी।

उन्होंने बताया कि इस शिकायत में धार्मिक कट्टरता फैलाए जाने, पक्षपातपूर्ण कार्य किए जाने, सामाजिक समरसता व सौहार्द्र को भंग किए जाने और सरकारी नीतियों को लेकर विद्यार्थियों को गुमराह किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। आरोपों पर राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने प्राचार्य डॉ. इनामुर्रहमान को निलंबित कर दिया था। हालांकि, विभाग ने इस साल आठ दिसंबर को जारी आदेश में कहा कि साक्षियों के कथनों/पर्याप्त अभिलेखों के अभाव में ये आरोप साबित नहीं हो सके हैं, नतीजतन डॉ. के खिलाफ विभागीय जांच समाप्त करने और उनकी निलंबन अवधि को कर्तव्य अवधि माने जाने का प्रशासनिक निर्णय किया गया है।

एम्स की टीम ने की परिजनों से मुलाकात

# एम्सः नेत्र और देहदान के लिए परिवार को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के तहत गुरूवार को भोपाल निवासी 85 वर्षीय दिवंगत पूरन चंद का नेत्रदान एवं देहदान संपन्न हुआ। यह पुण्य कार्य उनके पुत्र सुनील कुमार जैन और पौत्र संभव जैन द्वारा करवाया गया। एम्स भोपाल की नेत्र बैंक एवं नेत्र रोग विभाग की टीम ने नेत्र और देहदान करने के लिए परिजनों से संवाद किया। इस अवसर पर एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर ने इस पुण्य कार्य के लिए दाता परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एम्स भोपाल भविष्य में भी इसी प्रकार समाज हित में नेत्रदान एवं देहदान जैसी मानवीय पहलों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। यह प्रेरणादायी पहल समाज के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी तथा अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान एवं देहदान के लिए प्रेरित करेगी।




एम्स की टीम एवं परिजन।

## जिंदगी लाइव

### पथरिया कॉलेज में स्थापित हो रही सप्रे की प्रतिमा

**भोपाल।** माधवराव सप्रे शासकीय स्नातक महाविद्यालय पथरिया, जिला दमोह के प्रांगण में महान संपादक, हिन्दी में अर्थशास्त्र की प्रामाणिक शब्दावली तैयार करने वाले और हिंदी नवजागरण के पुरोधा माधवराव सप्रे की आवक्ष प्रतिमा स्थापित हो रही है। इसका अनावरण क्षेत्रीय विधायक एवं मप्र मंत्रीमंडल के सदस्य लखन पटेल इसी सप्ताह करेंगे। सप्रे के यशस्वी कृतित्व को सम्मान प्रदान करने के लिए, महाविद्यालय का नामकरण माधवराव सप्रे शासकीय स्नातक महाविद्यालय पथरिया पहले ही किया जा चुका है।



### हिंदी भवन में वरिष्ठ विमर्श आज

**भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की नियमित श्रृंखला वरिष्ठ विमर्श का आयोजन आगामी 20 दिसंबर, शनिवार को शाम 4 बजे से हिंदी भवन में होने जा रहा है। इस बार 'क्या अब भी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को गलत बताना उचित होगा' विषय पर विचार-विनिमय होगा। श्रृंखला के संयोजक महेश सक्सेना ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह से अनौपचारिक होता है। इसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है।

### नूर उस सबा में 'डॉक्टर्स साड़ी मीट- 25' में 150 महिला डॉक्टर्स ने लाल हैंडलूम साड़ी में की शिरकत

# ग्रेस, ग्लैमर और नारित्व का उत्सव @डॉक्टर्स साड़ी मीट-25 का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में महिला चिकित्सकों की गरिमा, सौंदर्य और आत्मविश्वास को समर्पित 'डॉक्टर्स साड़ी मीट- 2025' का भव्य आयोजन नूर उस सबा पैलेस में शुक्रवार को किया गया। इस विशेष आयोजन में भोपाल की करीब 150 महिला डॉक्टर्स ने लाल हैंडलूम साड़ी में शिरकत कर भारतीय परंपरा और नारीत्व की खूबसूरत छवि प्रस्तुत की। इसकी थीम थी 'सेलिब्रेटिंग ग्रेस, ग्लैमर और स्पिरिट ऑफ वूमनहुड'। इसी थीम के अनुरूप पूरे आयोजन में सादगी, गरिमा और आत्मबल का संगम देखने को मिला। पारंपरिक परिधान में सजी महिला चिकित्सकों ने न केवल सांस्कृतिक विरासत को सम्मान दिया, बल्कि एक-दूसरे के साथ अनुभव साझा कर आपसी संवाद को भी मजबूत किया। इस गेट टुगेदर में जहां

डॉक्टर्स ने सौंदर्य की एक छवि प्रस्तुत की तो वहीं लाइट म्यूजिक पर कुछ ने अपने कदमों को थिरकाया और बेहतरीन परफार्मेंस भी दी।

### आत्म-अभिव्यक्ति और सम्मान को मंच देना उद्देश्य



कार्यक्रम की आयोजक डॉ. अनुपा वालिया ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला चिकित्सकों की पेशेवर पहचान के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना है। यह आयोजन महिला डॉक्टर्स के व्यस्त पेशेवर जीवन के बीच आत्म-अभिव्यक्ति, सौहार्द और सम्मान का मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान आपसी संवाद, सांस्कृतिक गतिविधियां और सौहार्दपूर्ण मेल-मिलाप ने माहौल को यादगार बना दिया।

### कई प्रेरणादायक फिल्मों में निभा चुके हैं बेहतरीन अभिनय

# अभिनय मेरे लिए सिर्फ कॅरियर नहीं, बल्कि जुनून यदि अभिनेता न होता तो दुकान चला रहा होता...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभिनय मेरे लिए सिर्फ एक करियर नहीं बल्कि एक जुनून रहा है, बचपन से ही मंच और कहानियों के प्रति आकर्षण था, जो धीरे-धीरे थिएटर और फिर प्रोफेशनल अभिनय तक पहुंचा। छोटा सा था तब एक नाटक किया और लगा कि अब यही करना है और 19 साल की उम्र में दिल्ली एनएसडी चला गया, बस मुझे लगता है कि यदि मैं अभिनय के क्षेत्र में मुकाम हासिल नहीं कर पाता तो एक दुकान चला रहा होता, क्योंकि इसके अलावा मैंने कुछ सोचा ही नहीं.. यह कहना है दिल्ली क्राइम 2, छोरी 2 शूरवीर जैसी फिल्मों में उम्दा किरदार निभा चुके एक्टर कुलदीप सरीन का। जो अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग के लिए भोपाल आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### खुद को बेहतर बनाने का करना चाहिए प्रयास

दिल्ली क्राइम 2, छोरी 2 से अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता कुलदीप सरीन से हरिभूमि की खास बातचीत



हरिभूमि चर्चा

आज के समय में एक अभिनेता के समक्ष चुनौती के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक अभिनेता को खुद को लगातार बेहतर बनाते रहना चाहिए क्योंकि आज बहुत कॉम्पिटीशन है और आपको इस दौर के साथ चलना पड़ेगा। मैं हमेशा से ही अच्छे कंटेंट का इंतजार करता हूं और फिर ओके करता हूं। उन्होंने कहा कि आज का दौर सोशल मीडिया का है, निर्देशक इन्फ्लूएंजर को लेकर फिल्में बना रहे हैं, जिनके ज्यादा फॉलोअर्स है, ऐसे में कॉम्पिटीशन मुश्किल हो जाता है।

### समाज की सच्चाई से जुड़ा किरदार मेरे दिल के करीब

कुलदीप ने कहा कि मेरा हर किरदार अपने साथ कुछ सिखाकर जाता है, लेकिन जो किरदार समाज की सच्चाई से जुड़ा होता है, वह दिल के ज्यादा करीब रहता है। लेकिन यदि मेरे दिल के करीब किरदार की बात की जाए तो दिल्ली क्राइम में रहा और स्पाइकर में रहा।

### ग्वालियर की गलियों को आज भी याद करता हूं

ग्वालियर के रहने वाले कुलदीप ने कहा कि मुझे ग्वालियर का मेला काफी आकर्षित करता है, और अभी तो वहां तानसेन समारोह चल रहा है, जिसे मैं वाकई में मिस कर रहा हूं। ग्वालियर के ही पीयूष मिश्रा की वजह से मैं फिल्मों में आ पाया, लेकिन इंडस्ट्री में आना और अपनी एक पहचान बनाना बेहद चुनौतीपूर्ण काम है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर की गलियों को बेहद मिस करता हूं।

### 'विशिष्ट सेवा सम्मान' से नवाजा गया

# रख्शां शमीम और मीता वाधवा को मिला विशिष्ट सेवा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निर्भया दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली दो प्रेरणादायी शख्सियतों रख्शां शमीम जाहिद और मीता वाधवा को 'विशिष्ट सेवा सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म, पुलिस कमिशनरेट, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा संगिनी के द्वारा किया गया। रख्शां शमीम जाहिद को महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ विरासत और संस्कृति के संरक्षण में उनके निरंतर प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया, जबकि मीता वाधवा को समाज सेवा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान मध्यप्रदेश शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला और एडीजीपी महिला सुरक्षा अनिल कुमार द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर सकारात्मक संदेश भी दिया गया।



रख्शां एवं मीता वाधवा

मॉडल स्कूल में गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन कल

## 50 साल बाद सहपाठियों से मिलेंगे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्थित मॉडल स्कूल के 1975 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन कार्यक्रम 21 दिसंबर को मॉडल स्कूल में रखा गया। इस अवसर पर स्कूल के पूर्व विद्यार्थी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी, पूर्व डीआरएम एसपी त्रिवेदी और कई हस्तियां इस सेलिब्रेशन में शामिल होने के लिए भोपाल पधार रहे हैं। कुछ विद्यार्थी विदेश और कुछ विद्यार्थी भारत के प्रांतों से उपस्थित हो रहे हैं। दो दिवसीय पूर्व छात्रों का मिलन समारोह का कार्यक्रम 20 दिसंबर को मयूरी गार्डन भदभदा में रखा गया है। 21 दिसंबर को सुबह 9.45 बजे मॉडल स्कूल में आयोजन रखा गया है। समिति के संयोजक अजय श्रीवास्तव नीलू, एसपी त्रिवेदी, शेखर दुबे, पकंज कुलश्रेष्ठ, आलोक चतुर्वेदी, प्रवीण वरगले ने बताया कि कार्यक्रम में सबको सम्मानित किया जाएगा। स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है।



सबसे कम उम्र के कलाकार

# कृष्णा तकी कला की रवींद्र भवन में होगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृष्णा त्रिपाठी, एक प्रतिभाशाली कलाकार, अपनी कला का जश्न मनाने के लिए तैयार हैं क्योंकि उनकी बनाई हुई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी रवींद्र भवन में आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शिनी का आयोजन क्रिएटिव माइंड आर्ट क्लास प्रगति पटेल द्वारा किया जा रहा है और इसकी सबसे ख़ास बात यह कि इस प्रदर्शनी में सबसे कम उम्र के कृष्णा जो कि महज 5 साल के हैं उनके द्वारा बनाई गयी पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री रामेश्वर शर्मा जी विधायक द्वारा किया जायगा। बचपन से ही पेंटिंग करने का शौक रखने वाले कृष्णा त्रिपाठी की कला में एक अनोखी गहराई और भावनात्मकता है, जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इस प्रदर्शनी में कृष्णा त्रिपाठी की विभिन्न पेंटिंग्स प्रदर्शित की जाएंगी, जो उनके कला के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।



# मंडीदीप नपा के पास नहीं है हेल्पलाइन नंबर, आगजनी होने पर लोग होते हैं परेशान, फायर ब्रिगेड बुलाने नेता और अधिकारियों को लगाते हैं फोन

समय पर फायर बिग्रेड नहीं पहुंचने से न केवल आग भयानक रूप ले लेती है, बल्कि बड़ा नुकसान भी हो जाता है

## मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में हुई आगजनी की घटना ने नपा की लापरवाही को ही उजागर किया है

अलग खबर

नितेश पटेल ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में आगजनी की घटनाएं आम हो चुकी हैं, लेकिन नगर पालिका के पास फायर ब्रिगेड के लिए कोई सीधी हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध नहीं है। 750 से अधिक कारखानों वाले इस शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में आग लगने पर पीड़ितों को व्यक्तिगत संपर्कों के सहारे फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ती है। कुछ माह पहले एक कारखाने में लगी आग के दौरान उद्योगपतियों को नेताओं को अधिकारियों के फोन करने पड़े, क्योंकि उनके पास नपा के फायर विभाग का कोई आधिकारिक नंबर नहीं था, इसके चलते फायर बिग्रेड पहुंचने में न केवल देर हुई, बल्कि आग ने भयाभय रूप ले लिया था। मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में हुई आगजनी की घटना ने नपा की लापरवाही को उजागर कर दिया। मंडीदीप नपा में फायर स्टेशन का कोई हेल्पलाइन न होने से उद्योगपति भी काफी नाराज है




उद्योगपति एनके सोनी बताते हैं कि ऐसी घटनाओं में तत्काल सहायता न मिलने से जान-माल का बड़ा नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि हमारे पास नपा का कोई फायर हेल्पलाइन नंबर नहीं है। हम व्यक्तिगत संबंधों से ही फायर ब्रिगेड बुलाते हैं। कई बार मंडीदीप उद्योगों में आग लगने पर नेताओं और अधिकारियों को फोन करने के बाद ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचती है। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मंडीदीप के सचिव नीरज जैन बताते हैं कि मंडीदीप इंडस्ट्रीज एरिया में 750 से अधिक कारखाने हैं, जहां रोजाना हजारों मजदूर काम करते हैं। आए दिन होने वाली आगजनी की घटनाओ को त्वरित नियंत्रित करने के लिए आवश्यक है कि उद्योगपतियों सहित आमजन के पास फायर हेल्पलाइन नम्बर हो, नपा अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस तरफ गंभीरता से मंथन करना चाहिए।

### आगजनी के आंकड़े

| वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2022-23 में | 57-60 |
| 2023-24 में | 63 -70 |
| 2024-25 में | 45 - 50 |

(आंकड़े 31 मार्च 2025 तक)

### नपा ने किसी भी आकस्मिक सेवा के लिए नहीं जारी की हेल्पलाइन

तीस वर्ष पुरानी नगर पालिका के पास आज भी किसी भी आकस्मिक सेवा के लिए कोई हेल्पलाइन नंबर नहीं है, जिससे आम जन को इसकी जानकारी हो और बड़े हादसे से बचा जा सके। ताकि सभी नगर निगम और नगर पालिका ऐसे आवश्यक नंबर रहते है, जिससे आम जन को सहूलियत हो।

### तीन साल में आगजनी के 165 मामले

मंडीदीप शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में खेतों में खड़ी फसलों में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है। नपा के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले तीन साल में क्षेत्र में आगजनी की करीब 165 से घटनाएं घट चुकी है। यानी हर सप्ताह आगजनी की एक घटना हो रही है, इसके बाबजूद नपा के पास फायर के लिए कोई हेल्पलाइन नम्बर नहीं है।

### लोग होते हैं परेशान

प्रदेश के बड़े उद्योग क्षेत्र में मंडीदीप शामिल हैं, लेकिन फायर जैसी सुविधाओं के लिए कोई स्थाई नम्बर नहीं है। इससे आगजनी की घटनाओं के दौरान लोगों को फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**विकाश मुंद्रा**
अध्यक्ष, इंडस्ट्री एसोसिएशन, मंडीदीप

### मैं जल्द ही हेल्पलाइन नंबर जारी करवाता हूं

आपने हमारे संज्ञान में लाया है, मैं जल्द ही फायर ब्रिगेड के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करवाता हुं।

**प्रशांत जैन,** सीएमओ मंडीदीप

## खबर संक्षेप

### संत निर्वाण दिवस कल सेवा संकल्प के साथ मनेगा



**संतनगर।** ब्रह्मलीन संत हिरदाराम जी का निर्वाण दिवस 21 दिसंबर रविवार को श्रद्धापूर्वक सेवा संकल्प के साथ कई आयोजनों के बीच मनाया जाएगा। इस अवसर पर नवयुवक सभा भवन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। देश-विदेश से हज़ारों श्रद्धालु मत्था टेकने संत धाम आएंगे। इस अवसर पर रविवार को गिदवानी डेंटल क्लिनिक पर निःशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमे डॉ. नरेंद्र गिदवानी एवं डॉ. दिया गिदवानी द्वारा सेवाए दी जाएंगी। कैंप सुबह 10 से शाम 7 बजे तक गिदवानी डेंटल क्लीनिक संत जी की कुटिया के सामने मैन रोड संत हिरदाराम नगर में आयोजित होगी।

### औबेदुल्लागंज गांजे की बना बड़ी मंडी

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज गांजे की बड़ी मंडी बन गई है। यहां पर प्रतिदिन 20 से 25 किलो गांजे की तस्करी होती है। अर्जुन नगर गांजे का सबसे बड़ा अड्डा है। पेट्रोल टैंक के बगल में, अर्जुन नगर के गलियों में महिलाएं गांजे का कारोबार करती हैं। बस स्टैंड प्रतीक्षालय के आसपास गांजा पीने वालों का ताता लगा रहता है। बस स्टैंड की एक अतिक्रमण वाली होटल में भी गांजा बिकता है। गांजा 100-200 रुपए की पुड़िया बनाकर बेची जा रही है। औबेदुल्लागंज से बमनई, करमई, दिवटिया, तामोट, खासरोद, भोजपुर, बरखेड़ा, नूरगंज आदि जगह गांजे की सप्लाई की जाती है।

### आधे शहर की आज बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**संतनगर।** विद्युत लाइनों में मेंटनेंस के कारण 20 दिसंबर शनिवार को कई क्षेत्रों में बिजली घंटों बंद रहेगी। बैरागढ़ सीटीओ फीडर पर विद्युत प्रदाय प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक के लिए बंद रहेगा। जिस कारण से सिविल अस्पताल बैरागढ़, नेहरू मार्केट, धोबी घाट, नवयुवक सभा, बाल मंदिर, किराना धर्मशाला, मोची मोहल्ला, स्टेशन रोड, कुमार मोहल्ला, परिवार होम्स, रेलवे स्टेशन रोड, आकाश गार्डन, माधव आश्रम, नायरा पेट्रोल पंप, नई बस्ती, भैसाखेड़ी एवं चिरायु अस्पताल के आसपास की एरिया का विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा। इसके अलावा हिरदाराम शॉपिंग कंपलेक्स एवं मल्टीलेवल पार्किंग के आसपास का एरिया का विद्युत प्रदाय प्रातः 11:30 से 2:30 बजे तक के लिए प्रभावित रहेगा। वहीं विभागीय कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए 11केवी हलालपुर फीडर एवं 11 केवी बैरागढ़ कला फीडर पर प्रात 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक के लिए विद्युत प्रदाय बंद रहेगा जिस कारण से हलालपुर बस स्टैंड, ओम नगर, क्रिश्चियन कब्रिस्तान, पशु चिकित्सालय, सावन नगर, सैनिक कॉलोनी, टी वार्ड, नुक्कड़ माता मंदिर वाली गली, किसनानी अस्पताल, क्राइस्ट मेमोरियल स्कूल सहित आदि क्षेत्र का विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा।

#### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3805 | | |
| दिन: | 180 | 97 | 223 |
| रात: | 479 | 07 | 179 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 346 | 31 | 489 |
| रात: | 277 | 62 | 129 |

## राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में 5 युवकों ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

# एक युवक ने चाकू से अपना गला रेता, दूसरे ने तालाब में लगाई छलांग, तीन ने फांसी लगाकर की खुदकुशी


### लंबे समय से मानसिक संतुलन था बिगड़ा, पूर्व में भी कर चुका है गला काटने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर में गुरुवार रात एक युवक ने सब्जी काटने वाले चाकू से अपना गला रेत लिया। गले की नस कटने से उसकी मौत हो गई। मां की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और वह पूर्व में भी एक बार गला काटकर आत्महत्या का प्रयास कर चुका है।

एसआई अकल सिंह ने बताया कि आयुष मेहता पिता स्वर्गीय सुबोध मेहता (45) नेहरू नगर में रहता था। लंबे समय से वह डिप्रेशन में था और उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। इसी कारण मां ने उसकी शादी नहीं कराई थी। उसकी देखरेख मां करती थी। मां अनुराधा मेहता ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब दस बजे घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से खुद का गला रेत लिया। जब उनकी नजर पड़ी तो वह खून से लतपथ पड़ा था। उनकी चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग घर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम एफएसएल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया गया।

#### करा रहे थे मनोचिकित्सक के पास इलाज


आयुष मेहता, मृतक

आयुष मेहता का दिमागी संतुलन बिगड़ चुका था। मां उसका इलाज भी करा रही थी, लेकिन वह कुछ समय ठीक रहता था। बाद में अजीब तरह की हरकतें करने लगता था। वह कई बार मां के साथ ही मारपीट कर देता था। मां का कहना है कि उस पर पूरी समय नजर रखनी पड़ती थी। वह पूर्व में भी एक बार गला काट चुका है।

### इंस्टाग्राम पर सुसाइड नोट अपलोड कर तालाब में कूदा फोटोग्राफर


हेमंत राय, मृतक

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित भद्भदा तालाब में गुरुवार रात एक फोटो ग्राफर ने छलांग लगा दी। उसकी स्कूटर भद्भदा तालाब के पास सड़क किनारे खड़ी हुई मिली। आत्महत्या करने से पहले उसने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली थी। पोस्ट में उसने लिखा था मैं हेमंत राय 30 अपनी मर्जी से अपनी खुशी से सुसाइड कर रहा हूं। मुझ पर किसी का दबाव नहीं है। पुलिस ने लाश निकाल कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार हेमंत राय पिता राधेश्याम राय (32) विशाल नगर, मेंडोरी, थाना रातीबड़ इलाके में रहता था और फोटोग्राफर था। गुरुवार रात करीब साढ़े 8 बजे हेमंत ने भद्भदा तालाब के पास अपनी स्कूटर खड़ी कर पानी में छलांग लगा दी। इंस्टाग्राम में पोस्ट देख उसके दोस्तों और रिश्तेदारों ने उसे कॉल किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद हो गया था। संदेह होने पर दोस्तों ने परिजन से संपर्क किया और सीधे भद्भदा तालाब पहुंचे, वहां हेमंत की स्कूटर सड़क पर खड़ी देखी। अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से देर रात हेमंत की लाश पानी से बरामद कर ली।

### मिनाल गेट नंबर दो हॉकर्स कॉर्नर में ऑफिस में युवक ने लगाई फांसी

#### आधा शटर खुला देखकर चौकीदार पहुंचा, तो लटके नजर आए पैर

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित मिनाल गेट नंबर दो के पास हॉकर्स कॉर्नर में गुप्ता इंटरप्राइजेस नाम से ऑफिस का संचालन करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश चौकीदार ने दुकान के अंदर फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने ऑनलाइन ऐविएयटर गेम में पैंतीस लाख रुपए हारने की बात लिखी है। पुलिस के अनुसार शिवान गुप्ता (32) अयोध्या नगर थाने के पीछे शारदा नगर में रहता था और ऑनलाइन होम डिलेवरी का काम करता था। शिवान ने मिनाल गेट नंबर दो के पास हॉकर्स कॉर्नर में किराए की दुकान में गुप्ता इंटरप्राइजेस नाम से ऑफिस खोल रहा था। ऑफिस में केवल चेयर, टैबिल और सोफा रखा हुआ है।

#### चौकीदार ने देखा शव

बुधवार रात शिवान गुप्ता ऑफिस से घर नहीं पहुंचा था। गुरुवार सुबह मिनाल का चौकीदार दुकानों के आसपास घूम रहा था। उसने देखा तो शिवान की दुकान का शटर थोड़ा उठा हुआ नजर आया। उसे लगा कि दुकान में कहीं चोरी तो नहीं हो गई है। पास पहुंचकर देखने पर उसे शटर के पीछे पैर लटके नजर आए। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शटर उठाकर देखा तो शिवान पंखे पर फंदे के सहारे लटका नजर आया। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने ऑनलाइन गैम ऐविएटर में 35 लाख रुपए हारने की बात लिखी है।

#### परिचितों से ले रखा था कर्ज


उसके बिजनेश पार्टनर ने पुलिस को बताया कि शिवान और उसका काम ठीक चल रहा था, लेकिन शिवान को ऑनलाइन गैम एविएटर की लत लग गई थी। एविएटर गैम में उसने शुरुआत में अच्छा पैसा कमाया। बाद में वह गैम में फंसता चला गया। उसने अपने परिचितों से बिजनेस के नाम पर करीब 35 लाख रुपए उधार ले लिए थे और यह रुपए ऑनलाइन गैम में लगा दिए थे। अनुमान है कि गैम में घाटा होने के कारण उसने यह कदम उठाया है।

### किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सोलह एकड़ बस्ती बागमुगलिया में चौदह साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार स्वार्थी पूर्विया पिता विक्की पूर्विया (14) कंजर मोहल्ला, सोलह एकड़ बस्ती, बागमुगलिया में रहती थी और कक्षा छठवीं में पढ़ती थी। शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे स्वार्थी ने अंदर कमरे में टीनशेड के नीचे लगी बल्ली में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही चाचा उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

#### ग्वालियर से आई भेलकर्मी की मां ने लगाई फांसी

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित भेल क्वार्टर में भेलकर्मी की मां चंदाबाई शर्मा (60) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश बहू ने गेट पर लगे एंगल पर दुपट्टे के सहारे लटका देखा था। पड़ोसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उन्हें टीबी की बीमारी थी। वह बीस दिन पहले ही बेटे के पास इलाज कराने के लिए ग्वालियर से भोपाल आई थी। अनुमान है कि टीबी की बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है।



### अनूप पाल को मिली कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष की कमान

**मंडीदीप।** कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर रायसेन जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल एवं जिले के प्रभारी शैलेंद्र पटेल की अनुशंसा पर भोजपुर विधानसभा के नेता राजकुमार पटेल एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मीणा के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी ने अनूप पाल को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की कमान सौंपी है। कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प दिलाया है। इस मौके पर कांग्रेस के सैकड़ों लोगों ने बधाइयां दी।

### सतलापुर पुलिस ने हत्या के छठवें आरोपी को भी किया गिरफ्तार, एक की तलाश

**मंडीदीप।** एक हफ्ते पहले हुए शुक्रवार बाजार में संजय उर्फ टिल्लू की हत्या का छठवां आरोपी को सतलापुर पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पहले से बंद पांच आरोपी का दोस्त है। पुलिस ने हत्या के 6 आरोपियों को जेल पहुंचा चुकी है, अभी एक और अरोपी फरार है। ज्ञात हो कि मृतक संजय तोमर उर्फ टिल्लू (35) निवासी वार्ड 16, राजस्थानी मोहल्ला, सतलापुर की 7 दोस्तों ने मिलकर हत्या कर दी थी।

पुलिस ने रामेश्वर लोधी, पिता बलवंत लोधी (28) निवासी सतलापुर, वर्तमान पता जाटखेड़ी, भोपाल, जय उर्फ मयूर श्रीवास्तव, पिता गुड्डु श्रीवास्तव (19) निवासी वार्ड 53, जाटखेडी थाना मिसरोद, सुनील ठाकुर उर्फ कल्लू, पिता भगवान सिंह ठाकुर (22) निवासी दुर्गा मंदिर के पास, गोलू उर्फ काला पिता रमेश अहिरवार (20) जाटखेड़ी निवासी भोपाल, चुन्नू उर्फ सोनू उर्फ गुलाब सिंह पिता धूप सिंह (22) जाटखेड़ी मिसरोद, एक आरोपी बालअपचारी है, जिसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

#### वेटलिफ्टिंग लीग में 128 किलोग्राम वजन उठाकर जीता पदक

### तनिषा ने कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया: राम बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

भाजपा संत नगर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी के नेतृत्व में संतनगर निवासी 14 वर्षीय तनिषा आसनानी ने कोटा (राजस्थान) में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन वेटलिफ्टिंग लीग 2025–26 में कुल 128 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त कर संत नगर, भोपाल व मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित करने पर अभिनंदन किया गया।

मीडिया प्रभारी हर्षित दुबे ने बताया कि इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पधारे जिला उपाध्यक्ष राम बंसल ने कहा कि निश्चित रूप से संत नगर के लिए गर्व का विषय है कि हमारी बिटिया पूरे मध्य प्रदेश में मान सम्मान बढ़ाया है। मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी ने कहा कि संत नगर की बिटिया ने प्रदेश का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर रमेश जनयानी, शेट्टी चंदनानी, कमल विधानी, सूरज यादव, गुड्डू मेहरा, उमेश नगर, जगदीश असवानी, दीप जुरानी, प्रकाश मीणा, विजय डोड़नी, हीरो हिंदू, शिव मिश्रा, विशाल साधवानी, कैलाश दादलानी, सुरेश गेहानी, सुरेश चांदवानी, सुनील दादलानी, प्रभुदास मूलचंदानी बबलू टेकचंदानी, राजू थवानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती मूलचंदानी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


तनिषा आसनानी का स्वागत करते अतिथि।

### सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर इंस्पेक्टर को मिली 4 दिन की रिमांड

**भोपाल।** जबलपुर में सीबीआई ने सेंट्रल जीएसटी में पदस्थ रहे इंस्पेक्टर सचिनकांत खरे को 6 किलोमीटर तक फिल्मी स्टाइल से पीछा करते हुए 4 लाख रुपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथों पकड़ा। पूछताछ के दौरान सचिन ने असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा और आफिस अधीक्षक मुकेश बर्मन का भी नाम लिया। सीबीआई ने विवेक वर्मा को सेंट्रल जीएसटी के आफिस से गिरफ्तार किया, जबकि अधीक्षक अभी फरार है।

बुधवार की रात को दोनों अधिकारियों को गिरफ्तार करने के बाद सीबीआई ने गुरुवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से 22 दिसंबर तक की पूछताछ के लिए रिमांड मिली है। जबलपुर निवासी विवेक त्रिपाठी होटल संचालक है। उनके शहर में कई होटल है। इन होटलों में होने वाले लेनदेन समेत अन्य कामों की जांच सीजीएसटी के अधीक्षक मुकेश बर्मन और इंस्पेक्टर सचिन खरे ने की। त्रिपाठी के सभी दस्तावेज और ट्रांजक्शन सही थे। इसके बावजूद उन पर एक करोड़ रुपए का टैक्स निकाल दिया। त्रिपाठी ने पहले टैक्स को लेकर आपत्ति की। इसके बाद अफसरों ने इस मामले को निपटाने की एवज में रिश्वत के तौर पर दस लाख रुपए की मांग की गई जिसकी पहली किस्त चार लाख की बुधवार को दी गई।

#### पटवा ने गिनाई प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियां

### प्रदेश की भाजपा सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का किया भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के एक मैरिज गार्डन में भोजपुर क्षेत्र का भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। इस में मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुशल नेतृत्व में आज भारत विश्व में सबसे आगे है और विश्व में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को गरीबी मुक्त देश बनाने के लिए गरीब कल्याण मिशन शुरू किया, जिसमें सशक्त होती महिलाएं एवं युवाओं को रोजगार के लिए अवसर दिए। वहीं मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के 2 साल में मध्य प्रदेश को नई बुलंदियों पर पहुंचाया, जिसमें मध्य प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने के लिए योजना लाए। उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन में आगे बढ़ रहे हैं।

पटवा ने कहा कि एसआईआर के तहत भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जेबी मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में भोजपुर विधानसभा के सभी छह मंडलों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बीते दो वर्षों में मध्यप्रदेश ने सुशासन, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, आधारभूत संरचना के सशक्त विकास तथा सर्वांगीण प्रगति के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। इस अवसर पर कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, तेज़ सिंह नागर, धर्मेंद्र चौरसिया, ओपी मीणा, रम्मू तोमर, राजेंद्र अग्रवाल, जिले के महामंत्री दीपेंद्र पाल, जिले की मंत्री प्रार्थना चौहान, सुशील शर्मा, शैलेंद्र गिरी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पवन श्रीवास्तव, जयंत डागा, पंकज कोठारी आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए।


भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित अतिथि, पटवा का स्वागत करते डॉ. नागर।

#### बिना बैंक की अनुमति के बेच दिया गिरवी रखा अनाज

### बैंक को लगाया करोड़ों रुपए का चूना: लाभांशी मल्टीट्रेड के डायरेक्टर व गारंटरों पर गिरी गाज

#### ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई, 5 लोगों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने करोड़ों रुपए के बैंक लोन घोटाले का पर्दाफाश किया है। मेसर्स लाभांशी मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टरों और गारंटरों ने मिलकर बैंक को करीब 22 करोड़ 88 लाख रुपए का चूना लगाया है। ईओडब्ल्यू इंदौर ने इस मामले में जालसाजी और गबन की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पूरा मामला दि कॉसमॉस को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड से जुड़ा है। जांच में पाया गया कि साल 2019 में कंपनी के डायरेक्टरों ने मशीनरी खरीदने के नाम पर 2.50 करोड़ का टर्म लोन और 2.50 करोड़ की कैश क्रेडिट लिमिट हासिल की थी, लेकिन लालच यहीं नहीं रुका। साल 2020 और 2022 के बीच इस लिमिट को बढ़ाकर 21.50 करोड़ रुपए करवा लिया गया। हैरानी की बात यह है कि आरोपियों ने बैंक के पास गिरवी रखे गए अनाज (जैसे चना और सोयाबीन) को बैंक को बिना बताए और बिना अनुमति के खुर्द-बुर्द कर दिया। यानी जो स्टॉक बैंक के पास बंधक था, उसे धोखाधड़ी से गायब कर दिया गया। फिलहाल बैंक का कुल बकाया 22 करोड़ रुपए है। सभी आरोपी धार जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। ईओडब्ल्यू इंदौर ने आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर मामला पंजीबद्ध किया है।

#### इन्हें बनाया गया आरोपी

*मेसर्स लाभांशी मल्टीट्रेड प्रा.लि. आयुष अग्रवाल (डायरेक्टर/गारंटर), अनूप सिंघल (डायरेक्टर/गारंटर), अंकुश सिंघल (गारंटर), राजेन्द्र कुमार सिंघल (गारंटर)*

श्रीद्वारिकाधीश मंदिर थाटीपुर में आयोजन

# सत्य के मार्गदर्शक की प्रेरणा देने वाला व्यक्ति सच्चा संत: गुरुजी

जो जान जाए कि शरीर छूटने पर क्या होता है, वही ज्ञानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

श्रीद्वारिकाधीश मंदिर थाटीपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर पंडित रामकृपाल त्रिपाठी गुरुजी ने सत्य के मार्गदर्शन की प्रेरणा देने वाले व्यक्ति को संत की संज्ञा दी, उन्होंने कहा आपका पड़ोसी, मित्र, भाई बंधु, रिश्तेदार जो सत्य की राह दिखावे वही संत है। ऐसे संत की संगति ही मानव जीवन को सार्थक कर देती है।

गुरुजी ने कहा के इतिहास, भूगोल, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, कंप्यूटर साइंस, मेडिकल साइंस के संपूर्ण अध्ययन से व्यक्ति ज्ञानी नहीं हो सकता, ज्ञानी वही होता है जिसे यह भली प्रकार से ज्ञात हो गया कि शरीर छूटने पर हमारे साथ क्या जाएगा? और यहां क्या रह जाएगा? इसके उत्तर में सभी पुराने का सार है कि सत्कर्म, भक्ति, नाम स्मरण, यज्ञ, दान, जप तप आदि से अर्जित किया हुआ पुण्य ही साथ रहेगा और भौतिक ऐश्वर्य सुख संपदा सबका छूटना अवश्यमेव है।





श्रीमद भागवत कथा का अंश।

### श्रीमद् भागवत कथा में ये लोग रहे उपस्थित

कथा के अवसर पर जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो राजकुमार आचार्य, उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अखिल श्रीवास्तव, आवा महाराज मठ के प्रमुख उपेंद्र शिरगांवकर, जीवाजी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रण प्रो डी एन गोस्वामी, करोली माता मंदिर के महंत दिलीप शर्मा, भाजपा नेता पूर्व विधायक मन्नालाल गोयल, पंडित अंबिकाप्रसाद पचौरी, आचार्य चंद्रशेखर शर्मा, डॉ विवेक भदौरिया, अशोक उपाध्याय, भाजपा नेता संजय शर्मा, पार्षद अनिल त्रिपाठी, संतोष राजोरिया सहित भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

प्रभु श्रीराम और मां सीता के जयकारों से गूंजा पंडाल

### श्रीराम कथा में सीता राम विवाह प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हुए

नेहरू नगर डी सेक्टर में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन चित्रकूट धाम से पधारे बाल ब्रह्मचारी सर्वेस्वरानंद सरस्वती महाराज ने श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग का वर्णन किया। श्रीराम-सीता स्वयंवर प्रसंग सुन कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए और भजनों पर झूम उठे। बधाई गीत व नृत्य गीत के दृश्यों के बीच सीता राम विवाह के मंचन ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता हैं।



भागवत कथा का दृश्य।

कथा के दौरान भगवान राम के विवाह के लिए राजा दशरथ, गुरुजनों और अयोध्यावासियों के साथ जनकपुरी प्रस्थान का वर्णन किया गया। जनकपुरी में महाराज जनक ने सभी का स्वागत किया। कथा में बताया गया कि चारों भाइयों और गुरुजनों सहित अयोध्यावासी बारात के साथ जनकपुरी पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### हज की किस्तें जमा करने एक हफ्ते की मोहलत

**भोपाल।** हज-2026 के लिए मक्का जाने वाले हज यात्रियों को पहली और दूसरी किस्त जमा करने की आखिरी तारीख 15 दिसंबर से बढ़कर 22 दिसंबर तक कर दी गई है, जिसके तहत मेहरम श्रेणी की महिलाएं भी हज किस्त की राशि जमा कर सकेंगी। मप्र हज कमेटी ऑफ इंडिया हज-2026 ने तीसरी वेटिंग लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें मेहरम श्रेणी के तहत हज आवेदक के लिए राशि जमा करने की अंतिम तिथि 15 से बढ़ाकर 22 दिसंबर कर दी गई है। ऐसे हज आवेदक जिन्होंने अभी तक दोनों किश्त की राशि 2 लाख 77 हजार 300 रुपए जमा नहीं की है, वह राशि जमा कर सकते हैं। हज आवेदन अधिक जानकारी के लिए हज हाउस में भी संपर्क कर सकेंगे।

### रीवा से इंदौर विमान सेवा का 22 से शुभारंभ

**भोपाल ।** रीवा से इंदौर के लिये एटीआर 72 विमान 22 दिसंबर को उड़ान भरेगा। इंडिगो एयरलाइंस की इस नियमित सेवा में वायुयान दोपहर बाद 1.15 बजे रीवा आएगा, इसके बाद 1.35 बजे इंदौर रवाना होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 22 दिसंबर को आयोजित होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया तथा सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने 40 से अधिक सदस्यीय दल के साथ इंदौर से रीवा आएंगे। शुक्ल स्वयं इस विमान से 70 से अधिक यात्रियों के साथ इंदौर रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रीवा से नई दिल्ली विमान सेवा के बेहतर परिणाम सामने आये हैं। इसको देखते हुए एलायंस एयर अब रविवार को भी नई दिल्ली से रीवा व रीवा से नई दिल्ली के लिये विमान का संचालन करने की कार्रवाई कर रहा है।

### अड़ीबाजी के दोषी को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** अड़ीबाजी कर लाठी से फरियादी पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी अभिषेक उर्फ अभि खरे पुत्र राजकुमार खरे (18) निवासी नई बस्ती कजली खेड़ा कोलार रोड भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश सुचिता श्रीवास्तव ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है।

संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के पत्र से हुआ खुलासा

# जीएमसी: प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के लिए सरकार से मांगा 5 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के 70 वर्ष दिसंबर में पूरे हो रहे हैं। वर्ष 1955 में जीएमसी की शुरूआत हुई थी। इस अवसर पर संस्थान के पुराने छात्र-छात्राओं द्वारा प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जीएमसी एलुमनी एसोसिएशन द्वारा 20 व 21 दिसंबर को दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम रखा गया है। लेकिन इस कार्यक्रम में तीन से पांच करोड़ रुपए सरकार द्वारा खर्च किए जा रहे हैं। इसका खुलासा संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सतपुड़ा भवन के एक पत्र से हुआ है। यह पत्र इसी महीने में जीएमसी डीन को भेजा गया है। जिसमें कहा गया है एलुमनी एसोसिएशन प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन कर रहा है। इसके लिए संस्थान में कुछ कार्य किए जाने हैं, इन कामों के लिए एलुमनी एसोसिएशन व डीन जीएमसी द्वारा संयुक्त रूप से तीन से पांच करोड़ रुपए का बजट सितंबर 2025 में मांगा गया था। शासन ने इस पत्र को प्राथमिकता में लेते हुए बजट स्वीकृत करने का निर्णय लिया। इसलिए शासन को उन कार्यों की सूची उपलब्ध कराई जाए जो इस बजट से कराए जाना हैं। संचालनालय द्वारा यह भी कहा गया है कि बिना देर किए डीन जीएमसी द्वारा कार्यों की सूची भेजी जाए, ताकि जल्द से जल्द बजट आवंटित किया जाए।

**खास बातें**

- एलुमनी एसोसिएशन ने कई काम अपने खाते में जोड़े
- जीएमसी डीन ने कहा, बजट से नहीं दिया एक भी रुपए



फाइल फोटो

**ऑडीटोरियम पर हुए एक करोड़ से ज्यादा खर्च**

प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन का मुख्य कार्यक्रम जीएमसी के ऑडीटोरियम में होने वाला है। इस सेलिब्रेशन के लिए ऑडीटोरियम को रिनोवेट किया गया है। यह काम बीते कई महीनों से चल रहा था। सूत्रों के अनुसार इस कार्य पर लगभग एक से सवा करोड़ रुपए का खर्च आया है।

**शासन के पत्र से भ्रम की स्थिति**

शासन का पत्र सामने आने के बाद एक भ्रम की स्थिति बन गई है। दरअसल एलुमनी एसोसिएशन ने जिन कार्यों के लिए लगभग पांच करोड़ रुपए की डिमांड भेजी है। उनमें कई कार्य ऐसे हैं, जो शासन अपने स्तर पर पहले से करा रहा है। जैसे ऑडीटोरियम का रिनोवेशन, बॉयज हॉस्टल की मरम्मत, रंगाई व पुताई। यह कार्य बीते कई दिनों से जारी हैं। अब इन्हीं कार्यों के लिए एलुमनी एसोसिएशन द्वारा फिर से डिमांड भेजने से एक भ्रम की स्थिति निर्मित हुई है।

### एसोसिएशन ने इन कामों को अपना बताया

प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के तारतम्य में 12 दिसंबर को एलुमनी एसोसिएशन द्वारा एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया था। यहां पर सदस्यों द्वारा बताया गया था कि हमने जीएमसी में बेडमिंटन कोर्ट, शुद्ध पेयजल के लिए आरओ मशीन और साफ सफाई के काम कराए हैं। इसके अलावा हमारे एक सदस्य डॉ. एनके जैन द्वारा हॉस्टलों की मरम्मत के लिए 20 लाख रुपए दिए गए हैं।

**बजट से ही कार्य**

बेडमिंटन कोर्ट को छोडकर जीएमसी परिसर में जो भी काम हुए हैं या हो रहे हैं, वह सब शासन द्वारा दिए गए बजट से हो रहें हैं। एलुमनी एसोसिएशन ने एक रुपया भी हमें नहीं दिया है।

डॉ. कविता एन सिंह, डीन जीएमसी

टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहा आयोजन

# दिव्यांग बच्चों ने भोपाल उत्सव मेला घूमा, गिफ्ट पाकर चेहरे खिल उठे





भोपाल उत्सव मेले का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहे भोपाल उत्सव मेले में शुक्रवार मेला समिति ने 60 आदिवासी, असहाय और अनाथ बच्चों को मेले का भ्रमण कराया।

कई बच्चों ने यहां झूलों का आनंद लिया और सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। साथ ही उन्हें पसंदीदा खिलौने भी दिलवाए। मेले में बच्चों के साथ बिताया गया समय उनके लिए यादगार रहा।

बच्चों की आंखों में खुशी और चेहरों पर मुस्कान देखी गई। समिति के पदाधिकारी श्याम मंगल और प्रदीप अग्रवाल गोल्डन ने बच्चों को मेले का भ्रमण कर सभी को मनपंसद नाश्ता कराकर उपहार प्रदान किए।

### अनाथ बच्चों को कभी अकेलापन महसूस नहीं होना चाहिए: जैनाविन

मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन बताया कि मेला समिति हर वर्ष राजधानी के दिव्यांग और असहाय बच्चों को मेले का भ्रमण कराती है, क्योंकि उसमें से अधिकांश बच्चे जो कभी मेला तक नहीं गए।

उसी को ध्यान में रखते हुए मेले का एक दिन इन असहाय बच्चों के नाम कर दिया जाता है। मेला समिति द्वारा उनका पूरा ध्यान रखा जाता है उनको मनोरंजन की साधन जैसे झूला वह अन्य कार्यक्रम में भाग दिलाया जाता है। जिससे उनके चेहरे पर खुशी देखते ही बनती है। समिति का मानना है कि अनाथ बच्चों को कभी अकेलापन महसूस नहीं होना चाहिए। समाज को उनके परिवार के रूप में साथ देना चाहिए।

### छह राउंड के बाद भी खाली रह गई 850 से ज्यादा सीटें

**भोपाल।** आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी मेडिकल कॉलेजों में नीट यूजी के छह राउंड की काउंसलिंग के बाद भी 850 से ज्यादा सीटें खाली रह गई हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि एएमए की मांग पर मप्र संचालनालय आयुष व राज्य सरकार ने आयुष प्रवेश संबंधित नियम 16.4(2) में संशोधन भी किय।

तीसरी बार शासन से अनुमति की तैयारी

# विनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण की कवायद

29 दिवसीय कर्मचारियों को डिग्री अनुसार काम, वेतन देने पर भी विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। निगम प्रशासन दो साल में तीसरी बार इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले मई 2023 और जनवरी 2024 में प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक शासन स्तर पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। कर्मचारियों का कहना है कि नियमितीकरण का अधिकार शासन के पास है, बावजूद इसके मामला लंबे समय से अटका हुआ है।

दरअसल वर्ष 2017 में निगम ने 1268 दैनिक वेतन भोगी 89 दिवसीय कर्मचारियों को विनियमित किया था। समय के साथ कुछ कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है या वे सेवानिवृत्त हो गए हैं। वर्तमान में लगभग 1100 कर्मचारी निगम के विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि इन्हें विनियमित तो कर दिया गया, लेकिन नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### केवल शासन पद सृजन कर सकता है नियमितीकरण

इसको लेकर कर्मचारी लंबे समय से न्यायालय की शरण में हैं। हाईकोर्ट भी कई मामलों में निगम को नियमितीकरण का लाभ देने के निर्देश दे चुका है। बावजूद इसके निगम प्रशासन का कहना है कि स्थानीय स्तर पर ऐसा कोई स्पष्ट नियम या आदेश नहीं है, जिसके आधार पर कर्मचारियों को परमानेंट किया जा सके। यह अधिकार केवल शासन के पास है, जो पद सृजन कर नियमितीकरण कर सकता है।

### डिग्री के अनुसार काम और वेतन देने पर चल रहा विचार

हाल ही में एमआइसी बैठक में यह मुद्दा उठने के बाद निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने इसे प्राथमिकता पर लिया है। अधिकारियों की एक टीम गठित कर देशभर के न्यायालयों और निकायों के फैसलों का अध्ययन किया जा रहा है वहीं राहत की खबर यह है कि 29 दिवसीय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को उनकी डिग्री के अनुसार काम और वेतन देने पर भी गंभीरता से विचार चल रहा है।

छिंदवाड़ा में बंदरों के उत्पात का मामला

# जुन्नारदेव समेत पूरे अंचल की बस्तियों में मचा आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और जुन्नारदेव समेत पूरे अंचल की बस्तियों में लाल मुंह के बंदर आकर उपद्रव मचा रहे हैं, लेकिन वन विभाग के कर्मचारी अब उसे पकड़ने से मना रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि लाल मुंह के बंदरों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 से हटा दिया गया है। वन विभाग अब बंदरों को पकड़ने का खर्च नहीं उठाएगा। इस संबंध में एक हजार से ज्यादा आवेदन भी प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों को दिए गए हैं। जुन्नारदेव के ग्राम विशाला की पहली पायरी में लाल मुंह के बंदर उत्पात मचा रहे हैं। रहवासियों ने हाल ही में कलेक्टर जनसुनवाई में आकर अपनी व्यथा सुनाई थी, जिसमें ये बंदर आकर ग्रामीणों की छत पर नुकसान पहुंचाते हैं। यही नहीं लोगों पर हमला भी कर रहे हैं। इसके अलावा खाद्य सामग्री भी लेकर भाग जाते हैं। परासिया में भी सघन बस्तियों में बंदर आकर उपद्रव करते हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में जगह-जगह बंदरों का प्रभाव देखने को मिलता है। इसी तरह अमरवाड़ा के आगे हर्रई के पास सड़क पर बंदर वाहनों का पीछा करते हैं। इसकी शिकायत आम तौर पर मिलती रही है। पश्चिम वनमण्डल में एक पत्र अगस्त-सितम्बर में आया था। अधिकारी बता रहे हैं कि अब बंदरों को पकड़ने का खर्च विभाग नहीं उठाएगा क्योंकि लाल मुंह वाले बंदरों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 से हटा दिया गया है।

मेले के बिजली पोल की गुमशुदा से मिलाने में रहेगी भूमिका

# प्रयागराज कुंभ की बेहतर बिजली व्यवस्थाओं का उज्जैन सिंहस्थ में किया जाएगा अनुसरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रयागराज मेला क्षेत्र में सेवाएं देने वाला मद्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखनऊ का तीन सदस्यीय दल मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर क्षेत्र के भ्रमण पर आया। दल ने इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर का विस्तार से भ्रमण किया। दल में प्रयागराज महाकुंभ में बिजली सेवाएं देने वाले वरिष्ठ अधिकारी मनोज गुप्ता, प्रवीण कुमार सिंह, अनूप कुमार सिन्हा शामिल रहे। इन्होंने प्रयागराज महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं संबंधी नॉलेज शेयरिंग की।

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को कार्यशाला के माध्यम से कुंभ में बिजली प्रबंधन सिखाया। दल ने शुक्रवार अपराह्न पोलोग्राउंड स्थित बिजली कंपनी मुख्यालय में दिए प्रस्तुतिकरण में बताया कि मेला क्षेत्र जो मुख्य रूप से मैदान या नदी के तट पर होता है, वहां लगे बिजली पोल बिछुड़े या खोए लोगों व्यक्तियों को मिलाने के लिए कार्य करते हैं, इसकी लोकेशन, नंबरिंग, क्यूआर कोड से सही लोकेशन का एकदम पता लगाया जा सकता है। प्रयागराज कुंभ में बीस हजार पोल पर स्पारल लाइटिंग लगाई गई थी, जिससे चारो ओर रोसन हुई, सूचना पट भी सभी दिशाओं से स्पष्ट दिखे। साथ ही गंगा नदी के पीपा पुल के पास, 25 किमी दूर तक की पार्किंग क्षेत्र की लाइटिंग, 20 किमी क्षेत्र में नदी के पास की लाइटिंग व अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्था जुटाने के तौर तरीके बताए गए।

### प्रयागराज से आए दल ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

प्रयागराज से आए दल ने सिंहस्थ 28 के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र कंपनी मुख्यालय के कार्मिकों के सवालों का जवाब भी दिया, जिससे प्रयागराज जैसी सुविधाओं को सिंहस्थ में भी अपनाया जा सके। प्रयागराज के दल का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, मुख्य अभियंता एसएल करवाड़िया, एससी वर्मा, अचल जैन, संजय मालवीय, पवन जैन, सीए ठकार आदि मौजूद रहे।

संचालनालय नगरीय प्रशासन ने की टीएल बैठक की कार्रवाई

# 109 लीगेसी वेस्ट साइट्स को व्यवस्थित करें प्रत्येक सप्ताह संचालनालय को भेजें रिपोर्ट

नगरीय निकायों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परिषद से संकल्प पारित करवाकर संचालनालय को भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास में आयोजित टीएल की बैठक में एजेंडे पर कार्रवाई का विवरण शुक्रवार को जारी किया गया। इस बैठक में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और सागर के निगम आयुक्त गैर-हाजिर रहे। 23 बिंदुओं पर हुए कार्रवाई के विवरण में प्रदेशभर में 109 लीगेसी वेस्ट साइट्स को व्यवस्थित करने और हर सप्ताह संचालनालय को रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। इसके अलावा नगरीय निकायों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परिषद से संकल्प पारित करवाकर संचालनालय को भेजने व भर्ती नियमों में संशोधन और मप्र नगर पालिक अधिनियम व मप्र नगर पालिका अधिनियम के एकीकरण के लिए भी सुझाव मांगे गए हैं।

बैठक में कार्रवाई की खास बात यह रही कि नगरीय क्षेत्रों में आवारा मवेशी व स्ट्रीट डॉग के नियंत्रण के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में चाही गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने नगरीय निकायों से कहा गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित नगरीय निकायों में स्ट्रीट डॉग और मवेशियों से संबंधित निगरानी समिति गठित और नोडल अधिकारी बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास के तहत किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने और टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की बात कही गई है।

### पीएम आवास योजना के प्रकरण जल्द निपटाएं

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेशभर में लंबित 3000 आवेदनों में नॉमिनी एवं अन्य जानकारी से संबंधित मामलों में कलेक्टर्स के साथ बैठक कर उनका निराकरण करने को कहा गया है। अमृत 2.0 योजना के तहत एसएनए स्पर्श पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने और जिन नगरीय निकायों में अर्बन क्वालिट मानिटर्स निरीक्षण करने नहीं पहुंचे हैं उनकी जानकारी जल्द देने को कहा गया है।

हर साल की तरह इस बार भी दिए जाएंगे अस्थाई लाइसेंस

एक करोड़ रुपए की बिकेगी अतिरिक्त शराब

# न्यू ईयर पर भोपाल में 150 नई जगहों पर छलकेंगे जाम चार करोड़ रुपए के करीब की शराब पी जाएंगे भोपाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार 31 दिसंबर पर नए साल का जश्न डेढ़ सौ जगहों पर मनाया जाएगा। यहां शराब के शौकीन जाम भी छलकाएंगे। जिसके लिए बाकायदा आबकारी विभाग से परमिशन भी ली जा रही है। अब तक नई जगहों पर शराब पिलाने के लिए सौ से अधिक जगहों पर लाइसेंस के लिए परमिशन ली गई है। शुक्रवार तक सौ से अधिक लाइसेंस (एफएल-5) के आवेदन आए हैं। अगले एक हफ्ते में करीब 150 से ज्यादा लाइसेंस जारी होने की उम्मीद है। शहर में 31 दिसंबर को 300 से अधिक जगहों पर शराब की पार्टियां होती है। इनमें पांच दर्जन से अधिक होटल, रेस्टारेंट बार, रिसोर्ट ढाबे और क्लब हैं, जिनके पास नियमित बार लाइसेंस है। बाकी लोग एक या दो दिन के लिए आबकारी विभाग से एफएल-5 लाइसेंस लेते हैं या फिर अवैध रूप से पार्टियों का आयोजन करते हैं।

नए साल में कई लोग निजी पार्टी के लिए भी लाइसेंस लेते हैं। पिछले साल आबकारी विभाग ने एफएल- 5 के 150 लाइसेंस जारी किए थे। इससे 30 लाख रुपए का राजस्व मिला था। इस बार शराब के शौकीन करीब सवा चार करोड़ रुपए की शराब गटक जाएंगे। जिले में रोजाना साढ़े तीन करोड़ रुपए की शराब की खपत है। पिछले सालों का रिकार्ड देखे, तो नए साल पर शराब की खपत में 20 प्रतिशत से ज्यादा की खपत होती है।



फाइल फोटो।

### 87 शराब दुकानों पर रहेगी भीड़

जिले की शराब की 87 लाइसेंस दुकान और पांच दर्जन से अधिक होटल, रेस्टोरेंट बार और पब है। इन शराब दुकानों पर रोजाना साढ़े तीन करोड़ रुपए की शराब की खपत होती है। इनमें होटल, रेस्टोरेंट बार और पब की खपत शामिल नहीं है। न्यू इयर में शराब की खपत 20 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ जाती हे। यानी इस बार 31 दिसंबर को एक करोड़ रुपए की ज्यादा शराब बिकेगी।



वाहनों की चैकिंग करती यातायात पुलिस।

### दस टीमें रखेंगी नजर

विभाग ने अनाधिकृत रूप से होने वाली शराब पार्टी और शराब की तस्करी करने वालों की निगरानी भी शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने रणनीति बनाई है। इसके लिए 10 टीमें बनाई हैं।

रामगोपाल भदौरिया, जिला आबकारी कंट्रोलर

# एशेज : हेड ने इंग्लैंड को फिर दिया 'हेडेक', शतक ठोककर ऑस्ट्रेलिया को दिलाई जबरदस्त बढ़त

एजेंसी ▶▶ एडिलेड

ट्रेविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है।

हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। इससे पहले उन्होंने रूट की एक स्पिन गेंद को ऑन-साइड में खेला और एक रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया।

## हेड का कैच टपकाना इंग्लैंड को पड़ा महंगा

तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। ब्रुक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली।



## नौवें विकेट के लिए स्टोक्स और आर्चर की रिकॉर्ड साझेदारी

बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गई। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाए जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले ब्रायडन कार्स की गेंद पर जेक वेदरल्ड (एक) का विकेट गंवाया।

## ग्रीन नही कर सके दूसरी पारी में प्रभावित

लंच के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 17 रन था। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 102 रन जोड़ते हुए मार्नस लाबुशेन (13) का विकेट गंवाया जबकि चाय के विश्राम के बाद उस्मान ख्वाजा (40) ने तीसरे विकेट के लिए हेड के साथ 86 रन की साझेदारी के साथ मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत बनाए रखी।पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे ग्रीन दूसरी पारी में प्रभावित नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हुए।

## खबर संक्षेप



### शुभंकर ने खेला दो ओवर कार्ड, 71वें स्थान पर पहुंचे

**पोर्ट लुईस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अफ्रएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के शुरुआती दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर है। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर का स्कोर 13वें होल तक एक अंडर था लेकिन उन्होंने इसके बाद डबल बोगी और और बोगी कर दिया। शुभंकर ने इस दौरान तीन बर्डी, तीन बोगी के अलावा 16वें होल में डबल बोगी कर दी। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस और स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन एक समान पांच-अंडर-पार 67 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर हैं।

### वीनिंक छोड़ेंगे न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ का पद



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्कॉट वीनिंक खेल की भविष्य की दिशा विशेष रूप से टी20 क्रिकेट की भूमिका को लेकर खिलाड़ियों और सदस्य संघों से मतभेदों के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। ढाई साल से इस पद पर रहे वीनिंक का कार्यकाल 30 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि वीनिंक देश में प्रस्तावित फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के खिलाफ है। इस प्रस्तावित लीग को न्यूजीलैंड के खिलाड़ी संघ और एनजेडसी के छह प्रमुख राज्य निकायों का समर्थन प्राप्त है। वीनिंक ने कहा, 'गहन विचार-विमर्श के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खेल की दीर्घकालिक दिशा और न्यूजीलैंड में टी20 क्रिकेट की भूमिका सहित एनजेडसी की भविष्य की प्राथमिकताओं पर मेरा दृष्टिकोण कई सदस्य संघों और एनजेडसीपीए से भिन्न है।' उन्होंने कहा,'इन मतभेदों को देखते हुए मेरा मानना है कि संगठन के सर्वोत्तम हित में यही होगा कि नया नेतृत्व एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए।'

### खुद को चुनौती देना जरूरीः चक्रवर्ती



**अहमदाबाद।** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि टी20 विश्व कप की तैयारी में उनका पूरा ध्यान अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मैचों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर केंद्रित है। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 32 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मैचों में लिए गए छह विकेट भी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के खिताब की रक्षा के लिए चक्रवर्ती काफी अहम खिलाड़ी है।

# हार्दिक-वरुण के सामने दक्षिण अफ्रीका का सरेंडर, टीम इंडिया ने जीती सीरीज

पंड्या बने प्लेयर ऑफ द मैच, चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द सीरीज

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत ने साउथ अफ्रीका को पांच मैचों की टी20 के पांचवें मैच में हराकर सीरीज 3-1 से अपने नाम की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 8 विकेट पर 201 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 173 और हार्दिक पंड्या ने 252 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

इसके बाद गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाया। उन्होंने सिर्फ 17 रन देकर 2 विकेट झटके। वरुण चक्रवर्ती ने 4 विकेट लिए, लेकिन वह महंगे रहे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद टीम इंडिया की ये 7वीं द्विपक्षीय सीरीज जीत इस फॉर्मेट में है, जिसे वह अपने नाम करने में कामयाब रहा।




## तिलक-पांडया ने लगाया अर्धशतक

भारत की बल्लेबाजी की बात करें को तिलक वर्मा ने 42 गेंद पर 73 और हार्दिक पंड्या ने 25 गेंद पर 63 रन बनाए। संजू सैमसन ने 22 गेंद पर 37 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद पर 34 रन बनाए। शिवम दुबे ने 3 गेंद पर 10 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 5 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका के लिए कॉर्बिन बॉश ने 2 विकेट लिए ओटनिल बार्टमैन और जॉर्ज लिंडे ने 1-1 विकेट लिए।

## डिकॉक ने खेली 65 रन की पारी

साउथ अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 65 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने 31 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने 31, डेविड मिलर ने 18, कॉर्बिन बॉश ने नाबाद 17, जॉर्ज लिंडे ने 16 और मार्को यानसेन ने 14 रन बनाए। लुंगी एनगिडी 7 रन बनाकर नाबाद रहे। एडेन मार्कराम 6 और डेनोवन फरेरा बगैर खाता खोले आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने 53 रन देकर 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह ने 17 रन देकर 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने 41 और अर्शदीप सिंह ने 47 रन देकर 1 विकेट लिए।

## सैमसन ने पूरे किए टी20 में 8 हजार रन

संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपनी 37 रनों की पारी के दम पर टी20 क्रिकेट में अपने 8 हजार रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया। इसी के साथ संजू अब 7वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जो टी20 क्रिकेट 8 हजार या उससे अधिक रन बनाने में कामयाब हुए हैं। संजू से पहले ये कारनामा रोहित शर्मा, विराट कोहली, शिखर धवन, सूर्यकुमार यादव, सुरेश रैना और केएल राहुल करने में कामयाब हुए थे। संजू सैमसन ने अब तक टी20 क्रिकेट में कुल 320 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 30.08 के औसत से 8033 रन बनाए हैं। संजू के बल्ले से इस दौरान 6 शतकीय और 51 अर्धशतकीय पारियां देखने को मिली हैं।

## हार्दिक ने जड़ा दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ आखिरी टी-20 मुकाबले में धमाकेदार अर्धशतकीय पारी (63) खेली। उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों का सामना करते हुए अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। ये टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की ओर से लगाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उनके बल्ले से 5 चौके और 5 छक्के निकले। उनका स्ट्राइक रेट 252 रहा। भारत के लिए इस प्रारुप में सबसे तेज अर्धशतक युवराज सिंह ने लगाया था। उन्होंने 2007 में इंग्लैंड टीम के खिलाफ डरबन के मैदान पर 12 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन बो लिंडे | 37 | 22 | 4 | 2 |
| अभिषेक शर्मा का डिकॉक बो बॉश | 34 | 21 | 6 | 1 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 73 | 42 | 10 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव का मिलर बो बॉश | 5 | 07 | 0 | 0 |
| हार्दिक का हेंडरिक्स बो बार्टमैन | 63 | 25 | 5 | 5 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 | 03 | 1 | 1 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 9 रन, योग : 20 ओवर में 231/5 रन
गेंदबाजी : एंगिडि 4-0-29-0, यानसेन 4-0-50-0, बार्टमैन 3-0-39-1, बॉश 3-0-44-2, फेरेरा 2-0-20-0, लिंडे 4-0-46-1

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का और बो बुमराह | 65 | 35 | 9 | 3 |
| हेंडरिक्स का दुबे बो वरुण | 13 | 12 | 1 | 0 |
| ब्रेविस का सुंदर बो पंड्या | 31 | 17 | 3 | 2 |
| मिलर का सैमसन बो अर्शदीप | 18 | 14 | 2 | 0 |
| मार्क्रम पगबाधा बो वरुण | 6 | 4 | 1 | 0 |
| फेरेरा बो वरुण | 0 | 1 | 0 | 0 |
| जॉर्ज लिंडे बो वरुण | 16 | 8 | 0 | 2 |
| यानसेन का सैमसन बो बुमराह | 14 | 5 | 0 | 2 |
| कोर्बिन बॉश नाबाद | 17 | 15 | 1 | 1 |
| लुंगी एंगिडि नाबाद | 7 | 9 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 14 रन, योग : 20 ओवर में 201/8 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-47-1, सुंदर 4-0-30-0, बुमराह 4-0-17-2, वरुण 4-0-53-4, पंड्या 3-0-41-1, अभिषेक 1-0-13-0

सीआईडीसीओ ओपन

# अहलावत ने जीता खिताब खेला 4 अंडर 67 का कार्ड



एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

वीर अहलावत ने सीआईडीसीओ ओपन गोल्फ के अंतिम दिन चार अंडर 67 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। गुरुग्राम के इस खिलाड़ी ने इससे पहले शुरूआती तीन दौर में 65-65-73 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। अहलावत का कुल स्कोर 14 अंडर 270 रहा।

तीन शॉट की इस जीत से अहलावत मौजूदा सत्र की पीजीटीआई रैंकिंग में 18वें से 11वें पायदान पर पहुंच गए। तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर रहे पुणे के रोहन धोले पाटिल (70-69-64-70) 11 अंडर 273 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यह पीजीटीआई स्पर्धा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुरुग्राम के मनु गंडास (68-68-70-68) और इटली के मिशेल ओर्टोलानी 67-66-72-69) 10-अंडर 274 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान तीसरी बार 'होल इन वन (एक शॉट में ही गेंद को होल में पहुंचाना) लगाने वाले चंडीगढ़ के रवि कुमार 71 का कार्ड खेल कुल चार अंडर 280 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया।

## विजय हजारे ट्रॉफी : अय्यर बने मप्र टीम के कप्तान

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने वेंकटेश अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी लीग स्टेज के लिए अपनी सीनियर पुरुष टीम का कप्तान बनाया है। यह टूर्नामेंट 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक अहमदाबाद में होगा। मध्यप्रदेश के लिए कप्तानी की यह भूमिका अय्यर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। टीम में अनुभवी खिलाड़ी यश दुबे और कुमार कार्तिकेय भी शामिल हैं। इसके अलावा शुभम शर्मा और हरप्रीत सिंह भी 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं, जबकि माधव तिवारी का चयन उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। पिछले सीजन रजत पाटीदार ने इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश की कप्तानी की थी।

## स्थानीय खेल समाचार

# भोपाल की 13 वर्षीय दीक्षा सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया प्रदेश का मान

69वीं नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में भोपाल की 13 वर्षीय कराते खिलाड़ी दीक्षा सिंह गुरुंग ने कराते स्पर्धा के अंडर-50 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर भोपाल एवं मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 से 19 दिसंबर तक आयोजित की गई, जिसमें देश के 29 राज्यों की टीमों ने भाग लिया।



कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच दीक्षा ने अपने कौशल, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया। प्रतियोगिता के दौरान दीक्षा ने सभी मुकाबलों में एकतरफा व प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रारंभिक राउंड में गुजरात को 4–0 से, दूसरे राउंड में असम को 6–0 से पराजित किया। सेमीफाइनल मुकाबले में बिहार को 9–1 के बड़े अंतर से हराया। फाइनल मुकाबले में विद्या भारती की खिलाड़ी के विरुद्ध 8–0 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दीक्षा वर्तमान में टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में पे एंड प्ले योजना के अंतर्गत कराते का नियमित अभ्यास कर रही हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे उनके प्रशिक्षक कोच रुद्र प्रताप सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कोच रुद्र प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में दीक्षा ने पिछले एक माह से प्रतिदिन सुबह एवं शाम लगभग तीन घंटे का कठोर अभ्यास किया, जिसके परिणामस्वरूप यह स्वर्णिम उपलब्धि संभव हो सकी।




## तीन दिनी एमएम जगदाले ट्रॉफी में रोमांचक हुआ मुकाबला


# भोपाल ने ग्वालियर पर हासिल की 107 रनों की बढ़त

धैर्य तिवारी 72 रन, भोपाल डिवीजन, देव कनोजीया 8 विकेट, भोपाल डिवीज़न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर -15 बॉयज इंटर डिविजनल एम एम जगदाले ट्रॉफी (तीन दिवसीय) मल्टी डे रीवा के ए म पी सी ए मैदान पर भोपाल डिवीज़न और ग्वालियर डिवीज़न के मध्य शुरू हुए मैच में भोपाल ने 50.1 ओवर में 167 रन बनाकर ऑल आउट हो गई,जिसमें धैर्य तिवारी ने 72, रूद्र तेनगुरिया ने 44,केविन जोसेफ ने 16 और प्रखर सिंह 13 रन बनाए। ग्वालियर के मंश सचदेवा ने 6, अमन सिंह चौहान ने 2 विकेट लिए। जवाब में ग्वालियर डिविजन ने 29.5 ओवर में 60 रन ही बना सकी। जिसमें पुनीत जाट ने 16 रन अमन सिंह चौहान ने 14 रन बनाए।






भोपाल डिवीजन से देव कनौजिया ने 8 और और रुद्र तेनगुरिया ने 2 विकेट लिए। इस तरह भोपाल ने 107 रनों की बढ़त हासिल की। भोपाल डिविजन नें दूसरी पारी खेलते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 6 ओवर में 1 विकेट पर 4 रन बना लिए हैं। कल मैच का दूसरा दिन है।

## अरेरा क्रिकेट अकादमी की उड़ान को हराया

स्व. जी एस पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट मैदान में अरेरा और उड़ान क्रिकेट अकादमी के मध्य खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन उड़ान क्रिकेट अकादमी ने 28 ओवर में 61 रन बनाए, जिसमें विकाश पटेल नें 31 रन बनाए। अरेरा से द्रोण श्रीवास्तव ने 5, केतन रेवाड़ीकर और अर्जुन शुक्ला ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह अरेरा क्रिकेट अकादमी ने 372 रनों की बढ़त हासिल की। अरेरा ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 19 ओवर में 2 विकेट पर 132 रन बना लिए थे,जिसमें अर्जुन शुक्ला ने 36 रन पीयूष सिंह ने नाबाद 50 रन और शिखर देशमुख ने नाबाद 25 रन बनाए।



Government of Assam

# HONOURING ASSAM'S PATHFINDER



*If Sardar (Vallabhbhai) Patel and Gopinath Bardoloi had not taken a strong stand at the time of Partition, then Assam's identity would not have been what it is today*

**Shri Narendra Modi**
Prime Minister



Unveiling the Statue of
**Bharat Ratna**

# Lokapriya Gopinath Bardoloi

at LGBI Airport, Borjhar, Guwahati

Chief Guest
**Shri Narendra Modi**
**Prime Minister**



DIPR/D/HBI/681/20-Dec-25

In august presence of

**Shri Lakshman Prasad Acharya**
Governor, Assam

**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam

**20 December 2025** | **2 PM**

Published by **Directorate of Information and Public Relations, Assam** | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930